सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-42 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 29 जुलाई 2025
33 मोहर्रम 1447 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# 22 अप्रैल से 17 जून तक मोदी-ट्रंप में कोई बात नहीं हुई

- लोकसभा में एस. जयशंकर की दो टूक
- पाकिस्तान के गुहार लगाए जाने के बाद ही अपनी कार्रवाई पर ब्रेक लगाया



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में साफ किया कि 22 अप्रैल से 17 जून के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई सीधी बातचीत नहीं हुई। जयशंकर ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान पर भारत के जवाबी हमलों के बाद भारत को ऐसे फोन कॉल आए, जिनसे संकेत मिलने लगे थे कि पाकिस्तान अब हार मान चुका है। हालांकि, भारत ने साफ किया कि ऐसा कोई भी अनुरोध पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) की ओर से औपचारिक रूप से आना चाहिए था। इसलिए हमने पाकिस्तान की ओर से गुहार लगाए जाने के बाद ही अपनी कार्रवाई पर ब्रेक लगाया।


विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में साफ किया कि 22 अप्रैल से 17 जून के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई सीधी बातचीत नहीं हुई। जयशंकर ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान पर भारत के जवाबी हमलों के बाद भारत को ऐसे फोन कॉल आए, जिनसे संकेत मिलने लगे थे कि पाकिस्तान अब हार मान चुका है। हालांकि, भारत ने साफ किया कि ऐसा कोई भी अनुरोध पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक की ओर से औपचारिक रूप से आना चाहिए था। इसलिए हमने पाकिस्तान की ओर से गुहार लगाए जाने के बाद ही अपनी कार्रवाई पर ब्रेक लगाया।

विदेश मंत्री ने यह भी कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट था कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की ओर से अनुमोदित पहले कदमों के बाद पहलगाम हमले पर भारत की प्रतिक्रिया यहीं नहीं रुकेगी। कूटनीतिक दृष्टिकोण से, विदेश नीति के दृष्टिकोण से, हमारा काम पहलगाम हमले की वैश्विक समझ को आकार देना था। हमने जो करने की कोशिश की, वह यह था कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद के लंबे समय से इस्तेमाल को उजागर किया जाए। हमने पाकिस्तान में आतंकवाद के इतिहास को उजागर किया और बताया कि कैसे इस हमले का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को निशाना बनाना और भारत के लोगों के बीच सांप्रदायिक कलह फैलाना था।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, हमारी कूटनीति का केंद्र बिंदु संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद था। हमारे लिए चुनौती यह थी कि इस विशेष समय में पाकिस्तान सुरक्षा परिषद का सदस्य है। सुरक्षा परिषद में हमारे दो लक्ष्य थे, पहला- सुरक्षा परिषद से जवाबदेही के लिए समर्थन पाना और दूसरा- इस हमले को अंजाम देने वालों को न्याय के कटघरे में लाना। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि यदि आप 25 अप्रैल के सुरक्षा परिषद के बयान को देखें तो सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने इस आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद अपने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। सबसे महत्वपूर्ण बात परिषद ने आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। जयशंकर ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत की कूटनीति का नतीजा यह हुआ कि संयुक्त राष्ट्र के 190 देशों में से केवल तीन ने ही ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। इस बात का भारी समर्थन था कि जिस देश पर हमला हुआ है, उसे अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हमने ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के लिए एक कूटनीति तैयार करने की कोशिश की।

## विपक्ष के हंगामे के बीच शाह ने लताड़ा, बोले- आप लोग 20 साल तक उस तरफ ही बैठे रहेंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान विदेश नीति को लेकर विपक्ष के सवालों का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। इस दौरान कुछ ऐसा हुआ कि गृह मंत्री अमित शाह भड़क गए। विदेश मंत्री के संबोधन के दौरान जब विपक्ष ने हंगामा किया तो अमित शाह खड़े हो गए।



उन्होंने विपक्ष को जमकर लताड़ा और यहां तक कह दिया कि ये लोग 20 साल तक उधर ही बैठे रहेंगे। लोकसभा में विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑपरेशन सिंदूर और विदेश नीति को लेकर जवाब दे रहे थे। जब विदेश मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से 17 जून के बीच कोई बात नहीं हुई। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के हंगामे के बीच गृह मंत्री अमित शाह खड़े हुए। उन्होंने कहा कि मेरी एक बात पर आपत्ति है कि भारत देश का शपथ लिए विदेश मंत्री यहां बयान दे रहे हैं, विपक्ष को उन पर भरोसा नहीं है। उनको किसी और देश (पाकिस्तान) पर भरोसा है। मैं समझ सकता हूं कि उनकी पार्टी में विदेश का महत्व क्या है? इसका मतलब यह तो नहीं है कि पार्टी की सारी चीजें यहां सदन में आकर थोपें। भारत के विदेश मंत्री पर भरोसा नहीं करोगे। वोट लिया हुआ व्यक्ति यहां पर बोल रहा है। इसलिए आप विपक्ष में बैठे हैं और 20 साल तक वहीं बैठने वाले हैं।

## कांग्रेस पर भड़के अनुराग ठाकुर बोले, अब भारत डोजियर नहीं, डोज देगा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हो रही है। चर्चा में सरकार की ओर से हिस्सा लेते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर जबरदस्त हमला बोला है।

अनुराग ठाकुर ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, अब तक जितने भी विपक्षी सांसदों ने यहां बात की है, उनमें से एक भी सांसद ने खड़े होकर यह नहीं कहा कि इस आतंकी हमले में लोगों से उनका धर्म पूछा गया, कलमा पढ़ने को कहा गया, उनकी पैंट उतारी गई और फिर उन्हें मार दिया गया। मुझे बताइए कि विपक्षी सांसदों को ऐसा कहने में क्या दर्द था? जब रक्षा मंत्री भारतीय सेना की उपलब्धियों पर चर्चा कर रहे थे, तब कोई तालियां नहीं बज रही थीं, कोई मेज नहीं थपथपा रहा था। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद मोदी जी के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासी एकजुट रहे। इन आतंकियों ने हमारी सरकार, हमारी सेना को चुनौती देने का काम किया।

# पहलगाम में हुए हमले का मास्टरमाइंड ढेर

- पाकिस्तान का पूर्व पैरा कमांडो था आतंकी मूसा
- अभियान को राष्ट्रीय राइफल के जवानों ने अंजाम दिया



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। श्रीनगर के हारवन के जंगल क्षेत्र में सैन्य अभियान के दौरान जवानों ने तीन आतंकवादियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मारे गए आतंकियों के पास एम4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल और दो एके सीरीज की राइफल मिली हैं। सुरक्षाबलों ने इस अभियान में पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान शाह और उसके दो साथियों- जिबरान और हमजा अफगानी को मार गिराया है। अधिकारियों के मुताबिक, अभियान को 24 राष्ट्रीय राइफल (आरआर) और 4 पैरा यूनिट के जवानों ने अंजाम दिया।

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने मासूम पर्यटकों पर हमला कर दिया था और 26 लोगों को मार गिराया था। इस घटना के बाद पीड़ितों की तरफ से आतंकियों के बारे में जो जानकारी दी गई थी, उस आधार पर उनके स्केच जारी किए गए थे। जांच एजेंसियों ने इसके आधार पर कहा था कि हमले में तीन आतंकी शामिल थे। इनमें से एक आतंकी के पाकिस्तान के हाशिम मूसा होने का दावा किया गया था।

सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से आतंकी की पहचान जारी किए जाने के बाद हाशिम मूसा की पहचान को लेकर भी कई खुलासे हुए। एक रिपोर्ट में बताया गया कि हाशिम मूसा पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ काम कर रहा था। उसको लश्कर के आकाओं ने गैर-कश्मीरी लोगों और सुरक्षा बलों पर हमले करने के लिए एक खास मिशन पर कश्मीर भेजा था। तब यह आशंका जताई गई थी कि पाकिस्तान के विशेष सेवा बलों (एसएसजी) की तरफ से ही लश्कर को आतंकी हमले के लिए मूसा का नाम सुझाया गया और वह भारत पर हमले का मास्टरमाइंड रहा।

गौरतलब है कि एसएसजी के पैरा-कमांडो होने की वजह से मूसा अपरंपरागत युद्ध में उच्च प्रशिक्षित बताया गया था। ऐसे कमांडो गुप्त अभियानों में विशेषज्ञ होते हैं। ये कमांडोज हर तरह के मौसम में ऑपरेशन करने के साथ ही मानसिक और शारीरिक लेवल पर काफी फिट होते है। एसएसजी कमांडो अत्याधुनिक हथियारों के साथ-साथ हाथ से मुकाबला करने में भी माहिर होते हैं। उनके पास नेविगेशन और विषम परिस्थितियों जीवित रहने के उच्च कौशल क्षमता होती है।

# सीएम योगी के नेतृत्व में हरियाली की ओर बढ़ा प्रदेश

- जनआंदोलन बना पौधरोपण अभियान



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान ने अभूतपूर्व गति पकड़ ली है। महज एक योजना से शुरू हुई यह पहल अब एक हरित महायज्ञ में बदल चुकी है, जिसमें आमजन से लेकर संत समाज, सुरक्षाबल, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी और संस्थाएं तक जुट गई हैं। पर्यावरण संरक्षण का यह संकल्प अब जनभागीदारी का प्रतीक बन गया है।

वॉटर वुमेन के नाम से प्रसिद्ध शिप्रा पाठक ने 11 नदियों के किनारे 51 लाख पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अद्भुत कार्य किया है। बदायूं निवासी प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर शिप्रा पाठक ने बताया कि पंचतत्व संस्था की स्थापना कर एक करोड़ पौधरोपण का संकल्प लिया गया है। पर्यावरण प्रभारी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में कार्यरत मुकेश बाबू सिंह चौहान अपनी माता अनारा देवी शहीद संस्थान के माध्यम से पौधरोपण अभियान चला रहे हैं। वे लखनऊ में 'खाकी वाले ट्री मैन' के रूप में जाने जाते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा लेकर वे अब तक लगभग 4.70 लाख पौधे लगा चुके हैं। महाराष्ट्र की सुजाता सिंह भी यूपी आकर इस अभियान में योगदान दे रही हैं। महापुरुषों की जयंती, जन्मदिवस और त्योहारों पर पौधारोपण कर इस पहल को जनांदोलन का रूप दिया जा रहा है। मुकेश बाबू ने बताया कि सीआईएसएफ, इसरो, पीएसी, सीबीसीआईडी, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, स्कूल-कॉलेज के कैंपस में पौधे रोपे जा रहे हैं। आमजन इस अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, इटावा सहित अनेक जिलों में निःशुल्क पौधे वितरित कर रोपे जा रहे हैं। मलिहाबाद में तैयार की गई विशेष नर्सरी के माध्यम से बच्चों को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। स्कूली बच्चों के साथ मिलकर उनके हाथों से पौधे लगवाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें बचपन से ही पर्यावरण की जिम्मेदारी का बोध कराया जा सके।

प्रयागराज में बड़े हनुमान मंदिर, संगम तट के महंत पूज्य बलवीर गिरी जी महाराज के नेतृत्व में सप्तर्षि वाटिका में तुलसी, बेल, दूर्वा, चिचिड़ा, शमी जैसे धार्मिक और औषधीय महत्व वाले पौधे लगाए जा रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित सबसे कम उम्र के गंगा सेवक मानस चिरविजय का कहना है कि यह कार्य सिर्फ अभियान नहीं, एक आध्यात्मिक यज्ञ है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में लोगों का उत्पीड़न न किया जाए

- ममता बनर्जी का अफसरों को निर्देश




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के चलते लोगों का उत्पीड़न न किया जाए। ममता बनर्जी ने भाजपा पर धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ ही गरीबों, पिछड़ा वर्ग को भी निशाना बना रही है। बंगाल के बीरभूम जिले के बोलपुर में एक प्रशासनिक बैठक के दौरान ममता बनर्जी ये बात कही।

ममता बनर्जी ने कथित प्रताड़ित बंगाली प्रवासियों की मदद के लिए एक योजना शुरू करने का भी एलान किया। इस योजना के तहत दूसरे राज्यों से उत्पीड़न झेलने के बाद वापस बंगाल लौटे बंगालियों की मदद की जाएगी। योजना में ऐसे लोगों को सुरक्षित वापस लौटने, राशन देने और नौकरी देने में भी मदद की जाएगी। साथ ही उन्हें अस्थायी शेल्टर भी मुहैया कराया जाएगा। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि कई राज्यों में जानबूझकर और राजनीतिक कारणों से बंगाली भाषी लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

## चार साल में हुईं 53 लाख घटनाएं

**साइबर क्राइम**

- रोजाना 3661 मामले 2021 में 4.50 लाख तो 2024 में 22.50 लाख केस



**नई दिल्ली।** देश में साइबर क्राइम की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साल 2021 में साइबर क्राइम के 452429 लाख मामले सामने आए थे। इससे अगले वर्ष 2022 में इन केसों में बड़ा उछाल देखने को मिला। उस साल साइबर अपराध की 1029026 घटनाएं हुईं।

साल 2023 में इन घटनाओं में अच्छी खासी बढ़ोतरी हो गई। साइबर क्राइम के 1596493 मामले दर्ज हुए। 2024 में ये घटनाएं 22 लाख के पार हो गईं। यानी पिछले साल 2268346 केस देखने को मिले। अगर चार साल यानी 1460 दिनों का लेखा जोखा देखें तो 2021 से 2024 तक साइबर क्राइम के 5346294 मामले देखने को मिले हैं। रोजाना साइबर क्राइम की लगभग 3661 घटनाएं होती रही हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश में सभी प्रकार के साइबर अपराधों से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए एक संलग्न कार्यालय के रूप में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना की है, ताकि जनता सभी प्रकार के साइबर अपराधों से संबंधित घटनाओं की रिपोर्ट कर सके, जिसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली को धोखाधड़ी की तत्काल रिपोर्टिंग और धोखेबाजों द्वारा धन की हेराफेरी को रोकने के लिए 2021 में लॉन्च किया गया था। इससे अब तक 17.82 लाख से अधिक शिकायतों में 5,489 करोड़ की बचत हुई है।

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर 1 अगस्त से लगेगा टोल टैक्स

**लखनऊ।** यूपी के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर एक अगस्त से टोल टैक्स की वसूली शुरू हो जाएगी। इसके लिए दरों की सूची जारी कर दी गई है। एक्सप्रेस वे पर दोपहिया वाहनों पर भी प्रति फेरा 140 रुपये की दर से टैक्स लिया जाएगा।

वहीं, किसी व्यक्ति के अनुरोध पर उसी दिन वापसी करने पर वाहन के लिए टोल शुल्क 160 प्रतिशत ही देना होगा। साथ ही एक महीने में 20 या उससे अधिक एकल यात्रा करने वाले वाहनों को 80 प्रतिशत फीस ही देना होगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर टू व्हीलर/थ्री व्हीलर/लीगली रजिस्टर्ड ट्रैक्टर्स पर प्रति फेरा 140 रुपये की वसूली होगी। वहीं, कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन पर प्रति फेरा 285 रुपये चार्ज किया जाएगा।

## और समय होता तो सेना पीओके पर कब्जा कर लेती : अखिलेश यादव

- सैनिकों के पराक्रम के लिए उन्हें बधाई दी



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैनिकों के पराक्रम के लिए सोमवार को उन्हें बधाई दी और कहा कि अगर उनके पास और समय होता तो वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भी कब्जा कर लेते। संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकार वोट बटोरने के लिए पाकिस्तान के बारे में बात करती है, लेकिन असली खतरा चीन है।

अखिलेश यादव ने कहा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पराक्रम प्रदर्शित करने और परिस्थितियों से निपटने के लिए हम सेना को बधाई देते हैं। अगर उन्हें और समय मिलता, तो शायद वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर भी नियंत्रण कर लेते। सपा प्रमुख ने सवाल किया कि पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी कहां गायब हो गए? चीन को पाकिस्तान से भी बड़ा खतरा बताते हुए उन्होंने केंद्र सरकार से चीन से आयातित वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए नीति बनाने का आग्रह किया।

**सवाल** सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी मंदिर की प्रबंधन समिति से पूछा

# सरकार ने कितने मंदिरों को कानून के जरिए अपने हाथों में लिया

- याचिकाकर्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट के बजाय सीधे शीर्ष अदालत क्यों गए



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बांके बिहारी मंदिर की प्रबंधन समिति से यह पता लगाने को कहा कि देश में कितने मंदिरों का प्रशासन सरकारों ने कानूनों के माध्यम से अपने नियंत्रण में लिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर का प्रबंधन अपने हाथों में लेने के लिए जारी अध्यादेश की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह सवाल पूछा।

पीठ ने मंदिर समिति की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से शीर्ष अदालत ने पूछा, कितने सैकड़ों मंदिरों को राज्य सरकारों ने अपने अधीन ले लिया है? जो भी दान प्राप्त हो रहा है... बेहतर होगा कि आप वहां जाएं और इसका पता लगाएं।

पीठ उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश 2025 की संवैधानिकता के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मथुरा स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर की प्रबंधन समिति की अधिवक्ता तन्वी दुबे के माध्यम से दायर याचिका में उस अध्यादेश को चुनौती दी गई है। जिसमें मंदिर के प्रशासन का नियंत्रण राज्य को सौंप दिया गया है। सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने सवाल किया कि याचिकाकर्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट के बजाय सीधे शीर्ष अदालत क्यों गए? इस पर कपिल सिब्बल ने विवाद की पृष्ठभूमि बताई और कहा कि राज्य सरकार एक निजी धार्मिक संस्थान का प्रबंधन अपने हाथ में लेने का प्रयास कर रही है। शीर्ष अदालत ने हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार को एक कॉरिडोर परियोजना के पुनर्विकास के लिए मंदिर निधि के 300 करोड़ रुपये का उपयोग करने की अनुमति दी थी। जिस निर्णय को वर्तमान में चुनौती दी जा रही है।

उन्होंने पीठ को बताया गया कि शीर्ष अदालत ने यह फैसला मंदिर प्रबंधन को सुने बिना ही पारित कर दिया। इलाके का विकास बहुत जरूरी है इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल से कहा कि इलाके का विकास बहुत जरूरी है क्योंकि वहां लाखों तीर्थयात्री जाते हैं। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ से कहा कि पहले से ही एक प्रशासक नियुक्त है। इस पर जस्टिस कांत ने कहा कि यह एक अस्थाई व्यवस्था है। बांके बिहारी निजी मंदिर है कृपया देशभर में पता लगाएं कि कितने मंदिर प्रबंधन कानून के माध्यम से सरकारों ने अपने अधीन कर लिए हैं और एक बोर्ड को सौंपे गए हैं।

सिब्बल ने पीठ को बताया कि अब तक जिन मंदिरों का अधिग्रहण किया गया है। वे सभी सार्वजनिक मंदिर थे। जबकि बांके बिहारी मंदिर एक निजी मंदिर है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि चूंकि इस मामले से जुड़ी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट की दो अलग-अलग पीठों के समक्ष लंबित हैं, इसलिए इस पर अगली सुनवाई दो से तीन दिन बाद की जा सकती है। पीठ ने कहा कि इसके लिए मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई के आदेश की जरूरत होगी। इस पर सिब्बल ने कहा कि वह उचित सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश के समक्ष इस मामले का उल्लेख करेंगे।

## 183 फ्लाइट्स में आईं तकनीकी खराबियां

- संसद में सरकार ने दिया पूरा डाटा



**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में एयरलाइनों में तकनीकी समस्याओं की बात लगातार सामने आ रही है। इस साल अब तक भारतीय एयरलाइनों में 183 तकनीकी खराबियों की सूचना मिली है।

सरकार ने सोमवार को बताया कि पिछले साल यानी 2024 में तकनीकी गड़बड़ियों में करीब 6 प्रतिशत की गिरावट देखी गई थी। यह जानकारी तब सामने आई है जब 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट के क्रैश में 260 लोगों की मौत हो गई थी।

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सुरक्षा से जुड़े अहम हिस्सों की जांच को और सख्त कर दिया है। बता दें, इस हादसे में एअर इंडिया का बोइंग 787-8 टेकऑफ के कुछ समय बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह फ्लाइट अहमदाबद से लंदन गेटविक के लिए रनावा हुई थी। 2025 में 23 जुलाई तक कुल 183 तकनीकी खराबियों की रिपोर्ट मिली है। जबकि, 2024 में यह संख्या 421 रही जो 2023 की 448 रिपोर्ट की तुलना में थोड़ी कम है। 2022 में 528 और 2021 में 514 तकनीकी खराबियां दर्ज की गई थीं। नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में गंभीर खराबियों और गड़बड़ियों पर 2094 जांचे की गई हैं। राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोले ने बताया कि 2024 में तकनीकी गड़बड़ियों में 2023 की तुलना में करीब 6 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। डीजीसीए के पास इस साल अब तक 3925 यात्री शिकायतें दर्ज हुई हैं, जबकि 2024 में यह संख्या 4016 रही। 2022 में 3782 और 2021 में 4113 शिकायतें दर्ज हुई थीं।

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, डीजीसीए के पास सुरक्षा के लिए एक मजबूत और नियमित रूप से अपडेट किया जाने वाला नियमों का ढांचा है। ये नियम अंतरराष्ट्रीय स्तर के डीजीसीए (अतंरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन) और ईएएसए (यूरोपीय विमानन सुरक्षा एजेंसी) के मानकों से मेल खाते हैं।

## भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का किया गया आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर में आज 28.07.2025 को भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में ÷भारत की विदेश नीति और अटल जी÷ विषय पर विभा त्रिवेदी, नैन्सी श्रीवास्तव, अमर सिंह, नावेद गौरी, साबान खान और अमरजीत कुशवाहा ने अपने विचार प्रकट किये। तत्पश्चात प्रो0 विशाल द्विवेदी, प्रो0 नीलम त्रिवेदी, प्रो0 मनोज मिश्रा, प्रो0 सत्यनाम एवं प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की विदेश नीति पर अपने विचार प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 सुभाष चन्द्रा ने किया।

# तीसरा सोमवार छोटी काशी गोला में सूरज की पहली किरण के साथ ही शिवभक्ति की गंगा बह निकली

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** सावन का पावन तीसरा सोमवार छोटी काशी गोला में सूरज की पहली किरण के साथ ही शिवभक्ति की गंगा बह निकली जयकारों की गूंज, कांवड़ियों की टोलियां, रंग-बिरंगी भगवा पताकाएं और भक्ति से सराबोर वातावरण ने पूरे नगर को शिवमय कर दिया लेकिन दृश्य तब अलौकिक बन गया जब जिले की कमान संभालने वाली डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल स्वयं कांवड़ियों के स्वागत में फूल लेकर खड़े दिखाई दी शिवम् तिराहा पर बनाए गए मंच से जैसे ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दोनों हाथों से फूलों की वर्षा की, पलकें नम हो गईं, चेहरों पर भक्ति मुस्काई और श्रद्धा ने मानो आकार ले लिया। नगर पालिका परिषद गोला विजय शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि मोंटू गिरी, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने भी उनके साथ मिलकर श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। शिवभक्तों ने तालियों की गूंज और बोल बम के नारों से स्वागत किया। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे शिवभक्ति की व्यवस्था जांचने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कांवड़ मार्ग पर पैदल चलकर रूट डायवर्जन, जल सेवा, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम और चिकित्सा और खोया पाया केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशासनिक मशीनरी 24×7 मोड में दिखी। डीएम ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा हमारा कर्तव्य है। गोला में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं और लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल पूरी तत्परता से जुटा है। हमारा प्रयास है कि श्रद्धालु शांतिपूर्वक और सुरक्षित यात्रा पूरी करें गोला दर्शन में बिछड़ा छात्र, खोया-पाया केंद्र पहुंचा तो डीएम ने थामा हाथ, बिठाया, खिलाया-पिलाया, परिजनों से मिलवाया*श्रावण मास में सोमवार को शिवधाम गोला दर्शन के लिए आए परिषदीय विद्यालय सैधरी के छात्र आलोक कुमार (पुत्र सुभाष) अपने बाबा से बिछड़ गया। भीड़ में अकेला हुआ मासूम रोते-रोते मंदिर परिसर में भटकने लगा।मौके पर मुस्तैद प्रशासनिक टीम ने उसे तुरंत खोया-पाया केंद्र पहुंचाया, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल स्वयं मौजूद थीं।

बच्चे को देख डीएम ने उसे अपने पास बुलाया, अपने पास बैठाकर चुप कराया और खाने-पीने की सामग्री दी। थोड़ी ही देर में प्रशासन की मदद से परिजनों को बुलाकर बच्चे को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। डीएम का यह मानवीय चेहरा देख वहां मौजूद लोग भावुक हो उठे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ सोमवार को गोला स्थित प्राचीन शिव मंदिर (छोटी काशी) में विधिविधान से पूजन-अर्चन कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के दौरान डीएम ने पूरे श्रद्धा भाव से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और पुष्प अर्पित किए।

## बीसवां मेले के अवसर पर जगह जगह रखे गए ताजिए

**लखीमपुर-खीरी।** हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले बीसवां मेले के अवसर पर जगह जगह ताजिए रखे गए और आकर्षक झाकियों व नुमाइश का प्रदर्शन किया गया। रात भर लोग इन झाकियों और नुमाइशों को देखते रहे। इस मौके पर शिया इमामबाड़ा परिसर में अकीदतमंदों ने दहकते शोलों पर मातम किया। जिसे देखने के लिए हजारों का जनसमूह उमड़ पड़ा छेदा मियां दरगाह शरीफ परिसर में नातिया मुशायरे का आयोजन हुआ। मुहर्रम के बीस दिन बाद रखे जाने वाले बीसवें के ताजिये यहां परंपरागत ढंग से शनिवार की रात में चौक पर रखे गए। ताजिया रखने की दूसरी रात यानी रविवार को यहां भव्य रोशनी की गई जिसे रोशनी की रात कहा जाता है। इस रात पूरे नगर को बिजली की आकर्षक झालरों और लाइटों से सजाया गया। इस मौके पर विभिन्न मुहल्लों में वहां की अंजुमनों ने झांकियों और नुमाइशों का प्रदर्शन किया। इन नुमाइशों में तरह तरह की सीनरी, प्राकृतिक दृश्य, पहाड़, मुजस्समे, हैरत अंगेज कारनामों का प्रदर्शन भी शामिल है। रोशनी की इस रात लोग,रातभर ताजियों,झांकियों, नुमाइशों को देखते रहे।दरगाह शरीफ में जहां चांदी का ताज़िया रखा गया। वहीं कुम्हार अकीदतमंदों ने मिट्टी का ताज़िया रखा।

### हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे शिवालय

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के प्राचीन शिवालय सुबह पांच बजे से ही हरहर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्त सुबह ही पूजन सामग्री, जल लेकर शिव मन्दिरों की ओर चल दिए। भोलेनाथ का गुणगान करते हुए मन्दिर पहुंचे भक्तों ने कतारों में लगकर जलाभिषेक किया और दर्शन पूजन किया। देर रात तक मन्दिर जयकारों से गूंजते रहे। शहर के प्राचीन भुइफोरवानाथ, जंगलीनाथ मन्दिर, दुखहरण नाथ मन्दिर, लिलौटी नाथ मन्दिर, देवकली मन्दिर व मेढक मन्दिर में सावन के तीसरे सोमवार को दर्शन पूजन के लिए भक्तों की कतारें लगी रहीं। सुबह पांच बजे से ही मन्दिर हरहर महादेव, ऊं नमः शिवाय से गूंजने लगेकतारों में लगकर लोगों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। मन्दिरों में रुद्राभिषेक का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इसके अलावा भजन कीर्तन गूंजते रहे। मन्दिरों के बाहर भक्तों ने स्टाल लगाकर प्रसाद बांटा। भंडारा भी देर शाम तक चलता रहा।

## पति को खाना देने जा रही एक महिला को बाइक ने मारी टक्कर, हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान क्षेत्र में अपने पति को खाना देने जा रही एक महिला को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। घायल महिला को परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है थाना फरधान क्षेत्र के गांव कोढ़ैया निवासी राम दुलारे की पत्नी पूनम देवी (47) रविवार की सुबह करीब नौ बजे अपने पति रामदुलारे को खेत पर खाना देने पैदल जा रही थी। बताते हैं कि गांव के बाहर प्राइमरी स्कूल के पास गांव का ही बाइक सवार ने पूनम को टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में पूनम देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल हालात में पूनम को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर डाक्टरों ने पूनम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## लाखों शिव भक्तों की भीड़ से प्रशासन के सभी इंतजाम रह गए धरे के धरे

**लखीमपुर-खीरी।** सावन के तीसरे सोमवार पर अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए। रात से ही लाखों शिव भक्तों की भीड़ से प्रशासन के सभी इंतजाम धरे रह गए। पुलिसकर्मी पसीना-पसीना होते रहे। भीड़ बढ़ने से बैरिकेडिंग कर कांवड़ियों को भी रोका, बाईक तक नहीं चलने दीं। शिव मंदिर पर भीड़ के कारण कुछ देर के लिए मंदिर के द्वारा तक बंद करने पड़े। हालांकि बाद में खोल दिए गए छोटी काशी के नाम से विख्यात नगर गोला गोकर्णनाथ में सावन के तीसरे सोमवार को शिवभक्तों की इतनी भीड़ आ गई कि धक्का-मुक्की की स्थिति हो गई। भीड़ देख पुलिसकर्मियों के पसीने छूट गए। किसी तरह लोगों को खींचकर निकाला। तीन श्रद्धालु चोटिल हुए हैं।

# पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने स्वयं संभाली सम्पूर्ण मेले की कमान



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** श्रावण मास के तृतीय सोमवार के अवसर गोला गोकर्णनाथ में कांवड़ीयों/श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दृष्टिगत, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा रविवार की सायंकाल से ही सम्पूर्ण मेले की कमान स्वयं संभाली गई द्य पुलिस अधीक्षक ने छोटी कशी गोला गोकर्णनाथ मे श्रवण मास के तीसरे सोमवार की सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस प्रबंध कर सायंकाल से ही स्वयं उपस्थित रहकर प्रातःकाल तक लगातार भ्रमण शील रहे इस दौरान लगातार श्रद्धालुओं/कांवरियों के आवागमन के मार्गो एवं मंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जाता रहा तथा ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की लगातार ब्रीफिंग कर आवश्यक निर्देश दिए जाते रहे द्य इसके साथ ही श्रद्धालुओं/कांवरियों से वार्ता कर उनका उत्साह बढ़ाया गया तथा सभी से धैर्य व संयम के साथ कतारबद्ध रूप से दर्शन, पूजन व जलाभिषेक करने की अपील की जाती रही,जिसके परिणाम स्वरूप लाखो की संख्या मे आये कावड़ीयों/श्रद्धालुओं को जलाभिषेक व दर्शन पूजन मे किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से एक बाइक सवार की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** कस्बे में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से एक बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। कोतवाली सदर के मोहल्ला कमलापुर निवासी साजन का 17 वर्षीय बेटा प्रियांशु बाइक से लिलौटी नाथ मंदिर गया था। वहां से पूजा अर्चना कर अपने घर लखीमपुर जा रहा था। बताते हैं कि महेवागंज कस्बे में भल्ला प्लाईवुड फैक्ट्री के पास वह अपनी बाइक खड़ी कर उसी पर बैठा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे प्रियांशु गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया।

## बीसी संचालक से हुई चार लाख रुपये की लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने नौ बदमाशों को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में चाकू मारकर बीसी संचालक से हुई चार लाख रुपये की लूट का खुलासा करते हुए पुलिस ने नौ बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बदमाश भागने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2.15 लाख रुपये नकद, आधार कार्ड डिवाइस आदि सामान बरामद किया है। घटना में प्रयुक्त बाइक और तमंचा भी बरामद कर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेज दिया मंगलवार को बीसी संचालक अमित कुमार पुत्र ओम प्रकाश अपने सेंटर पहडियापुर गांव जा रहा था। रास्ते में तुलसीरामपुरवा के पास आरोपियों से चाकू मारकर चार लाख से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर एएसपी पवन गौतम, सीओ शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ,निरीक्षक अपराध गंगा प्रसाद ने पुलिस की छह टीमें बनाई इसके अलावा स्वाट टीम प्रभारी अजय प्रकाश यादव भी अपनी सर्विलांस टीम के साथ जब लूट के आरोपियों की तलाश में जुटे तो परतें खुलने लगी सूत्रधार नें मोबाइल लोकेशन और उसके साथियों से बात के अलावा सीसीटीवी फुटेज,के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोनू पुत्र हबीब निवासी हैदरगंज लखनऊ, मोहम्मद मुस्तकीम निवासी बड़ागांव शारदा नगर, शमशुद्दीन पुत्र मकबूल निवासी मझरी करिंदा लहरपुर सीतापुर, दीपू कश्यप पुत्र अवध राम कफारा कुलदीप सिंह पुत्र रवीन्द्र सिंह, अमित सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी उर्रा थाना फूलबेहड़, नीरज पासी पुत्र दरबारी निवासी ईदईपुरवा शारदा नगर, अमित कुमार त्रिवेदी पुत्र श्रीधर त्रिवेदी निवासी कुटी डिहुआ, दीपक तिवारी पुत्र कृष्णकांत तिवारी निवासी संकल्पा थाना धौरहरा को गिरफ्तार किया जबकि राजू पुत्र जाहिद अली निवासी बड़ागांव थाना शारदा नगर फरार चल रहा है पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

# साप्ताहिक पशु बाजार का हुआ भव्य शुभारंभ

## अब हर सोमवार भी चक्कर रोड स्थित पेरिस गार्डन के निकट लगेगा पशु बाजार



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** बिजनौर में सोमवार 28 जुलाई को पशुपालकों और व्यापारियों को बड़ी राहत देने के लिए ठेकेदार हनीफ कुरेशी की जमीन पर सोमवार को साप्ताहिक पशु बाजार का भव्य शुभारंभ हुआ। पेरिस गार्डन के निकट चक्कर रोड पर आयोजित इस बाजार का उद्घाटन कारी हन्नान, मौलाना डॉ. फुरकान मेहरबान अली मदनी एवं ठेकेदार हनीफ कुरेशी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक व्यापारी, समाजसेवी और आम नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए लाभकारी कदम बताया।

### स्थानीय व्यापारियों को मिलेगी राहत

व्यापारियों ने बताया कि क्षेत्र में दो दिन पशु बाजार लगने से व्यापारियों को काफी मदद मिलेगी। पहले क्षेत्र में सदुपुरा जलालपुर रोड पर पशुओं का मंगल बाजार लगता था। परंतु अब सोमवार का भी पशु बाजार लगने से व्यापारियों को दो दिन पशु खरीदने और बेचने का फायदा मिलेगा। साथ ही, बाहर से भी व्यापारी यहां अपने पशु लेकर आएंगे, जिससे बाजार को व्यापक पहचान मिलेगी।

### व्यापारियों और पशुपालकों को समर्पित प्रयास: हनीफ कुरेशी

कार्यक्रम के आयोजक ठेकेदार हनीफ कुरेशी ने कहा, हमारा उद्देश्य पशुपालकों और व्यापारियों को एक बेहतर और सुविधाजनक मंच प्रदान करना है। उन्होंने सभी विशिष्ट अतिथियों और आम नागरिकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी की उपस्थिति से इस आयोजन की गरिमा बढ़ी है।

### सेहत, व्यापार और आत्मनिर्भरता: मौलाना डॉ. फुरकान

मौलाना डॉ. फुरकान मेहरबान अली मदनी ने कहा, इस बाजार की क्षेत्र के लोगों को शादीद ज़रूरत थी। आज इसका उद्घाटन एक नई शुरुआत है। दूध से जुड़ी बकरी, गाय, भैंस जैसे पशुओं का व्यापार आमदनी के साथ-साथ अच्छी सेहत का भी जरिया है। मैंने स्वयं मुबारकपुरतालन में फुरकानिया दुग्ध और पशुपालन डेयरी फार्म खोल रखा है, जिसमें 40 से अधिक पशु हैं। इन पशुओं से निकलने वाला दूध को सरकारी पराग डेयरी में दिया जाता है। सरकारी पराग डेयरी में दूध देने का सबसे पैसा सीधा बैंक खाते में आता है। जिससे किसी प्रकार की कोई धोखाधड़ी का भी खतरा नहीं होता है और किसान को सीधा-सीधा इसका फायदा मिलता है। उन्होंने किसानों और व्यापारियों से अपील की है कि वे सरकार की पशुपालन योजनाओं का लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर बनें।

# राम भरोसे चलता कमालपुर खाईखेड़ी की प्राथमिक विद्यालय

## चारों ओर जंगल से घिरा विघालय, जंगली जानवरों का रहता है भय शिक्षा विभाग अंजान

*अवधनामा संवाददाता*






**नजीबाबाद।** प्राथमिक विद्यालय ग्राम कमालपुर उर्फ खाईखेड़ी में उसे समय हड़मंप मच गया, जब विद्यालय परिसर में जब एक जहरीली पटड़ा गो घुस गई। पटडा गो के विद्यालय प्रांगण में घुस जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं में भगदड़ मच गई।आनन फानन में ग्रामवासी स्कूल में पहुंचे और इस को मौके से भगाया परन्तु गो हमलावर हो गई जिसपर बहादुरी दिखाते हुए युनुस के साथ कई ग्रामीणों ने पटडा़ गो को मारकर स्कूल के बच्चों को भयमुक्त किया यदि समय रहते इसको स्कूल से न हटाया जाता तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते थे।आज जब स्कूल खुला तो विद्यालय में बच्चे आने शुरू हो गए।प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक भी पहुंच चुके थे।अचानक इस पर जैसे ही नजर पड़ी तो बच्चों ने शोर मचाया,और विद्यालय का स्टाफ और ग्रामीण स्कूल की तरफ दौड़ पड़े।प्राथमिक विद्यालय कमालपुर उर्फ खाईखेड़ी ब्लॉक नजीबाबाद के स्कूल कैम्पस आंगनबाड़ी कक्ष के गेट के कमरे में घुसने का खतरनाक पट्टड़ा गो घुसने का प्रयास कर कर रही थी।इसे देखते ही बच्चों और स्टॉफ में अफरा तफरी सी मच गई इसके बाद बच्चों में दहशत का माहौल बना हुआ है, ज्ञात हो कि अधिकतर प्राथमिक विद्यालय ग्रामीण इलाकों में जंगल के निकट बने होते हैं और सरकार की तरफ से स्कूलों के चारों तरफ कोई साफ सफाई नहीं होती,और न ही कोई सफाई कर्मी तैनात नहीं होता है ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी स्कूल में झाड़ू तक लगाने में हीलाहवाली दिखाते है बताया जाता है कि इस विद्यालय में 104 बच्चे नामांकित है,और इसी कैंपस में दो आंगन बाड़ी केंद्र संचालित है जिनमें लगभग 55 बच्चे नामांकित हैं, इतनी संख्या में बच्चे होने के बाद इन बच्चों के भविष्य को लेकर विभाग या जिला प्रशासन गंभीर नहीं है सिर्फ प्राथमिक विद्यालय खाईखेड़ी ही नहीं अधिकतर सरकारी स्कूलों में साफ़ सफाई का यही आलम है जिससे कुल मिलाकर स्कूल के बच्चों के अभिभावकों में बच्चों को स्कूल भेजने में दहशत और खौफ बना रहता है जिससे अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डरते हैं। ऐसे और जर्जर हालत वाले विद्यालयों पर शिक्षा विभाग को ध्यान देना चाहिए नहीं तो कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा।

## ड्रोन कैमरो व चोरों की अफ्वाह पर पुलिस ने लगाया विराम

**सहारनपुर।** जनपद के कुछ स्थानों पर ड्रोन कैमरो व चोरो की अफ्वाह को लेकर सहारनपुर पुलिस ने गांव-गांव में चौपाल लगाकर आमजन को जागरूक किया और किसी भी भ्रामक खबर व आपराधिक गतिविधियों की सूचना नजदीकी पुलिस को देने की अपील की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में ड्रोन कैमरों से रैंकी कर चोरी करने की अफ्वाह व भ्रामक खबरों के बारें में लोगों को जागरुक करने के लिए गांव-गांव में जाकर पुलिसकर्मी व अधिकारियों द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस बीट प्रणाली व्यवस्था माध्यम से गांवों में जागरूकता के लिए चौपाल लगाई गयी। थाना चिलकाना क्षेत्रान्तर्गत चौकी पठेड़ के नथमलपुर गांव में चौपाल के आयोजन में चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी व बीट प्रभारी ने ग्रामीणों को ड्रोन कैमरो से रैंकी कर चोरी करने की अफ्वाह अथवा सूचना को तत्काल आपातकालीन नम्बर 112 पर सूचना देने की अपील की।

## बैरिकेड्स हटाने से बने गड्ढ़ों को तत्काल भरवाएं: नगरायुक्त



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने कुम्हार हेड़ा से बड़ी नहर तक कांवड़ यात्रा मार्ग से हटायी गयी बल्लियों (बैरिकेड्स) के स्थान पर बने गड्ढ़ों को सीमेंट से तत्काल भरवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कांवड़ मार्ग पर स्मार्ट सिटी योजना के तहत लगी एलईडी स्क्रीन पर स्पीकर की सुविधा जोड़ने तथा स्क्रीन से राजस्व अर्जित करने के भी निर्देश दिए।

स्मार्ट सिटी सहारनपुर द्वारा संचालित आईसीसीसी (एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र) द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर की गयी विभिन्न विभागीय व्यवस्थाओं की निगरानी की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक में उक्त निर्देश दिए गए। बैठक का मुख्ह्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कांवड़ मार्ग पर विभिन्न विभागों द्वारा जो भी व्यवस्थाएं की गई, उनकी गहन समीक्षा करते हुए संभावित कमियों की पहचान की जाए तथा उन्हें समय रहते दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि आगामी वर्षो में इन कमियों को दूर कर संपूर्ण व्यवस्थाएं समुचित व प्रभावी रूप से लागू की जा सकें।

आईसीसीसी से प्राप्त मॉनिटरिंग रिपोर्ट में जिन व्यवस्थाओं में कमियां पाई गई, उनके सुधार हेतु संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही करने को कहा गया। आरसीसी द्वारा कांवड़ रुट पर भरे गए गड्ढ़ों के दौरान फुटपाथ की टूटी टाइल्स की मरम्मत नहीं न करने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए आरसीसी पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए। बिजली विभाग एवं नगर निगम को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। पुलिस विभाग से कहा गया कि वे सभी थानों से जानकारी संकलित करें कि भविष्य में उन्हें किस प्रकार के अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता हो सकती है, ताकि उसके लिए अग्रिम योजना बनाई जा सके।

संक्रामक रोग नियंत्रण अभियान की नोडल अधिकारी शिवांका गौड ने कांवड़ मार्ग पर विशेष साफ-सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव व फॉगिंग आदि कराने का सुझाव दिया संक्रामक रोगों से बचाव हो सके। बैठक में स्मार्ट सिटी,नगर निगम, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, पंचायतीराज विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों को आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान आपसी समन्वय, तत्परता एवं सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## तंजील हत्या के ज़िक्र कर मांगी फिरौती, जान से मारने की दी धमकी



**धामपुर।** वर्तमान में धामपुर में तैनात उप जिलाधिकारी रितु रानी को उनके सीयूजी नंबर पर जान से मारने की धमकी दी गई। उनके सीयूजी नंबर पर तंजील हत्याकांड का जिक्र करके 15 लाख की फिरौती मांगी गई और साथ ही साथ उप जिलाधिकारी को जान से मारने की धमकी भी दी गई। स्थानीय पुलिस ने सीयूजी नंबर पर आये के नंबर को निकाल कर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। SDM धामपुर रितु रानी को दी गई जान से मारने की धमकी। SDM रितु रानी के ष्टत्र नंबर पर दी गई धमकी। तंजील हत्याकांड का ज़िक्र कर 15 लाख रुपए की मांग की गई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी।

## कलेक्ट्रेट सभाघर में आयोजित हुई जिला सैनिक बंधु बैठक

### प्राथमिकता से हो सैनिकों की सभी समस्याओं और शिकायतो का निदान




*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** डीएम साहिबा जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई। डीएम साहिबा ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डीएम साहिबा द्वारा सभी प्रर्थाना पत्रों को बहुत ही ध्यान से सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से कहा कि बैठक से नई एवं पुरानी निस्तारित एवं अनिस्तारित शिकायतों की विभागवार सूची के अनुसार प्रकरण विचार विमर्श के लिए बैठक में प्रस्तुत करें और जिन विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, उनको संज्ञानित करें ताकि सक्षम स्तर से शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने पूर्व में सम्पन्न जिला सैनिक बन्धु बैठक में उठाये गये बिन्दुओं पर की गयी कार्यवाही का अनुश्रवण कर उनको प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एसपी सिटी संजीव वाजपेई, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, एक्स आर्मी मेजर केशव सहित अन्य अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद रहे।

# अचल सरोवर के रखरखाव की कवायद ने पकड़ी रफ्तार

**नगर निगम ने 10 वर्षों के रखरखाव के लिए मांगे प्रस्ताव**

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान अचल सरोवर को अब एक आकर्षक पर्यटन स्थल एवं पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में तेज़ी से कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम अलीगढ़ द्वारा अचल सरोवर के 10 वर्षों के वार्षिक रखरखाव हेतु ई-निविदा प्रणाली के अंतर्गत प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एजेंसियाँ 14 अगस्त 2025 तक अपने तकनीकी व वित्तीय प्रस्ताव ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत कर सकेंगी।

गौरतलब है कि अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा लगभग ?29 करोड़ की लागत से अचल सरोवर का समग्र पुनर्विकास किया गया था। निर्माण पूर्ण होने के उपरांत अचल सरोवर को स्मार्ट सिटी द्वारा नगर निगम को हैंडओवर कर दिया गया है।

19 मई 2025 को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा अचल सरोवर का प्रथम निरीक्षण किया गया था, जिसमें उन्होंने इस स्थल को नगर की धरोहर बताते हुए इसे प्राथमिकता पर एक पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किए जाने का निर्णय लिया था। अब उस निर्णय को जमीनी रूप देने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अचल सरोवर अलीगढ़ की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत का प्रतीक है। इसे संरक्षित और स्वच्छ बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम ने तय किया है कि इसे 10 वर्षों के वार्षिक रखरखाव अनुबंध पर किसी अनुभवी एजेंसी को सौंपा जाएगा, जो इस स्थल की नियमित साफ-सफाई, नोका विहार जल प्रबंधन, सुरक्षा, बिजली व्यवस्था आदि का संपूर्ण ध्यान रखेगी। ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से हम ऐसी उच्च कोटि की एजेंसियों से प्रस्ताव आमंत्रित कर रहे हैं जो इस ऐतिहासिक स्थल की गरिमा को बनाए रखते हुए इसे एक आदर्श सार्वजनिक स्थल में परिवर्तित कर सकें।

# मंत्री बेबी रानी मौर्य ने सम्भव अभियान रैली को दिखाई हरी झंडी

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने उरई स्थित निरीक्षण भवन में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने 'सम्भव अभियान 2025' के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं से संवाद करते हुए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने संवाद के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से सम्भव अभियान के दौरान प्रस्तावित समस्त गतिविधियों का नियमित संचालन करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों की नियमित माप-तौल, वीएचएसएनडी सत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण सुधार संबंधी गतिविधियों को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मंत्री जी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन, अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, सैम व मैम श्रेणी के बच्चों के चिन्हांकन, सन्दर्भन एवं सुधरीकरण, पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की फीडिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन तथा स्पॉन्सरशिप योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए ताकि लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ मिल सके।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के परियोजना समन्वयक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अनुरागिनी संस्था ने इटौरा में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** अनुरागिनी संस्था द्वारा जनपद के कदौरा विकास खंड के ग्राम इटौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़े पहलुओं के प्रति जागरूक करना था, जिससे वे स्वयं और अपने परिवार के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सही कदम उठा सकें।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। अनुरागिनी संस्था के समन्वयक रामकुमार जादौन,ने बताया कि संतुलित आहार, स्वच्छता और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना महिलाओं के लिए बेहद जरूरी है।

किसान वीरता महिला उत्पादक संगठन की निदेशक ऊषा सैनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और संसाधनों की कमी के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को बदलने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।।

इस पहल को और प्रभावी बनाने के लिए डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से उपस्थित 250 महिलाओं को पोषण पेय का वितरण किया गया। संस्था का कहना है कि पोषण पेय महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत बनाने और ऊर्जा बनाए रखने में सहायक होते हैं।

इस अवसर पर ऊषा देवी (प्रधानाचार्य), यशवंत (सहायक अध्यापक), नितिन त्रिपाठी (सहायक अध्यापक), प्रतिमा (शिक्षा मित्र), जयदेवी, रानी, अर्चना, बच्चा सिंह, कृष्णपाल सिंह, शिवा सिंह चौहान, गौतम, सत्यम द्विवेदी शामिल रहे। संस्था के कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार सैनी ने महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गांवों में समय-समय पर होने चाहिए ताकि स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़े और महिलाएं अपने परिवार की बेहतर देखभाल कर सकें।

# पुलिस चौकी इंचार्ज ने न्यायालय को ताक पर रखकर ट्रैक्टर से जमीन जुतबाकर कब्जा दिलाया

महेश वर्मा संवाददाता

**दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई**

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र की पुलिस चौकी फैज बाग चौकी इंचार्ज ने न्यायालय में विचाराधीन भूमि को दबंग लोगों के परिवार को ट्रैक्टर से जमीन जुत बाकर कब्जा दिलवा दिया। जब पीड़ित व्यक्ति के परिवार के सदस्यों ने इसका विरोध किया तो चौकी प्रभारी ने पीड़ित व्यक्ति के परिवार के सदस्यों को 151 धारा में जेल भेजने की धमकी दी। जब इस संबंध में कायमगंज एसडीएम से भी शिकायत की तो उन्होंने भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और न कोई कार्रवाई की। इस पर पीड़ित व्यक्ति ने इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पुलिस महानिदेशक लखनऊ पुलिस महानिरीक्षक कानपुर एवं पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ से भी लिखित रूप से शिकायत की तथा दबंग लोगों से भूमि पर कब्जा दिलवाए जाने की मांग की है और दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव पसियापुर निवासी श्याम सिंह पुत्र स्वर्गीय नरवीर सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुलिस महानिदेशक लखनऊ पुलिस महानिरीक्षक कानपुर तथा पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि उसकी भूमिका विवाद सिविल न्यायालय फर्रुखाबाद में लंबित है। जिसकी अदालत में सुनवाई चल रही है। इसके बावजूद 26 जुलाई 2025 को हुआ है घर पर मौजूद नहीं था। तब दूसरे पक्ष के दबंग जी दामोदर एवं कुसुमा देवी ने फैज बाग पुलिस चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह की मदद से जबरन ट्रैक्टर से खेत जोतवा कर कब्जा दिलवा दिया।। जब पीड़ित व्यक्ति के परिवार के सदस्यों ने इसका विरोध किया तो क्योंकि चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने परिवार के सदस्यों को धारा 151 में फंसा कर जेल भेजने की धमकी दी। जिससे पीड़ित व्यक्ति एवं उसका परिवार दहशत में है।

दबंग लोगों ने उसको एवं उसके परिवार के सदस्यों को कई बार धमकाया और जान माल की धमकी दी द्व चौकी इंचार्ज ने न्यायिक प्रक्रिया की अनदेखी की है बल्कि मानवाधिकारों का भी स्पष्ट उल्लंघन किया है । जब अदालत में इस प्रकरण का मामला चल रहा है तो किसी को भी इस प्रकरण में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है और न ही एक तरफा कब्जा दिलवाने का।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण




**उरई (जालौन)।** एसडीएम जालौन विनय मौर्य द्वारा सीएचसी जालौन का आकस्मिक निरीक्षण कर आम जनमानस को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण में पंजीकरण खिड़की की जांच करते हुए उपजिलाधिकारी ने आए मरीजों से बात की । जांच के दौरान दवा वितरण और पैथोलॉजी कक्षों की जांच कर उपस्थित कर्मियों और मरीजों से वार्ता कर दी जा रही सुविधाओं की पड़ताल की गई। जांच के दौरान उपस्थित प्रभारी चिकित्सक डॉ अरुण तिवारी द्वारा टीकाकरण अभियान और क्षय रोग हेतु चलाए जा रहे निक्षय कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी उपजिलाधिकारी जालौन को दी ।

उपजिलाधिकारी जालौन द्वारा उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को संवेदनशीलता के साथ आए मरीजों की देखभाल के साथ शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई दवाओं का नियमानुसार वितरण और जांचों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इमरजेंसी एवं जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों का भी हालचाल लिया गया।

# स्वास्थ्य विभाग के अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोका गया, अब एक साथ होंगे औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सीएमओ डॉ राजेश झा ने टीम बना कर चिकित्सा इकाइयों के औचक निरीक्षण के लिए दिये निर्देश**

**गोरखपुर।** जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा बीते दिनों किये गये औचक निरीक्षण में अनुपस्थित चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन रोक दिया गया है। ऐसे सभी लोगों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। साथ ही सभी ब्लॉकों के चिकित्सा विभाग के नोडल अधिकारियों को एक साथ सभी प्रमुख चिकित्सा इकाइयों पर टीम बना कर औचक निरीक्षण के जरिए उपस्थिति जांचने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समयावधि में जो भी अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाएंगे उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मचारी को सुबह समय से अस्पताल और दफ्तर पहुंचना है और निर्धारित समय तक सेवा देनी है। नियमित निरीक्षण और प्रचार-प्रसार से शहरी क्षेत्रों में ओपीडी बढ़ी है और कई चिकित्सा इकाइयों पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग का नियमित पर्यवेक्षण पर विशेष जोर है।

सीएमओ डॉ झा ने रविवार को खुद कई शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का निरीक्षण किया। उन्हें नथमलपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर सपोर्टिंग स्टॉफ अनुपस्थित मिले। केंद्र पर रोगियों की उपलब्धता की स्थिति भी ठीक नहीं मिली। इस संबंध में उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। हुमायूंपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर भी कई कर्मचारी गायब मिले। रोगियों के पैथालॉजिकल जांच की स्थिति भी ठीक नहीं थी। इस केंद्र पर भी संबंधित कर्मियों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। सीएमओ ने छोटे काजीपुर और बेतियाहाता नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया । इन केंद्रों पर स्थिति ठीक पाई गयी।

सीएमओ ने बताया कि बीते दिनों प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण में भी जिले की कई चिकित्सा इकाइयों पर अनुपस्थिति पाई गई थी। ऐसे सभी कर्मियों का वेतन रोक दिया गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। डॉ झा ने कहा कि हमारा जोर अब लगातार औचक निरीक्षण पर रहेगा और इसके लिए कई टीमे भी बनाई जा रही हैं।

# धर्म समाज महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ के भगत जी सभागार में सोमवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम - 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध- समिति अध्यक्ष श्री विजय अग्रवाल सोनी, सचिव राजीव अग्रवाल अनु तथा प्राचार्य प्रो. मुकेश कुमार भारद्वाज द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप - प्रज्वलन से किया गया।

सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नवीन शैक्षिक सत्र 2025- 26 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. मुकेश कुमार भारद्वाज ने बताया कि हमारा महाविद्यालय आपके और आपके परिवार के स्वप्नों को साकार करने हेतु सदैव कृतसंकल्पित है। आप सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों, निर्देशों और अनुशासन का अनुपालन करते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति के प्रति पूर्ण ईमानदारी पूर्वक सदैव अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के प्रति एकाग्रता, दृढ़ संकल्प, कठोर परिश्रम और अनुशासन ये चार मुख्य आधार स्तंभ हैं, जो आपको सफलता दिलाने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। आप सभी को बिना किसी भ्रम में पड़े अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ लगे रहना है। महाविद्यालय प्रशासन आपकी सभी समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेगा। विद्यार्थी अधिष्ठाता कल्याण प्रो. अंजुल सिंह ने महाविद्यालय की गौरवशाली ऐतिहासिक परंपरा का विस्तार से उल्लेख करते हुए बताया कि इंटरमीडिएट तक की शिक्षा आधार का कार्य करती है,जबकि उच्च शिक्षा आपको समाज में अपना सम्मानजनक स्थान बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है। हमारे महाविद्यालय का विजन आप सभी को संस्कारित,जागरूक नागरिक बनाना है ।

उन्होंने बताया कि हमारे महाविद्यालय में स्मार्ट क्लॉसरुम, कंप्यूटर- लैब, वातानुकूलित पुस्तकालय, ई-पुस्तकालय,आधुनिक प्रयोगशालाएं, गर्ल्स कॉमन- रूम, आडिटोरियम, मिनी ऑडिटोरियम सहित क्रिकेट, लॉन-टेनिस,हॉकी, कबड्डी आदि खेलों की सुविधा भी मौजूद है।

# प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राज किशोर को शिक्षक पुरस्कार दिलवाया जाएगा नवाब सिंह वर्मा

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ



**फर्रुखाबाद।** विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर मे प्रधानाध्यापक शिक्षक पुरस्कार के पात्र- नबाब सिंह वर्मा । स्कूल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए गांव के अभिभावक एस?एन?एम इंटर कालेज के सेवानिवृत्त प्रवक्ता नबाब सिंह वर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि बच्चों के साथ ही साथ स्कूल के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील प्रधानाध्यापक की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि गांव में शीघ्र ही सांसद जी का कार्यक्रम होगा जिसमें प्रधानाध्यापक के लिए शिक्षक पुरस्कार की मांग की जायेगी।खेतल सिंह ने कहा कि सभी ग्रामीणों के सहयोग से छः दर्जन गमलों के साथ जमीन में भी तीन दर्जन पौधे लगाए गए जिनमें रंग बिरंगे फूल परिसर को आकर्षक बना रहे हैं।

पूर्व में समाचार पत्रों के प्रतिनिधि, उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा, अमित शुक्ला, बीडीओ,बीईओ के अलावा पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, विधायक डॉ सुरभि भी स्कूल में बने रोज गार्डन में शेल्फी लेकर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल की प्रशंसा कर चुके हैं। ग्राम प्रधान पति सूर्य कुमार वर्मा ने कहा कि लगातार स्कूल में ग्रामवासियों को बुला कर मन की बात का कार्यक्रम टेलीविजन पर दिखाने से लोगों का हृदय परिवर्तन करने में सफलता मिली। गांव में बाल विवाह, विधवा विवाह, जुआं, शराब जैसी कुरीतियों को दूर करने में काफी मदद मिली। बैठक में स्कूल मर्जर न हो इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। स्कूल में अधिक से अधिक संख्या में नामांकन करायें। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। संचारी रोग नियंत्रण व यातायात सुरक्षा को लेकर चर्चा के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में देव सिंह, अरविंद,भगवत दयाल, माताराम,ओमबाबू, पूर्व प्रधान आज्ञा राम, रामविलास, यादराम, अनोखेलाल, जयवीर, हुकुम सिंह, मेवाराम, आशा, उमा, सत्यवती सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# फसल चरने से मना करने पर मनबढ़ो ने पीटा केस दर्ज

**गोरखपुर ।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र केडी परमेश्वरपुर निवासी शिवम शुक्ल पुत्र चंद्रभूषण शुक्ल शुक्रवार को शाम 6 बजे धान की फसल देखने गया हुआ था। जब खेत के पास पहुंचा तो फसल कुछ जानवर चर रहे थे। जिसका विरोध किया तो मनबढ़ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। और जान से मारने की धमकी भी दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी धीरज निषाद,सकीन निषाद,दीपक निषाद के खिलाफ मारपीट,गाली गलौज,जन से मारने की धमकी देने का का केस दर्ज कर लिया हैं।

# अपनों का जाना अत्यंत दुखद होता है : पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत

**फर्रुखाबाद।** आज पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत ने बढ़पुर ब्लॉक के ग्राम आकलगंज में कई बार प्रधान रहे मा0 श्री जदुनाथ सिंह जी के पार्थिव शरीर पर शॉल ओढ़ाकर अंतिम विदाई दी और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कमालगंज के ग्राम ईशापुर निवासी श्री राम शरण राजपूत जी के निधन पर श्रंघीरामपुर घाट पर पहुँचकर अंतिम दर्शन किए और शोक संतप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाया। इसके अतिरिक्त ग्राम बिचपुरी में हाल ही में हुई दुखद घटनाओं पर शोक प्रकट किया। सभी पीड़ित परिवारीजनों से मिलकर सांत्वना दी और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े होने का विश्वास दिलाया। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे और परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति दें।

# खंड विकास कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास खंड कार्यालय जालौन का औचक निरीक्षण करते हुए कार्यालयीन व्यवस्था, योजनाओं की प्रगति तथा लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ की स्थिति की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा पटल, जन्म-मृत्यु पंजीकरण पटल समेत अन्य प्रमुख अनुभागों का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से क्रेडिट लिंकेज योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए ताकि पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन के उद्देश्य से संचालित योजनाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इन पर व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि पेंडेंसी का सीधा असर आमजन की योजनाओं में आस्था और प्रशासन की साख पर पड़ता है, अतः इस दिशा में त्वरित और ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में जनसुविधा, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, खंड विकास अधिकारी प्रशांत यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अमृतपुर में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोशिएशन का हुआ गठन प्रताप सिंह यादव अध्यक्ष बने

अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** तहसील अमृतपुर में आज प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठन के पदाधिकारियो के चयन के लिए डॉ पी डी शुक्ला के प्रतिष्ठान पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल गौड़ जिला अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी उर्फ इन्दू राष्ट्रीय महासचिव संजय शर्मा राष्ट्रीय सदस्य बिनय सक्सेना पत्रकार ताहिर खान उर्फ बज्जू महेश वर्मा की उपस्थिति में सर्वसम्मति से चार पदाधिकारियो के पद की घोषणा की गई।

जिसमें डॉ रामौतार शर्मा को संरक्षक प्रताप सिंह यादव को अध्यक्ष लक्ष्मी शरण राठौर को महासचिव के पद पर घोषित किया गया डॉ पी डी शुक्ला को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई साथ ही एक सप्ताह मैं संगठन के सदस्य घोषित कर अन्य पदाधिकारी की घोषणा की गई अध्यक्ष को निर्देशित किया गया।

इस मौके पर ह्रदेश वर्मा राम रामरहीश राठौर प्रबल अवस्थी सरबजीत यादव बृजकांत दीक्षित आकाश राठौर रामू राजपूत प्रशांत अवस्थी गोपाल सक्सेना रमाकांत अवस्थी अभिषेक तिवारी राहुल राठौर निर्मल त्रिवेदी बिनय त्रिपाठी अंकित राठौर राम मुरारी शुक्ला नवीन मिश्रा सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे अध्यक्ष घोषित होने के बाद विश्व प्रताप सिंह उर्फ चीनू भाजपा महामंत्री ने अपने साथियों के साथ प्रताप सिंह यादव के आवास पर पहुंचकर माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया इस मौके पर बृजेश सिंह परमार विनोद कुमार उर्फ टिंकू पाठक प्रदीप सिंह सचिन शुक्ला अभिषेक मिश्रा डेगराज आत्माराम मोनू अग्निहोत्री शिवकुमार मिश्रा सुरजीत शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने अवैध मत्स्य आखेट पर रोक लगाने के लिये दिए निर्देश

**उरई ( जालौन)।** वर्षा ऋतु के मौसम में नदियों, तालाबों आदि से अवैध रूप से मत्स्य आखेट को रोकने के लिए एसडीएम कालपी अतुल कुमार ने संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने सहायक मत्स्य निदेशक तथा क्षेत्राधिकारी को भी शासकीय पत्र के माध्यम से कार्रवाई करने की अपेक्षा की गई है।

उपजिलाधिकारी के द्वारा सहायक मत्स्य निदेशक को शासकीय पत्र प्रेषित करते हुए अवगत कराया है कि वर्षा ऋतु में नदियों तालाबों, पोखरो आदि में मत्स्य आँखेट करना प्रतिबंधित है। लेकिन कालपी तहसील क्षेत्र की नदियों तालाबों आदि में अवैध मत्स्यआखेट करने की सूचनाये समय समय पर प्राप्त हो रही है। जो खेद जनक है। उप जिलाधिकारी ने जनपद के सहायक मत्स्य निदेशक को प्रेषित पत्र के माध्यम से अपेक्षा की है कि मत्स्य निरीक्षक के पर्यवेक्षण में टीम गठित करके नियमनुसार कार्यवाही करते हुए मत्स्य आखेट पर रोक लगाने हेतु कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

# कावड़ियों को ले जाने वाले चालक एवं शराब पीन-पिलाने को लेकर हुआ संघर्ष

महेश वर्मा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पितौरा से कुछ लोग शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव हंसा पुर गौराई निवासी पिकअप कार चालक यश कुमार लोधी पुत्र महिमा चंद लोधी की गाड़ी किराए पर लेकर कावर चढ़ाने के लिए शिव मंदिर गोला गोकर्णनाथ गए थे। सभी लोग जल चढ़ाने के बाद वापस लौट रह थे द्य

इन कांवड़ियों में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पितौरा निवासी अमन जाटव 25 वर्ष पुत्र सतीश चंद्र अभिषेक कोहली उम्र 22 वर्ष पुत्र शिव प्रसाद धर्मेंद्र कठेरिया उम्र 20 वर्ष अमित कुमार गोपाल पुत्र कुलदीप आकाश पुत्र देशराज शराब पीने को लेकर ड्राइवर से विवाद हो गया और इन लोगों ने ड्राइवर की पिटाई कर दी। इस पर आक्रोशित ड्राइवर इन लोगों को कायमगंज में न ले जाकर अपने गांव ले गया और गाड़ी वहां खड़ी कर दी। कावड़ियों का आरोप है कि ड्राइवर ने अपने परिजनों एवं गांव वालों के सहयोग से उन लोगों की मारपीट की है। उन लोगों का कहना है कि वह लोग इसी तरह से बचकर कायमगंज कोतवाली पहुंचे । जहां कांवड़ियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने गांव में जाकर घटना की जानकारी की। घटनास्थल शमशाबाद क्षेत्र में होने के कारण कायमगंज की पुलिस ने कांवड़ियों के साथ हुई मारपीट की जानकारी शमशाबाद थाना पुलिस को दी। शमशाबाद थाना पुलिस ने सभी घायल कांवड़ियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया। इसके बाद पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस ने इस मारपीट को शराब ना पिलाने की बात कही है। किंतु यह बात स्पष्ट नहीं हो पा रही है कि शराब कांवरियों ने पी या गाड़ी चालक ने द्व जिससे विवाद मारपीट तक पहुंच गया। पुलिस ने कावड़ियों की तहरीर पर गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अयोध्या जलमग्न, नगरवासी बेहाल: समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने नगर निगम की खोली पोल



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम में हो रही भारी बारिश के चलते शहर जलमग्न हो गया है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जगह-जगह जलभराव, जाम नालियां, टूटी सड़कों और जल निकासी की व्यवस्था ध्वस्त होने से नागरिकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शहर के प्रमुख मार्ग रामपथ सहित लगभग सभी वार्डों में पानी भरने की स्थिति बनी हुई है।समाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने नगर निगम अयोध्या की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बारिश ने नगर निगम की पोल खोल दी है। नालियां बजबजा रही हैं, जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, सड़कों की हालत खराब है और मरम्मत का कोई कार्य नहीं किया जा रहा। कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें बंद हैं और जलापूर्ति के लिए लगे नलों में पानी तक नहीं आ रहा। सरोज यादव ने आरोप लगाया कि नगर निगम क्षेत्र में शामिल किए गए अयोध्या-फैजाबाद के किनारे बसे 41 गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। न तो वहां विकास हुआ है, न ही किसी प्रकार की योजना का लाभ लोगों को मिल पा रहा है। उन्होंने कहा, सरकार अयोध्या के विकास की जितनी भी बातें कर ले, लेकिन सच्चाई इन 41 गांवों की बदहाल स्थिति खुद बयां कर रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि इन गांवों में कहीं बिजली नहीं है, तो कहीं जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, फिर भी सरकार टैक्स लेती है। नालियां जाम हैं, सड़कें टूटी हुई हैं और पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है।सरोज यादव ने सरकार से मांग की कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों और गांवों में तत्काल सुधार कार्य कराए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी जनता की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरने को मजबूर होगी।

## श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, कई घायल, तीन की हालत गंभीर



**अयोध्या।(अवधनामा संवाददाता)** रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्ती चौरा चौकी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बरसेंडी मोड़ से बसहा चौराहे के बीच श्रद्धालुओं से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे बस में सवार रामभक्त यात्री उसमें फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की। सभी घायलों को 108 और 102 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया।बस संख्या यूपी 77 एन 3569, कानपुर से अयोध्या दर्शन के लिए जा रही थी। चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि बस जैसे ही बरसेंडी मोड़ पार कर रही थी, वह अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में घायल यात्रियों की पहचान इस प्रकार हुई है-रैनू विश्वकर्मा चौबेपुर निवासी,विद्या देवी व रजनी विश्वकर्मा अयेरवा रामा देवी निवासी, सुमन विश्वकर्मा व रानी कल्याणपुर निवासी,सेमा, लक्ष्मण सिंह, अंश व महेश सिंह महोबी सगर निवासी,विनीता गुप्ता मंदना निवासी,विशाल शर्मा, उनकी पत्नी प्रिया शर्मा व बेटी मुस्कान कन्नौज निवासी,योगेंद्र और उनकी पत्नी इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।हादसे से बचे अन्य यात्रियों को प्रशासन ने वैकल्पिक बस की सहायता से उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया है।

## कान्हा गौशाला में होगी पशु चिकित्सा की नियुक्ति, बढ़ेंगे कर्मी

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** नगर निगम की बैसिंगपुर में संचालित कान्हा गौशाला में एक पशु चिकित्सक की तैनाती की जाएगी। गोवंशों की संख्या को देखते हुए देखरेख करने वाले कर्मचारियों की तादाद में भी इजाफा किया जाएगा। यह निर्णय महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने गौशाला का निरीक्षण करने के बाद लिया है। गत दिवस गोरक्षा समिति ने शरद शुक्ल की अगुवाई में ज्ञापन देकर गौशाला में कतिपय खामियां बताई थी। इस पर पारदर्शिता के मध्य नजर समिति के सदस्यों के साथ महापौर ने निरीक्षण का फैसला किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के अलावा गौ रक्षा समिति के पदाधिकारी, अपर नगर आयुक्त भारत कुमार भी थे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था और चारे का प्रबंध ठीक मिला, लेकिन गोवंशों की संख्या को देखते हुए कर्मचारियों की कमी सामने आई।

## काग्रेस संसद तनुज ने कहा मृतकों व घायलों की हर संभव मदद का ऐलान

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** हैदरगढ़ स्थित औसानेश्वर महादेव मन्दिर में दर्शन के दौरान विद्युत करंट उतर जाने से भगदड़ सी मच गई जिनमें दो श्रद्धालू की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा भगदड़ में कई श्रद्धालूगण घायल हो गये, जिसकी सूचना पर पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने एक प्रतिनिधि मण्डल भेजा जिसमें जिलाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर पीड़ित व घायल लोगों के परिवारजनों से घटनाक्रम जाना और उनके स्वस्थ होने की मंगल कामना की, साथ ही उन्हें पार्टी और बाराबंकी सांसद की ओर से हर संभव मदत करने का आश्वासन दिया। इस घटना से पूर्व सांसद पीएल पुनिया एवं सांसद तनुज पुनिया को दिली आघात पहुंचा और उन्होनें मृत श्रद्धालू की आत्मा की शांती के लिये ईश्वर की प्रार्थना करते हुये घायलों की शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की तथा हर संभव मदत करने की बात कही। साथ ही साथ श्री पुनिया ने कहा कि, सावन का महीना चल रहा है, जिससे क्षेत्र के प्राचीन मन्दिरों में प्रशासन वा प्रबन्ध कमेटी का दायित्व बनता है कि, वह व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक न करें जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न होने पावे और ऐसी घटनाऐं भविष्य में न हो उसके पुख्ता इंतजाम किये जायें। जिला कांग्रेस के प्रवक्ता के0सी0 श्रीवास्तव ने बताया कि, प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष अजीत वर्मा, रमेश कश्यप, प्रशान्त सिंह, राजेन्द्र सोनी, अजय रावत, तरूण चावला, देवेन्द्र सिंह मोनू, राहुल रावत सहित इत्यादि कांग्रेस जन मौजूद थे।

## दबंगो के खिलाफ शिवसेना कार्यकर्ताओं ने दिया धरना, सौपा ज्ञापन




**बाराबंकी।** हरख ब्लॉक के ग्राम बरौली मलिक निवासी शिवसैनिक हंसराज की नाली व रास्ता बंद करने के विरोध में सात फुट का रास्ता व नाली निकासी की मांग को लेकर शिवसैनिको ने आज पीड़ित के परिजनों के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे और समस्या के संबंध में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार नवाबगंज आशुतोष को दिया और समस्या निस्तारण एवं कार्यवाही की मांग की। इस संबंध में धरने पर बैठे पीड़ित हंसराज के भाई शिवसेना यूबीटी के जिला उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान ने बताया कि इनके सगे भाई विपक्षी पृथ्वी पाल हंसराज को मकान की नाली नहीं निकालने दे रहे है और दूषित पानी घर व रास्ते भी भरा है और राजस्व टीम द्वारा विपक्षी पृथ्वी पाल का पक्ष लेकर पुलिस से दबाव बनवा कर मनमानी कार्यवाही कर रही है और विपक्षी के पक्ष में रिपोर्ट दे रही हैं जिससे समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है इसलिए सात फुट का रास्ता व नाली खुलवाने की मांग के लिए धरना प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ा है। इस बाबत शिवसेना यूबीटी के प्रदेश महासचिव मनोज मिश्र विद्रोही ने बताया कि शिवसैनिक पीड़ित हंसराज के साथ है इनका समस्या का निस्तारण प्रशासन गंभीरता से लेकर कराए यदि मांगो को अनसुना किया जाता है तो मजबूर होकर पीड़ित मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान, जिला उप प्रमुख दीपू वाल्मिकी उर्फ पंडित जी, जिला मीडिया प्रभारी एस एन मिश्र, व्यापार सेना जिला प्रमुख सुशील जायसवाल उर्फ बबलू जिला सचिव चंद्रपाल, सरवन बाबा राम सुरेश वर्मा, इंदपाल चौहान, इंदल, अमरदीप चौरसिया, हंसराज, किरन, पिंकी, गुड्डा देवी, देशराज गौतम आदि उपस्थित थे।

# अवसानेश्वर महादेव मंदिर में करंट उतरने से मंची भगदड़ से दो श्रद्धालु को दर्दनाक मौत कई दर्जन घायल

## मौके पर पहुँचे डीएम, एसपी समेत अधिकारी मौके पर पहुँचे, लिया जायजा





*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जनपद के हैदरगढ़ स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर में एक दुखद हादसा सामने आया है। मंदिर में जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालु लोहे के पाइप की बैरिकेटिंग लाइन में खड़े थे। श्रद्धालु के लिए सुरक्षा के लिए लगाए गए तीन शेड के ऊपर बंदर कूद गया इन्हीं पाइपों पर बिजली के तार लगे हुए थे।अचानक पाइपों में करंट दौड़ने लगा। सैकड़ों की संख्या में लाइन में खड़े श्रद्धालुओं को बिजली के झटके महसूस हुए। लाइन में खड़े करीब 3 दर्जन से अधिक लोग बिजली की चपेट में 35 लोग आकर घायल हो गए। इनमें बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। करंट की सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। भगदड़ का माहौल पैदा हो गया। मौके पर मौजूद सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने में असफल रही। घायलों के परिजन आक्रोशित हो गए और पुलिस से नोकझोक करने लगे।मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद मंदिर के अंदर जल चढ़ाने गए श्रद्धालुओं के ऊपर भी करंट आ गया। इससे कई लोग अंदर भी जख्मी हो गए।मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया।

### श्रद्धालुओं ने कहा पुलिस को पता था कि तार सुलग रहा है, लेकिन ध्यान नहीं दिया

हादसे में मारे गए रमेश के भाई मूलचंद ने बताया- मंदिर में लाइन के पास ही एक तार से धुआं उठ रहा था। हमने पुलिसवालों से कहा था कि इसे ठीक करवा दें, लेकिन उन्होंने कहा कि लोड ज्यादा है, इसलिए धुआं उठ रहा है। इसके बाद वही तार टूटकर टिन शेड पर गिरा, जिससे करंट दौड़ गया। मेरे भाई की करंट लगने से मौत हो गई।

### चश्मदीद शालिनी देवी ने बताया पुलिस ने टीनशेड पर मारा था डंडा

चश्मदीद शालिनी देवी ने बताया- हम लोग स्नान के बाद मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे। तभी मंदिर पर रखी टिन शेड पर पुलिस ने डंडा मारा। जिससे बिजली का तार टूटकर गिर गया। जिससे कई लोगों को करंट लग गया। मैं मौके पर ही थी, सैकड़ों लोगों की भीड़ थी। मेरी दीदी को करंट लगा, मुझे भी करंट लगा। मैं तो बच गई, लेकिन मौसी बेहोश हो गई।

## ताइक्कांडो बेल्ट टेस्ट प्रमोशन आयोजित



**सिसवा बाजार (महराजगंज)। अवधनामा संवाददाता** ताइक्कांडो बेल्ट टेस्ट प्रमोशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें सिसवा से 40 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। यह प्रोग्राम महराजगंज डिस्ट्रिक ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव अभिषेक कुमार विश्वकर्मा देख रेख में आयोजित किया गया। जिसमें व्हाट्स टू येलो बेल्ट में आलिया खातून, दिव्यांश मद्धेशिया,रितु जायसवाल,आरुषि सुल्तानिया, रुद्र प्रताप सिंह ,श्रेयांश,अवनी, पारुल गुप्ता,रुनझुन ,रूही, माधवी ,पूर्वी जायसवाल येलो टू ग्रीन बेल्ट में अमित कुमार , अंकित , देवांश जयसवाल, शानवी भालोठिया , तनिष्का , रितिका अग्रवाल ,रिया गिरी

**ग्रीन टू ग्रीन वन बेल्ट में नंदनी**

ग्रीन वन टू ब्लू बेल्ट में आराध्य विश्वकर्मा,पृथ्वी अग्रवाल, आर्या शर्मा, अनन्या अग्रवाल ब्लू टू ब्लू वन बेल्ट में यशस्वी जयसवाल , संघदा गुप्ता,आकांक्षा गुप्ता,लक्ष्य

**अग्रवाल,परिधि अग्रवाल**

ब्लू वन टू रेड बेल्ट में पूर्वी अग्रवाल ,सोनम शर्मा रेड टू रेड वन बेल्ट प्राप्त करने वालों में सात्विक मद्धेशिया,आरुषि शर्मा का नाम शामिल है।

इस दौरान उपस्थित सिसवा ताइक्कांडो ट्रेनिंग सेंटर के इंचार्ज राहुल राय ,उत्सव शर्मा ,हर्षिता सिंह, दीपांश सोनी, तृप्ति जायसवाल , शिवांश वर्मा ,विशाल चौधरी, आरती रावत हर्षिता चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## कड़ी सुरक्षा के बीच लोधेश्वर महादेवा में तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने चढ़ाया जल



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** सावन मास के तीसरे सोमवार पर लोधेश्वर महादेवा के सुप्रसिद्ध शिव मंदिर पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा कड़े सुरक्षा प्रबंधो के बीच लगभग तीन लाख श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव का पूजन अर्चन व जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। रविवार की संध्या से ही लखनऊ उन्नाव कानपुर जालौन उरई झांसी फैजाबाद रायबरेली सीतापुर गोंडा बहराइच सहित प्रदेश के तमाम जनपदों से भारी संख्या में शिव भक्तों का दुपहिया व चौपहियां वाहनों से महादेवा आगमन शुरू हो गया था काफी तादाद में लोग ट्रेनों के द्वारा बुढ़वल रेलवे स्टेशन आकर वहां से महादेवा पैदल पहुंच रहे थे अच्छी खासी संख्या में लोग कई किलोमीटर की दूरी तय कर महादेवा जा रहे थे देर रात तक संपूर्ण मेला परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया था भारी भीड़ के मद्दे नजर मंदिर प्रशासन द्वारा अर्धरात्रि से ही पूजन अर्चन व जलाभिषेक के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए गए थे। सुबह होते होते भारी संख्या में श्रद्धालु जालीदार बैरिकेडिंग के अंदर कतार बद्ध होकर लोटे में जल पुष्प बेलपत्र व अन्य पूजन सामग्री लेकर पूजन अर्चन व जलाभिषेक के लिए बम बम भोले के जयकारों के साथ मंदिर पहुंच रहे थे। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए पुलिस प्रमुख अर्पित विजयवर्गीय एडीएम अरुण कुमार सिंह व एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी रविवार की रात्रि को ही महादेवा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन कर मौके पर मौजूद सभी विभागीय अधिकारियों को पूरी निष्ठा व मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। मंदिर के मुख्य द्वार पर महिला इंस्पेक्टर कुमारी रत्ना महिला आरक्षी सिंधु यादव किरण यादव सहित भारी पुलिस बल सुरक्षा में लगा हुआ था। मंदिर के गर्भ ग्रह में क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक थाना प्रभारी निरीक्षक रामनगर अनिल कुमार पांडे महिला उप निरीक्षक नीतू भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद दिखी। मंदिर के निकास द्वार पर अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक राज बहादुर सरोज महिला थाना अध्यक्ष मुन्नी सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक टिकैत नगर रत्नेश पांडे सुरक्षा की कमान संभाले थे। मंदिर परिसर में कैंप कर उप जिलाधिकारी रामनगर विवेकशील यादव क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत तहसीलदार विपुल कुमार सिंह नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे थे। पूजन व जलाभिषेक का कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। मेले में अच्छी बिक्री होने के चलते दुकानदार काफी प्रसन्न नजर आए।

## अजादारी मुसलमान ही नही हर धर्म के लोग हुसैन का गम मानाते है: मौलाना आबिद रज़ा



**सिद्धौर बाराबंकी।** सैय्यदवाड़ा क्षेत्र के कादिरपुर चौराहा स्थित मौलाना अब्दुल्लाह जफ़राबादी वाइज़ के इमाम बरगाह में कदीमी सालाना मजलिसे अज़ा का आयोजन किया गया। मजलिसे अज़ा का आगाज तिलावते कुरान मजीद से किया गया। जिसमे निज़ामत मौलाना सैय्यद मोहम्मद मुज्तबा ज़ैदी ने किया। इसके बाद जनाब डॉ नजमुल हसन एवं सैय्यद जामिन हुसैन कादिरपुरी व जनाब शादाब हुसैन आलमपुरी ने नजराने अकीदत पेश किया। नज़राने अकीदत के फौरन बाद सिराजे हिंद जौनपुर से आये जामिया इमानिया नासीरिया के प्रोफेसर मौलाना सैय्यद आबिद रज़ा रिज़वी ने मजलिस को सम्बोधित करते हुवे मौलाना ने अज़ादारो के अहमियत और अज़ादारी की फजीलत पर बेहतरीन तकरीर की और साथ-साथ मौलाना ने यह भी कहा कि अज़ादरी हर दौर में उरूज पर रही है। यही अज़ादरी की फजीलत पर बेहतरीन दलील है उसके बाद मौलाना ने मसाएबे अहले हरम बयान किया। जिसे सुनकर अज़ादारो की आँखों से आँसू निकल पड़े । बाद मजलिस अंजुमन मोईनुल अज़ा मोतिकपुर और अंजुमन फरोगे अज़ा देवरा सादात ने नौहाखवानी व सीनाज़नी की। इस मजलिस में शिया हज़रात के साथ साथ सभी समुदाय के लोग भी शामिल थे। बाद मजलिस नज़्रे मौला का भी एहतमाम किया गया। मजलिस में आए हुए तमाम अज़ादारो का मौलाना अब्दुल्लाह जफ़राबादी वाइज़ ने शुक्रिया अदा किया।

## अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद ने शिव भक्तों में किया प्रसाद वितरण



**,सिसवा बाजार महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम हरपुर पकडी स्थित बउरहवा बाबा शिव मंदिर में श्रावण मास सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं जलाभिषेक किया। श्रावण मास की प्रतीक सोमवार की भांति इस सोमवार को भी प्रसाद वितरण किया गया ।

जिसमें हजारों भक्तों ने शिव मंदिर में जलाभिषेक के उपरांत अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, के जिलाध्यक्ष आचार्य रविश सोनू त्रिपाठी द्वारा आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।

आचार्य रवि त्रिपाठी ने बताया हर सोमवार की भांति इस सोमवार भी प्रसाद वितरण किया जा रहा है।पूरा पवित्र श्रावण मास में हर सोमवार को शिव भक्तों की सेवा में प्रसाद वितरित किया जाता रहेगा। इस अवसर पर अशोक कुशवाहा,पवन प्रजापति, शुभम मिश्रा,धिरु, कुंवर,मनिष जायसवाल, मिठ्ठु, मनिष गोड़, विवेक श्रीवास्तव, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संयुक्त संचालन समिति ने सीएम को संबोधित मांग पत्र सौंपा

### शिक्षक-कर्मचारियों के नियमितीकरण, वेतन वृद्धि, भत्तों की बहाली सहित रखी कई अहम मांगे



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** संयुक्त संचालन समिति महराजगंज ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित 17 सूत्रीय मांग पत्र संयुक्त कार्यालय के अधिकारी को सौंपा। इस दौरान प्रांतीय सह संयोजक संजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश भर के शिक्षक एवं कर्मचारी समाज की वर्षों पुरानी मांगों की अनदेखी अब असहनीय हो चुकी है। उन्होंने बताया कि संविदा कर्मियों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों, आईसीडीएस की मुख्य सेविकाओं, आश्रम पद्धति विद्यालय के शिक्षक, लिपिक, वाहन चालक समेत कई वर्ग नियमितीकरण और न्यूनतम वेतन की बाट जोह रहे हैं। महंगाई के इस दौर में उनके मानदेय में कोई वृद्धि तक नहीं की गई है। त्रिपाठी ने बताया कि बाल विकास पुष्टाहार विभाग के सैकड़ों कर्मियों को पिछले 18 माह से कार्य कराने के बावजूद वेतन नहीं मिला है। उनका सेवा विस्तार अगस्त 2025 से अपेक्षित है। समिति ने प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, समाप्त किए गए भत्तों की पुनर्बहाली, निजीकरण और आउटसोर्सिंग की समाप्ति, परिषदीय विद्यालयों को बंद करने के फैसले को रद्द करने और वेतन विसंगतियों के निवारण की बात कही है। साथ ही सीधी भर्ती शिक्षकों के लिए केंद्र सरकार की तर्ज पर समान वेतन की मांग भी उठाई गई।

इस मौके पर अध्यक्ष गौश आजम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, अजय तिवारी, डी.डी. तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव, राधेश्याम गुप्ता, सुनील वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बंद कमरें में नहीं, खुले में एसडीएम ने की जनसुनवाई

### एसडीएम फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने की पहल



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनता की शिकायतें अब चार दीवारों के भीतर नहीं, खुले आसमान के नीचे सुनी जाएंगी। फरेंदा तहसील में उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र गौतम ने जनसुनवाई की व्यवस्था में बदलाव करते हुए अनूठी पहल की शुरुआत की है। अब हर सोमवार को जनसुनवाई तहसील परिसर के खुले बरामदे में की जाएगी। सोमवार को उपजिलाधिकारी ने स्वयं अपने कक्ष से बाहर आकर आमजन की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। उन्हें बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया गया है और इनके समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। जनता ने इस बदलाव का स्वागत किया। फरेंदा के निवासी राकेश यादव ने कहा, ÷पहली बार ऐसा महसूस हुआ कि अधिकारी हमारी समस्याएं वास्तव में सुन रहे हैं, और खुले में बात करने से हिचक भी नहीं रही।÷ उपजिलाधिकारी ने उम्मीद जताई कि इस पारदर्शी प्रणाली से न केवल शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान होगा, बल्कि आमजन का प्रशासन पर विश्वास भी और मजबूत होगा।

# आयतुल्लाह खामनेई के खिलाफ़ अपमानजनक खबरों को लेकर थानाध्यक्ष को सौंपा पत्र

**शिया समुदाय में रोष : ख़ामेनेई पर अपमानजनक खबर फैलाने वालों पर हो कार्रवाई**



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के शिया बहुल गाँव हल्लौर के निवासियों ने इंडिया टीवी और अन्य समाचार माध्यमों द्वारा अपने धार्मिक नेता आयतुल्ला ख़ामेनेई के खिलाफ अपमानजनक और भ्रामक खबरें प्रसारित करने को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में डुमरियागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है और संबंधित समाचार एजेंसियों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि बीते रविवार की रात से इंडिया टीवी के पोर्टल, हिंदुस्तान टाइम्स और अन्य समाचार माध्यमों पर यह खबर चल रही है कि मोसाद के एक कथित ट्विटर हैंडल ने दावा किया है कि आयतुल्ला ख़ामेनेई ÷दिन भर ड्रग्स लेते हैं और सोते रहते हैं। हल्लौर ग्रामवासियों का कहना है कि यह खबर पूरी तरह से निराधार, मनगढ़ंत और उनके धार्मिक नेता के प्रति घोर अपमानजनक है।

ग्रामवासियों ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि इस तरह की अपमानजनक और भ्रामक खबरों के प्रसारण से शिया समुदाय की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है और पूरे समुदाय में व्यापक रोष व्याप्त है। उनका मानना है कि यह कृत्य समाज में वैमनस्यता फैलाने और धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने का एक सोची-समझी साजिश है।

ग्रामवासियों ने थाना अध्यक्ष से इस गंभीर मामले का संज्ञान लेने, इंडिया टीवी और ऐसी अन्य सभी समाचार एजेंसियों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी खबरों के प्रसारण को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पुलिस इस मामले में त्वरित और उचित कार्रवाई करेगी।

# साहब इन देशी शराब की दुकानों पर भोर होते ही बिकने लगती मदिरा

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर ।** सहजनवा और हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में आबकारी विभाग के नियम को राख पर रखते हुए खुलेआम भोर से ही मदिरा की बिक्री शुरू कर देते है। वहीं आबकारी विभाग अंजान होने का हवाला दे रहा है। देशी शराब के दुकानदार खुल कर शासनादेश की धज्जियां उड़ा रहे है।

बताते चले कि कि भीटी रावत स्थित देशी शराब की दुकान पर भोर में 4 बजे से बिक्री शुरू हो जाती है। दिखाने के लिए दुकान का शटर बाहर से बंद रहता है। इसके सटे मॉडल शॉप स्वरूप चीखने की बिक्री की जाती है। शराब विक्रेता के आदमी इसी में शराब रखे रहते है। और 10 रुपए अधिक लेकर धड़ाधड़ बिक्री कर रहे है। यही नहीं दुकान के सामने एक छप्पर भी है। जहां मॉडल शॉप जैसा सैकड़ों की भीड़ भोर से ही जमा रहती है। जबकि शासन का सख्त आदेश है। की सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक शराब की दुकान खुलनी और बंद होनी चाहिए। लेकिन सब कुछ नियम इन देशी शराब विक्रेताओं के लिए लागू नहीं होता है। जोगियाकोल स्थित देशी शराब का दुकानदार तो भोर में हो अपना काउंटर खोल देता है। 10 रुपए अधिक दाम लेकर बिक्री की जाती है। पचौरी देशी शराब की दुकान से सेट एक किराने की दुकान खुली हुई है। यहां विक्रेता किराने की दुकान में रखकर बिक्री कर रहा है। साथ ही अनंतपुर स्थित देशी शराब की दुकान के पास भोर होते ही पियक्कड़ों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। यहां भी ऊंचे दाम लेकर बिक्री की जा रही है। इस संदर्भ में जिला आबकारी अधिकारी महेंद्रनाथ सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है।

# टांडा नगर के समर मौर्य ने क्षेत्र का नाम किया रौशन

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** टाण्डा बस स्टेशन के निकट मीरापुर स्थित नवकला स्टूडियो को कौन नही जानता। उनके प्रोप्राइटर मायाराम मौर्य के छोटे पुत्र समर मौर्य ने प्रथम प्रयास में ही सेंट्रल एक्साइज इंस्पेक्टर (केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निरीक्षक) का पद पाकर अपना व अपने परिवार के साथ समाज का नाम रौशन किया है। उन्होंने बताया कि उनकी प्रथम तैनाती आन्ध्र प्रदेश राज्य के निल्लौर में हुई है।

समर मौर्य अपनी तैनाती के बाद प्रथम बार जब अपने आवास आये तो घर परिवार व समाज के लोगों ने उनका गाजा बाजा के साथ स्वागत किया। माता, पिता सभासद घिसियावन मौर्य, बड़े बुजुर्गों के उन्होंने पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। माँ दुर्गा मंदिर पर समर ने मत्था टेका। दयाराम मौर्य, दिनेश मौर्य, सौरभ मौर्य प्रेमचन्द्र मौर्य, गंगाराम मौर्य, वेद प्रकाश मौर्य, मेवालाल मौर्य, सियाराम मौर्य, बहन स्वाति मौर्या, रवि मौर्य शब्बू मौर्य समेत सभी परिजनों व मोहल्ले वासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हैदरी चौक से निकाला गया पहली सफ़र का जुलूस

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर के मुस्तफाबाद स्थित हैदरी चौक से पहली सफर का गमगीन जुलूस का आगाज रविवार को प्रातः सात बजे मौलाना सैयद कुमैल अब्बास रिजवी की तकरीर के साथ हुआ।

अंजुमन जाफरिया कदीम मुस्तफाबाद के तत्वावधान में आयोजित निकले जुलूस में जंग -ए-कर्बला में यजीदी फौज की हिरासत में मासूम बच्चों व अहले हरम पर जुल्म जैसे जुलूस में दिखे मंज़र से अजादारो के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। इस अवसर पर हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की सवारी जुलजनाह व अलमारियों का परिचय मौलाना हसन जाफर ने कराया।

मौलाना तौसीफ अली, मौलाना इब्ने अली, मौलाना मोहम्मद हसन कर्बलाई, मौलाना तनवीर अब्बास, मौलाना कमरूल हसन, मौलाना मोहम्मद शारिब नजफी ने अपनी तकरीर में कर्बला की रूदाद बयान किया तो अजादार सिसकियां भरने पर मजबूर हो गए। फैजाबाद जनपद से आयी अंजुमन गुंचा -ए-मजलूमिया राठहवेली के अलावा अंजुमन इमामिया नगपुर, अंजुमन जाफरिया, अंजुमन जुलफेकारिया, अंजुमन हुसैनिया, रौनक ए इस्लाम, जीनत ए इस्लाम, नूर ए इस्लाम, सज्जादिया समेत दर्जनों स्थानीय अंजुमनों ने नौहा ख्वानी पेश किया।

जुलूस का समापन इमाम बाड़ा करैली तल में मौलाना सैयद कासिम अब्बास रिजवी की तकरीर के साथ हुआ। जंजीर व कमा का मातम से माहौल गमगीन हुआ।

# कांवड़ियों का जत्था अयोध्या धाम से हो रही वापसी प्रशासन मुस्तैद

अवधनामा संवाददाता



**बसखारी, अंबेडकरनगर।** सावन मास में भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर कांवरियों का जत्था 25 जुलाई को बसखारी क्षेत्र से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं ने लगभग 80 किलोमीटर की पद यात्रा करते हुए बसखारी बाजार में प्रवेश किया, जहां भक्ति, सेवा और सौहार्द्र का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

बसखारी पहुंचने पर भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष विकास मोदनवाल, सुमित मद्धेशिया, शिवम गुप्ता, प्रमोद कनौजिया, सोनू मौर्य, लवकुश, बालगोविंद मौर्य, देव कुमार, विनीत सोनी और लालमन यादव सहित कई लोगों ने श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। बाजार के नहर और चौराहे पर छोला-चावल, हलवा, खिचड़ी और शरबत के स्टॉल लगाकर कांवरियों की सेवा की गई।

इस अवसर पर विकास मोदनवाल ने बताया कि अयोध्या से रवाना हुए कांवरियों के साथ छोटे बच्चे भी टांडा से पद यात्रा में शामिल हुए हैं। कांवरिया दल का रात्रि विश्राम बसखारी स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर डिवाहरे बाबा पर होगा।

यात्रा का अगला पड़ाव नाग पंचमी (29 जुलाई) को होगा, जब कांवरिए पवित्र सरयू जल से जलाभिषेक कर शिवलिंग की पूजा अर्चना करेंगे और अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे।

गौरतलब है कि यह पद यात्रा न केवल आस्था और श्रद्धा की मिसाल है, बल्कि कठोर तप और सहनशीलता का भी परिचायक है। 24 घंटे लगातार चलने वाली यह यात्रा अत्यंत कठिन होती है, फिर भी शिवभक्तों का उत्साह और भक्ति देखकर हर कोई नतमस्तक हो जाता है।

# रेलवे लाइन के किनारे क्रासिंग के पास एक व्यक्ति का मिला शव

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** गोरखपुर गोंडा रेल खण्ड मार्ग पर स्थित शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन के पूर्व क्रासिंग के पास सोमवार की सुबह रेलवे लाइन के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। घटना की सूचना पाकर जीआरपी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक युवक की पहचान वीरेंद्र यादव पुत्र हरीराम यादव उम्र 45 वर्ष कठेला समय माता थाना क्षेत्र के ग्राम बसहिया का निवासी के रूप में हुई है। रविवार को वह बिना बताए घर से नाराज़ होकर मुम्बई जा रहा था कि सोमवार की सुबह रेलवे लाइन के किनारे उसका शव पड़ा हुआ मिला। शव के पास पालीथीन में रखा पुराना वस्त्र बरामद हुआ है। लोगों का कहना है कि सुबह चार बजे कोई ट्रेन पकड़क गोरखपुर की तरफ जा रहा होगा और ट्रेन से नीचे गिर गया जिससे उसके सिर व हाथ में चोट लग जाने पर घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग शिविर संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पीपुल्स इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग शिविर का समापन सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में लगभग 70 शिक्षार्थियों ने भाग लिया और संघ की गतिविधियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जिला संचालक दिनेश ने बताया कि संघ की शाखाओं के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण का कार्य किया जाता है। शाखाओं में नियमित रूप से स्वयंसेवकों को अनुशासन, देशभक्ति, तथा शारीरिक एवं बौद्धिक विकास से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है।

शिविर में शिक्षकों द्वारा स्वयंसेवकों को दंड, नियुद्ध, पदविन्यास, योगासन, तथा पारंपरिक खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सांगठनिक विषयों, संवाद और बौद्धिक कक्षाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों को मानसिक रूप से सशक्त बनाया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन जिला प्रचारक अवनीश ने सत्र के समापन की घोषणा करते हुए सभी स्वयंसेवकों, विद्यालय प्रबंधन व समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिविर की सफलता पर प्रसन्नता जताई और सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान वर्ग कार्यवाह रमेश, सह जिला प्रचारक राहुल, कुंवर आनंद सिंह, सौरभ पाल सिंह, अमरनाथ उर्फ सोनू सिंह, शिवकुमार पाण्डेय, श्याम सुंदर अग्रहरि, माधवेंद्र मिश्रा, सुनोध सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

**जलालपुर।अम्बेडकरनगर।** शादी का झांसा देकर लगातार कई वर्षों से दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मामला मालीपुर थाना के एक गांव का है।गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी बालिग पुत्री का भदोई गांव निवासी आलोक प्रजापति पुत्र राम नेवल से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया।वह पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी करने का वादा कर शारीरिक संबंध बनाने लगा।जब उसका मन भर गया तो वह अब शादी से इनकार करने लगा।पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस ने सोमवार की सुबह 7.20बजे के करीब उसे सलाहुद्दीनपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य,सिपाही अजय चौधरी और मनी कुमार मौजूद रहे। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# जिलाधिकारी ने किया चोरई द्वितीय के मनरेगा पार्क का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत चोरई द्वितीय, विकास खण्ड उसका बाजार के मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी नौगढ़ सर्वेश मोहन, खण्ड विकास अधिकारी उसका बाजार उसका बाजार व अन्य सम्बधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन अटल बिहारी वाजपेयी पार्क का डीएम ने किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सोमवार को मनरेगा कन्वर्जेसन से बन रहे अटल बिहारी वाजपेयी पार्क ग्राम पंचायत जगदीशपुर राजा, विकास खण्ड नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने झूला, खेल सामग्री इत्यादि की गुणवत्ता में खराब पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। सचिव विमलकान्त को निर्देश दिया कि जो सामग्री में कमी पाया गया है उसे तत्काल बदले।

# पुलिस द्वारा जालसाज गिरोह का भंडाफोड़, 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर बीएनएस से सम्बन्धित 05 आरोपी अभियुक्तों-01. राम विनोद तिवारी पुत्र हनुमान तिवारी, 02. मो0 शहबान पुत्र अब्दुल रहमान, 03. मो0 सलमान पुत्र मो0 शहबान, 04. ओमप्रकाश पुत्र हरीराम कोरी, 05. राकेश कुमार यादव पुत्र योगेन्द्र प्रसाद यादव को गिरफ्तार किया गया।

थाना को0 नगर में वादीगण पदुमनाथ पुत्र पाटेश्वरी प्रसाद निवासी ग्राम भानपुर, थाना इटियाथोक तथा मनोज कुमार शुक्ला एडवोकेट निवासी ग्राम नगहरा, थाना सिकरीगंज, जनपद गोरखपुर की लिखित तहरीर के आधार पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा करा लेने के सम्बन्ध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिनमें एक ही गिरोह द्वारा सुनियोजित षड्यंत्र के तहत फर्जी बैनामा व रजिस्ट्री कर भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश की गई।

# डीएम ने की जिला पोषण समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**गोंडा।** सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बच्चों, गर्भवती, धात्री, किशोरियों, महिलाओं को पोषण स्तर में सुधार लाने एवं उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दिये कड़े निर्देश।

साथ ही आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र विकसित करने, निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की प्रगति, मैम चिंहित बच्चों के पोषण श्रेणी में सुधार एवं उनकी स्वास्थ्य जांच एवं प्रबंधन, एनीमिया मुक्त भारत, बच्चों का आधार नामांकन, पोषण माह के क्रियांवयन, पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों के आधार सत्यापन, आंगनबाड़ी केंद्रों की जिओ टैगिंग एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार ड्राई राशन के वितरण आदि की बिंदुवार गहन समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा है कि राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत चलने वाले सभी कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से आयोजित किया जाए। कुपोषित अति कुपोषित बच्चों जल्द से जल्द स्वस्थ किया जाए। समीक्षा के दौरान विभागीय योजनाओं के फीडिंग की खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समय से फीडिंग कराने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिये हैं।जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने कहा कि जनपद के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर ईसीसीई किट जिसमें शिक्षा सामग्री एवं प्री स्कूल किट शामिल है, मौजूद होनी चाहिए। इसके अलावा सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर वजन मापने, लंबाई नापने आदि हेतु उपकरण मौजूद होने चाहिए। बच्चों के लिए खिलौने व पीने के लिए स्वच्छ पानी, शौचालय आदि की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अवश्य होनी चाहिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, डीपीओ सत्यपाल सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, सीडीपीओ, समस्त सीएससी अधीक्षक, सुरवाइजर, यूनीसेफ संस्था के पदाधिकारी, तथा अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हेपेटाइटिस दिवस पर आउटरीच कैम्प का हुआ आयोजन



**अम्बेडकरनगर।** शासन की मंशानुसार, महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, प्रोफेसर (डॉक्टर) मुकेश यादव जी के दिशा निर्देशों पर विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के द्वारा जनमानस को हेपेटाइटिस बिमारी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जागरूकता फैलाने हेतु टांडा ब्लॉक के सकरावल में आउटरीच कैंप आयोजित किया गया... कैंप का शुभारंभ उप प्रधानाचार्य एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर उमेश वर्मा ने किया.. कैंप में मरीजों की हेपेटाइटिस बी तथा सी के साथ संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया की भी जांच किया गया..इसके साथ ही साथ मरीजों की काउंसलिंग के साथ सैकड़ों मरीजों का उचित परामर्श के उपरांत दवा वितरण किया गया .यह कैंप पूरी तरह से निःशुल्क था.कैंप में सह आचार्य डॉक्टर मोहम्मद आतिफ के साथ, पीजी जेआर डॉ नीरज , डॉ राम, डॉ इफ्तेखार , डॉ मनुष्मीता, एपीडिमियोलॉजिस्ट डॉ सुल्तान, इंटर्न , वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन श्री मनीष, अतुल, श्रीमती पूनम यादव , इसराइल तथा जावेद के साथ सकरावल के सभासद शकील अंसारी और उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नाली व रास्ता निर्माण को लेकर तहसील दिवस में की गई शिकायत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** तहसील क्षेत्र के मछली के गांव में नाली एवं रास्ता का निर्माण ना होने से लोग परेशान हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर समस्या के निदान की गुहार लगाई है। मछलीगांव निवासी साजिद अली उर्फ सन्ने व नैयर अब्बास ने तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर कहा कि उनके घर के पास सार्वजनिक नाली व रास्ते का निर्माण ना होने के कारण घरों का गंदा पानी रास्ते पर भर रहा है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे लोगों में बीमारियां पनपने का खतरा बना हुआ है। मामले में पहले भी शिकायत किया गया जा चुका है। लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी है। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम जलालपुर राहुल कुमार गुप्त को ज्ञापन देकर मोहल्ले में जल्द रास्ता व नाली निर्माण कराने की मांग उठाई है।

# सही इल्म जानने के लिये नहजुल बलाग़ा पढ़ना ज़रूरी : मौलाना ज़हीर अब्बास

**अंजुमन फ़रोग़ मातम के सालाना अशरे की पहली मजलिस का हुआ आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नहजुल बलाग़ा में हज़रत अली अस ने कहा के इंसान की पहचान दो चीजों से होती है एक उसका निवास और दूसरा उसका ज़मीर इंसानो को लिबास से नहीं पहचाना चाहिए बल्कि उसके ज़मीर से पहचान करनी चाहिए उसकी ज़मीर ही उसकी हकीकत को बताता है।

उक्त उदगार तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित वक़्फ़ शाह आलमगीर सानी में अंजुमन फरोग मातम के सालाना अशरे (दस मजलिस) की पहली मजलिस को इलाहाबाद से आये मौलाना ज़हीर अब्बास रिज़्वी ने मजलिस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हम लोगो को मौला अली अस की लिखी हुई किताब नहजुल बलाग़ा को गौर से पढ़ना चाहिए और उससे इल्म हासिल करना चाहिए। मौलाना ने आगे कहा कि नहजुल बलाग़ा को पढ़कर दुनिया के हर गोशे में लोगों ने फायदा उठाया है नहजुल बलाग़ा एक ऐसी किताब है जिसमें इल्म का जखीरा भरा हुआ है और हमको उसको पढ़ना और उस पर अमल करना चाहिय।

मौलाना ने कहा कि अगर दिल में मोहब्बते अहलेबैत नहीं है तो हमारा हर अमाल बेकार जाएगा। अंत में कर्बला के मासायब बयान किया तो हर आंख में आंसू नजर आये। मजलिस की निज़ामत के फ़रायज़ अफसर हल्लौरी ने अंजाम दिये और हैदरे कर्रार व हमनवा ने मरसिया पेश किया।

मजलिस के दौरान सदर ई मोहम्मद मेंहदी, सिकरेट्री इक़बाल मेहदी, इन्तेजार हुसैन शबाब, जाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर, कसीम रिज्वी, फहीम रिजवी, शमशाद अली, बेताब हल्लौरी, शमशाद हल्लौरी, शम्स हैदर, खुस्तर रजा, आले रज़ा, आफ़ताब हैदर मीरा, अजीम मास्टर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शव रखकर मार्ग जाम किया

**मालीपुर चौराहे पर जाम के चलते घंटों अफरातफरी का माहौल रहा**

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** दुर्घटना में मृत युवक का शव सड़क पर रखकर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर जाम लगाने के मामले में उपनिरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने 13 ज्ञात,40 अज्ञात पुरुष और 10 अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध सड़क जाम करने समेत अन्य कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रकरण मालीपुर थाना के मालीपुर चौराहे का है जहां जाम के चलते घंटों अफरातफरी का माहौल रहा।

विदित हो कि मालीपुर थाना के जगतूपुर बिल्टई गांव निवासी दीपक उर्फ दीपू अपने दो साथियों के साथ कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए कपड़ा समेत अन्य सामान खरीदने बाइक से मालीपुर आ रहा था। इसी दौरान अकबरपुर मार्ग पर आर डी टेंट हाउस के पास ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई थी। तत्समय चालक दीपू समेत अन्य दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे।तीनों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर ले जाया गया जहां चिकित्सक ने दीपू को मृत घोषित कर दिया और दोनों युवकों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जलालपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

बीते शनिवार को जब युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर आया तो परिजनों ने पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन के विरुद्ध गलत और फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप था कि दुर्घटना में जिंदा बचे दोनों युवक दुर्घटना ट्रैक्टर द्वारा किया गया बताया गया है। जो खपुरा खानपुर उमरन गांव निवासी अंगद सिंह का है जिसे उसका पुत्र चला रहा था। किंतु पुलिस ट्रैक्टर से दुर्घटना मानने के बजाय स्कूल बस पर अड़ी रही।जिससे नाराज ग्रामीणों ने शव पिकअप पर रखकर मालीपुर चौराहे आए और शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता सीओ अनूप सिंह के साथ कई थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से बातचीत शुरू कर शव हटाने की अपील करती रही किंतु परिजन ट्रैक्टर मालिक अंगद सिंह आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने और ट्रैक्टर और चालक को हिरासत में लेने तक शव सड़क पर ही रखने पर अड़ी रहीं। अंततः पुलिस ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के आदेश पर ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध हिट एंड रन लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चालने आदि की धारा में मुकदमा दर्ज कर एफ आई आर की कापी परिवार को देने के बाद परिजन शव दाह संस्कार के लिए लेकर चले गए। सड़क से शव ले जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। इसके बाद पुलिस ने उपनिरीक्षक की तहरीर पर सहदेव, जगदीश, जगदीश की पत्नी, राजीतराम, सुदर्शन, छल्लन सिंह, धर्मेंद्र, सोनू, मनीराम, सौरभ, संजय, राम अशीष, मायाराम के साथ 40 ज्ञात पुरुष और 10 अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध सड़क जाम करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ग्राम सचिव ने किया अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सूपाराजा मे हो रहे अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण ग्राम सचिव महमूद अली ने किया। जहाँ मौके पर ग्राम प्रधान कुलदीप अपने देख रेख मे भवन का निर्माण कार्य सुचिता पुर्ण तरीके से उक्त कार्य कराते मिले। सचिव महमूद अली ने ग्राम प्रधान के अनपूर्णा भवन के निमार्ण कार्य के बेहतर कार्य हो इसके लिए सचिव महमूद ने ग्राम प्रधान की सरहना किया और सचिव ने बताया कि हर गांव में अन्नपूर्णा भवन कालाबाजारी पर लगेगा अंकुश गरीबों को मिलेगा हक का राशन जिले में गरीबों को उनके अधिकार का राशन समय पर और पारदर्शिता से दिलाने के लिए अन्नपूर्णा भवन योजना को तेजी से लागू किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य राशन की कालाबाजारी पर रोक लगाना और वितरण प्रणाली को सरल व सुदृढ़ बनाना है।



## 'मील पत्थर' है व्यापार समझौता

भारत-ब्रिटेन 'मुक्त व्यापार समझौता' एक उदाहरण, एक नमूना बन सकता है, क्योंकि भारत अमरीका और यूरोपीय संघ के साथ भी ऐसे ही समझौतों पर बात कर रहा है। आज भारत विश्व की चौथी और ब्रिटेन छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। ऐसे देशों के बीच 'मुक्त व्यापार समझौता' आपसी कारोबार, उद्योग, उत्पादन, निवेश और रोजगार के क्षेत्रों में 'मील पत्थर' साबित हो सकता है। भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय आधार पर बाजार खुलेंगे, लिहाजा उनके उत्पादों को एक बड़ा बाजार हासिल होगा। दोनों देशों के बीच फिलहाल करीब 56 अरब डॉलर का व्यापार होता है, जिसे 2030 तक 120 अरब डॉलर (10 लाख करोड़ रुपए) तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। समझौते के तहत अधिकतर भारतीय उत्पादों के निर्यात को 'शुल्क-शून्य' रखा गया है। ब्रिटेन की मशहूर स्कॉच व्हिस्की पर भारत में 150 फीसदी आयात शुल्क को घटा कर 75 फीसदी किया गया है। अगले 10 साल में इसे 40 फीसदी तक लाया जाएगा। भारत के कृषि-क्षेत्र में बासमती, अंगूर, मसाले, अल्फांसो, मछली आदि उत्पादों का निर्यात 7000 करोड़ रुपए से बढ़कर तीन साल में दोगुना हो जाएगा। वस्त्र पर 12 फीसदी शुल्क था, जो अब शून्य कर दिया गया है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, कंबोडिया के वस्त्र उत्पादों पर पहले से ही शून्य शुल्क है। रत्न-आभूषण पर शुल्क 4 फीसदी था, जिसे अब शून्य कर दिया गया है। अब 8100 करोड़ रुपए का व्यापार 5 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत अभी 8600 करोड़ रुपए के फार्मा उत्पाद ब्रिटेन को निर्यात करता है, लेकिन अगले तीन साल में तेजी आने की पूरी संभावनाएं हैं। भारत की 36 सेवा-क्षेत्रों में पहुंच बहुत आसान हो जाएगी। 400 भारतीय डॉक्टरों को भी प्रवेश मिल सकेगा। करीब 1800 भारतीय शेफ, योग प्रशिक्षक और शास्त्रीय संगीत से जुड़े प्रशिक्षकों को ब्रिटेन में सेवा देने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि समझौते से भारत के युवाओं, पेशेवरों, किसानों, महिलाओं और उद्योगों को बहुत लाभ होगा। खासकर निर्यातकों के लिए नए रास्ते खुलेंगे। हमारे समुद्री उत्पाद, विद्युत मशीनरी, फर्नीचर, खेल सामग्री, वाद्य यंत्र और घड़ियां, चमड़ा/जूते, प्रसंस्कृत खाद्य, परिवहन और ऑटो, लकड़ी और कागज, फल, तिलहन, सब्जियां, अनाज, तेल, चाय, कॉफी आदि पर अब शुल्क शून्य होगा। इससे एमएसएमई उद्योगों द्वारा बनाए गए उत्पादों की ब्रिटेन के बाजारों तक आसान पहुंच संभव होगी। हालांकि डेयरी क्षेत्र में दूध, घी, मक्खन, पनीर आदि को रियायतों से बाहर रखा गया है। अनाज में गेहूं, चावल, मक्का, मोटा अनाज मसलन-ज्वार, बाजरा, रागी आदि को भी कोई रियायत नहीं दी गई है। फलों में सेब, अनानास, संतरे, अनार जैसे उत्पाद बाहरी सूची में रखे गए हैं। बहरहाल तीन साल की मशक्कत, आपसी संवाद, कारोबार की स्थितियों पर लंबे विमर्श के बाद यह समझौता संभव हो पाया है। किसी भी विकसित देश के साथ भारत का यह पहला 'मुक्त व्यापार समझौता' है। अमरीका के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। आम धारणा है कि भारत विदेशी वस्तुओं के आयात पर अधिक शुल्क वसूलता है। भारत की औसत शुल्क दर 17-19 फीसदी है। हालांकि कृषि उत्पादों पर 39 फीसदी तक शुल्क रहा है। इस करार के बाद ब्रिटिश उत्पादों पर 15 फीसदी से घटा कर मात्र 3 फीसदी शुल्क ही लगाया जाएगा। नतीजतन ब्रिटेन का निर्यात बढ़ेगा। भारत के 99 फीसदी से अधिक उत्पाद, ब्रिटेन के बाजार तक, 'शुल्क-मुक्त' पहुंच पाएंगे, लिहाजा भारत का निर्यात भी बढ़ेगा। भारत ने उस देश से करार किया है, जिसका वह करीब 200 साल तक 'उपनिवेश' रहा। गुलाम देश बनकर रहा। ब्रिटेन ने उस दौर में भारत के 45 ट्रिलियन डॉलर मूल्य के धन, संसाधन, बेशकीमती सामान लूटे और अपने देश ले गया। यह राशि आज के अमरीका की कुल 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की डेढ़ गुना है। बहरहाल आज नया भारत है और नया ब्रिटेन है। हम कई मायनों में ब्रिटेन से बहुत आगे हैं। इस समझौते से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को विस्तार मिलेगा। यह करार आईटी, वित्तीय, कानूनी, पेशेवर और शैक्षिक सेवाओं के बाजार को भी विस्तार देगा। भारत-ब्रिटेन का व्यापार समझौता ऐसे समय आया है, जब ट्रंप की 'टैरिफ नीति' ने दुनिया में हडकंप मचाया हुआ है।

## विकास की दौड़ में दरकिनार भुखमरी

संजीव ठाकुर

कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी भुखमरी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं।

भारत के विकास पर जनसंख्या का भारी दबाव है उस पर उसके संसाधन तथा उत्पादन के संतुलन में 141 करोड़ की जनसंख्या भारी पड़ती है। देश में इतनी बड़ी जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधन बहुत ही सीमित और न्यून है, इन परिस्थितियों में देश को अपने उपलब्ध कृषि,जल, खनिज तथा अन्य संसाधनों का अधिकतम दोहन कर आर्थिक स्थिति को द्रुत गति से सुधारना होगा और निसंदे- इसके लिए हमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक एवं अन्य अनुसंधान का आवश्यक रूप से सहारा लेना होगा तब जाकर हमारी आर्थिक स्थिति का संतुलन जनसंख्या के अनुपात में समानुपातिक हो पाएगा और परिणाम स्वरूप गरीबी तथा भुखमरी से संपूर्ण रूप से ना सही पर काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब व्यक्ति झेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करना निर्धारित किया गया है। अनेक अर्थ शास्त्रियों ने अपने अलग अलग मत व सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं । कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता का हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है। दूसरी तरफ एशिया,अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन, कम मूल्य प्रदान करते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99.8 फीसदी यानी 7.23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं। इसमें 21.6 लाख मतदाताओं का निधन हो चुका है। 31.5 लाख मतदाता स्थाई तौर पर दूसरे स्थानों-शहरों में बस गए हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज हैं। बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं।**


# मतदाता सूची मामले में देश को गुमराह कर रहा विपक्ष

बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर पूरा हो चुका है। बिहार विधानसभा से लेकर संसद तक एसआईआर का विरोध जारी है। हालांकि विपक्ष के तीखे विरोध के बीच चुनाव आयोग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर बिहार तक ही सीमित नहीं रहेगा। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम राज्यों में


डॉ. आशीष वशिष्ठ

विधानसभा चुनाव होने हैं। सिर्फ असम में भाजपा सरकार है। शेष राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं। वे अभी से चौकन्नी हो गई हैं और एसआईआर को एक राष्ट्रीय मुद्दा बना देना चाहती हैं। वास्तव में विपक्ष रणनीति के तहत एसआईआर पर देशवासियों को गुमराह कर रहा है। सड़क से संसद तक वो एसआईआर का विरोध कर रहा है, और चुनाव आयोग पर अमर्यादित बयानबाजी से लेकर आरोप तक लगा रहा है। जबकि तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि बिहार में एसआईआर का विरोध कर रही पार्टियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट यानी बीएलए को बढ़-चढ़कर काम में लगाया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 23 जून को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के पहले कांग्रेस ने केवल 8586 बीएलए लगाए थे। लेकिन 25 जुलाई को प्रक्रिया समापन के वक्त कांग्रेस के 17549 बीएलए नियुक्त रहे। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया का विरोध करने के बावजूद इसके लिए 105 फीसदी बीएलए बढ़ाए।

भाजपा के 53338 बीएलए प्रकिया का हिस्सा बने। राष्ट्रीय जनता दल के 47506 बीएलए प्रक्रिया में शामिल हुए। जनता दल यूनाइटेड के 36550 बीएलए शामिल हुए। लेफ्ट पार्टियों ने एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत में दिलचस्पी नहीं दिखाई लेकिन आखिर तक इन पार्टियों ने भी बीएलए की संख्या बढ़ाई। बिहार में 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कुल 1 लाख 60 हजार 813 बीएलए गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बने। किसी तरह की अनियमितता होने पर विपक्षी दलों के कार्यकर्ता तुरंत अपना विरोध कर सकते हैं, लेकिन अब तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है जहां विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने इसकी शिकायत की हो। केवल विपक्ष के नेता ही इस तरह की बात कर सनसनी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष का असली चेहरा और चरित्र यही है। वो एक और देशवासियों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं की साख को धूमिल करने का कुकृत्य करता है, तो वहीं दूसरी और कानून प्रक्रियाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा भी लेता है। बिहार ही नहीं देशभर में फर्जी और अयोग्य मतदाताओं को हटाने के मांग राजनीतिक दल समय समय पर उठाते रहे हैं। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला



वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के 99.8 फीसदी यानी 7.23 करोड़ मतदाता इस रिवीजन प्रक्रिया में कवर हो चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि पुनरीक्षण में बिहार में कम से कम 61 लाख मतदाताओं के नाम कट सकते हैं। इसमें 21.6 लाख मतदाताओं का निधन हो चुका है। 31.5 लाख मतदाता स्थाई तौर पर दूसरे स्थानों-शहरों में बस गए हैं। हैं। लगभग सात लाख मतदाताओं के नाम दो स्थानों की मतदाता सूची में दर्ज हैं।

बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं। विधानसभाओं में कुछ सौ मतदाताओं का अंतर ही जीत-हार पर असर डाल देता है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में करीब बीस प्रतिशत सीटों पर जीत और हार का अंतर महज ढाई फीसद तक ही था। इनमें से 17 सीटों पर जीत तो एक प्रतिशत के कम वोट से ही हुई थी। अगर गहन पुनरीक्षण में इन मतदातओं के नाम नहीं काटे गए तो उनके नाम पर चुनावी नतीजों को बदला जा सकता है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। हालांकि देश की राजनीति के लिए यह कोई पहली बार नहीं है जब किसी राजनीतिक दल ने चुनाव बहिष्कार की धमकी दी हो। इससे पहले भी जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों में अनेक बार कुछ राजनीतिक दलों और अतिवादी संगठनों ने चुनाव के बहिष्कार की धमकी दी। आपातकाल के बाद भी प्रमुख विपक्षी दलों ने चुनाव के बहिष्कार करने की बात की थी। हालांकि इसके बावजूद वहां चुनाव हुए और उन सभी लोगों ने चुनाव में हिस्सा भी लिया और जीत हासिल की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर का मुद्दा अपनी स्टाइल में उठा रहे हैं। वो केंद्र की बीजेपी सरकार पर वोटों की चोरी का आरोप लगा रहे हैं। वोटिंग में गड़बड़ी का इल्जाम तो राहुल गांधी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद से ही लगाने लगे थे, लेकिन अब ज्यादा जोरदार तरीके से उसे उठा रहे हैं। राहुल गांधी महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोटिंग में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं, लेकिन बाकी चुनावों के मामले चुप्पी साध लेते हैं। राहुल गांधी पिछले कई दिनों से चुनाव आयोग पर तल्ख, अमर्यादित और अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। असल में राहुल गांधी चुनाव आयोग और चुनाव मशीनरी को दबाव में लेना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुले मंच से यह घोषणा कर चुकी हैं कि वे बंगाल में एसआईआर नहीं होने देंगी। विपक्ष के कई दूसरे नेता भी एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो लोकसभा चुनाव के दौरान मोहब्बत की दुकान, संविधान की रक्षा और संविधान की कॉपियां लेकर देशभर में घूमते थे और भाजपा पर संविधान विरोधी होने और संविधान बदलने का आरोप लगाते थे। यही इनका मूल चरित्र है। 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने भाजपा के सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने का खतरा होने का मुद्दा उठाया था। इससे कांग्रेस को अच्छी सफलता मिली थी। उसी तरह विपक्ष लोगों के बीच वोट खोने का डर और चुनाव में गड़बड़ी का मुद्दा उठाकर बढ़त हासिल करना चाहता है। इससे वह सत्ता पक्ष पर दबाव बनाने के साथ-साथ जनता के बीच अपनी पकड़ भी मजबूत करना चाहता है। यदि जनता के एक प्रतिशत लोगों के मन में भी अपना वोट खोने का डर पैदा हो जाता है तो इससे पूरा चुनावी गणित बदल सकता है। कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल पूरी तैयारी के साथ इसी रणनीति पर काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति की दिशा में मध्य एशिया

**कई बार ऐसी अमानवीय घटना भी घटी कि जब जीएचएफ़ के भोजन वितरण केंद्र पर मदद लेने के लिए भूख से तड़पते बच्चे व महिलायें भोजन की ख़ातिर आकर लाइन में लगे उसी समय उन पर इसराइली सुरक्षा बलों ने गोलियां चला दीं जिससे दर्जनों लोग मरे गये। कई बार इस्राईली सुरक्षा बलों द्वारा भूखे शरणार्थियों को खाना देने के लिये बुलाया गया, बाद में लाइन में खड़े होने के बाद उनपर गोलीबारी कर अनेक लोगों की हत्या कर दी गई।**

इस्राईल को लंबे समय से मिल रहे अमेरिकी संरक्षण से वैसे तो पूरी दुनिया भली भांति वाक़िफ़ है। परन्तु अब इस अमेरिकी संरक्षण के चलते इस्राईल ख़ासतौर से ग़ज़ा में जिसतरह मानवता की लगातार बर्बर हत्या करता जा रहा है उसे देखकर दुनिया के अधिकांश देश न केवल इस्राईल के ख़िलाफ़ होते जा रहे हैं बल्कि उन्हें इस्राईल को दिया जाने वाला अमेरिकी संरक्षण भी अब रास नहीं आ रहा है। वास्तव में शांतिप्रिय मध्य एशिया में तबाही,बर्बादी व अशांति की


तनवीर जाफ़री

इबारत लिखने वाला अमेरिकी संरक्षित इस्राईल ही है। 7 अक्टूबर 2023 को जब से दक्षिणी इस्राइल पर हमास द्वारा हमले किये गये और 251 लोगों को बंधक बनाया गया उसके बाद इस्राईली सेना (आईडीएफ़) ने हमास की आतंकी कार्रवाई के जवाब में जिस तरह ग़ज़ा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू की और आज तक जारी है उसने इस्राईल व अमेरिका के अमानवीय चेहरे को पूरी तरह उजागर कर दिया है। ग़ज़ा में बर्बरता और अत्याचार की हर सीमाओं को इस्राईल पार कर चुका है। रिहाइशी बस्तियों अस्पतालों स्कूलों शरणार्थी कैंपों धर्मस्थलों आदि को खंडहर बनाने के बाद अब भूखे निहत्थों को मार रहा है।

ख़बर है कि ग़ज़ा में ग़ज़ा ह्यूमनटेरियन फ़ाउंडेशन (जीएचएफ़) की ओर से बांटा जा रहा खाना बहुत कम लोगों तक पहुंचने के कारण वहां भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कई बार ऐसी अमानवीय घटना भी घटी कि जब जीएचएफ़ के भोजन वितरण केंद्र पर मदद लेने के लिए भूख से तड़पते बच्चे व महिलायें भोजन की ख़ातिर आकर लाइन में लगे उसी समय उन पर इसराइली सुरक्षा बलों ने गोलियां चला दीं जिससे दर्जनों लोग मरे गये। कई बार इस्राईली सुरक्षा बलों द्वारा भूखे शरणार्थियों को खाना देने के लिये बुलाया गया, बाद में लाइन में खड़े होने के बाद उनपर गोलीबारी कर अनेक लोगों की हत्या कर दी गई। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार पिछले दो महीनों में भोजन हासिल करने की कोशिश कर रहे एक हज़ार से अधिक फ़िलस्तीनी, इस्राईली हमलों में मारे जा चुके हैं। इनमें से कम से कम 766 लोगों की मौत उन चार वितरण केंद्रों के आसपास हुई है, जिन्हें जीएचएफ़ संचालित करता है। इसके अलावा 288 लोगों की मौत संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता केंद्रों के पास हुई है। सौ से अधिक सहायता संगठनों और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि ग़ज़ा में बड़े पैमाने पर मानव जनित भुखमरी फैल रही है। अंतरराष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने इन हालात के लिए इस्राईल को ज़िम्मेदार ठहराया है क्योंकि वही फ़िलस्तीनी क्षेत्रों में भेजी जाने वाली सप्लाई को नियंत्रित करता है।

आम लोग ही नहीं बल्कि ग़ज़ा में युद्ध की रिपोर्टिंग करने वाले अनेक स्थानीय व विदेशी पत्रकार व उनका परिवार भी भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। कुछ पत्रकार तो इस हद तक



असहाय हो चुके हैं कि वे अपने मासूम असहाय बच्चों व परिवार के लिए भोजन तक नहीं जुटा पा रहे हैं। ग़ज़ा में काम करने वाले कुछ पत्रकार तो अपनी जान की बाज़ी लगाकर लाइनों में लगकर चैरिटी किचन से खाना ले रहे हैं। उनके बच्चे दिन में सिर्फ़ एक बार दाल, चावल या पास्ता खा कर गुज़ारा करने को मजबूर हैं। कुछ पत्रकारों ने तो यहाँ तक बताया कि उन्होंने भूख दबाने के लिए नमक मिला पानी पीना शुरू कर दिया है। ज़रा सोचिये जिन पत्रकारों की बदौलत दुनिया को इस्राईली सेना के ज़ुल्म और ग़ज़ा के लोगों की बेबसी व बर्बादी की ख़बर सुनाई व दिखाई देती थी अगर वही पत्रकार व उनका परिवार सुरक्षित नहीं रहेगा तो अमेरिकी संरक्षित इस्राईल के काले करतूत दुनिया तक कैसे पहुंचेंगे? इन्हीं हालात में अनेक अंतर्राष्ट्रीय राहत संगठन और मानवाधिकार समूह बड़े पैमाने पर भुखमरी फैलने की चेतावनी दे रहे हैं।

एक ओर तो इस्राईल-अमेरिका फ़िलिस्तीनियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले हमास को आतंकी संगठन बताकर उसकी आड़ में पूरे फ़िलिस्तीन पर नियंत्रण हासिल करने की फ़िराक़ में है तो दूसरी ओर यही इस्राईल-अमेरिकाअहमद हुसैन अल-शरा, जिसे अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से भी जाना जाता है,को सीरिया में बशर अल असद का तख़्ता पलटकर उसे अंतरिम राष्ट्रपति बना देता है। यह वही जुलानी है जिसपर कुछ समय पहले तक अमेरिका ने दस मिलियन डॉलर का ईनाम घोषित कर रखा था। क्योंकि वह अलक़ायदा से जुड़ा था। 2017 में उसने अन्य कई आतंकी संगठनों के साथ मिलाकर हयात तहरीर अल-शाम ॥ड्ढस नामक संगठन बना लिया था। अमेरिका ने ॥ड्ढस को आतंकी लिस्ट में भी रखा था। अब अमेरिका ने उसके संगठन ॥ड्ढस को आतंकी लिस्ट से भी हटा दिया है । गोया जो व्यक्ति अमेरिका के हर विभाजनकारी इरादों में साथ रहे वह उसके लिए आतंकवादी नहीं और जो उसके और इज़रायल के ख़िलाफ़ हो या अपनी स्वतंत्र नीति रखता हो वह आतंकवादी घोषित हो जाता है चाहे वह ईरान जैसा संप्रभुता संपन्न राष्ट्र ही क्यों न हो?

बहरहाल, अमेरिका को सर्वशक्तिमान मानने वाले व अमेरिकी रहम ो करम पर जीने वाले कुछ अमेरिकी पिट्ठू देशों की शासकों व तानाशाहों की बात छोड़ दें तो पूरा विश्व ख़ासकर मध्य एशियाई देश इस बात को समझ चुके हैं कि अब समय आ गया है कि किसी भी तरह इस्राईल को सबक़ सिखाया जाये और मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति दिलाई जाये। ईरान का भय दिखाकर सुन्नी शिया मतभेदों को बढ़ावा देना दरअसल अमेरिका की सुन्नी देशों के प्रति हमदर्दी नहीं बल्कि एक बड़ी चाल है जिसे मुस्लिम जगत अब बख़ूबी समझ चुका है। मुस्लिम जगत जुलानी की आड़ में सीरिया को बर्बाद करने की साज़िश को भी समझ रहा है।परन्तु ख़बर यह भी है कि सीरियाई जनता भी अमेरिका इस्राईल के सीरिया के प्रति नापाक इरादों को भांप कर एकजुट होने लगी है। मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिका से मुक्त कराने के शुरुआत संकेत मिलने लगे हैं। ईरान ने गत 23 जून को क़तर की राजधानी दोहा स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे अल-उदीद एयरबेस पर मिसाइलें दाग़ कर तथा इराक़ और सीरिया में भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिकी सैन्य अड्डे मध्य एशियाई क्षेत्रों में सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही इराक़ी प्रतिरोध समूहों, विशेष रूप से कताइब हिज़्बुल्लाह, ने इराक़ी सरकार को यह चेतावनी जारी कर दी है कि वह अमेरिकी सेना को दो महीने के भीतर बगदाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और ऐन अल-असद बेस जैसे इराक़ी सैन्य ठिकानों, से पूरी तरह से हटने के लिए कहे। इराक़ी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी को इस संबंध में पहले से सहमति के आधार पर कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था, और अब केवल दो महीने बचे हैं। यानी सितंबर 2025 के अंत तक अमेरिका को इराक़ छोड़ने की चेतावनी दे दी गयी है। इस चेतावनी में यह भी कहा गया है कि अगर यह कार्रवाई समय सीमा में पूरी नहीं हुई, तो उनकी अलग राय होगी। ,

# पप्पू यादव का सियासी तड़का, तेजस्वी को चुनौती या रणनीति

**पप्पू यादव का कांग्रेस के नेताओं को आगे करने वाला यह बयान बिहार की राजनीति में नये मोड़ का संकेत देता हुआ प्रतीत हो रहा है। पप्पू यादव ने स्पष्ट किया कि वह स्वयं मुख्यमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस की ओर से तेजस्वी यादव को सीएम उम्मीदवार घोषित करने पर भी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। हालांकि, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का अंतिम निर्णय ही मायने रखेगा। जाहिर है पप्पू यादव का यह बयान महागठबंधन की एकजुटता पर सवाल उठाता है।**

बिहार की सियासत में हाल ही में पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव (राजेश रंजन) ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में दलित नेता राजेश राम और मुस्लिम नेता तारिक अनवर के नाम प्रस्तावित किए। इस बयान ने न केवल महागठबंधन आरजेडी, कांग्रेस, और अन्य सहयोगी दलों का गठबंधन में हलचल


शाहिद नकवी

मचाई,बल्कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव की रणनीति पर भी सवाल उठाए। पप्पू यादव का यह कदम क्या वाकई लालू यादव के लिए एक सियासी झटका है?आइए, इस मुद्दे का विस्तृत विश्लेषण करें।पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात के बाद बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सियासी हलचल मचाने वाला बयान दिया। उन्होंने इशारों में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार मानने से इनकार करते हुए राजेश राम और तारिक अनवर को कांग्रेस की ओर से संभावित चेहरे के रूप में पेश किया। बता दें कि पप्पू यादव अपनी जन अधिकार पार्टी को कांग्रेस में विलय कर चुके हैं। वह कांग्रेस के बड़े नेताओं के संपर्क में हैं। हाल में ही राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के बाद कहा कि उन्हें दोनों नेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी की प्राथमिकता एनडीए और बीजेपी को रोकना है। पप्पू यादव ने बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम को बड़ी भूमिका सौंपे जाने की बात कही और उन्हें संभावित मुख्यमंत्री चेहरों में से एक बताया। इसके साथ ही उन्होंने तारिक अनवर का नाम भी प्रस्तावित किया, जिससे तेजस्वी यादव की उम्मीदवारी पर सवाल उठ गए।

पप्पू यादव के इस बयान ने महागठबंधन में दरार की अटकलों को हवा दी है, जबकि राजद ने स्पष्ट किया कि तेजस्वी यादव ही उनके नेता रहेंगे। राजद ने उनके बयान को खारिज करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव 2020 की तरह ही 2025 विधानसभा चुनाव में महागठबंधन का नेता हैं। वहीं, दूसरी ओर पप्पू यादव का कांग्रेस के नेताओं को आगे करने वाला यह बयान बिहार की राजनीति में नये मोड़ का संकेत देता हुआ प्रतीत हो रहा है। पप्पू यादव ने स्पष्ट किया कि वह स्वयं मुख्यमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस की ओर से तेजस्वी यादव को सीएम उम्मीदवार घोषित करने पर भी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। हालांकि, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का अंतिम निर्णय ही मायने



रखेगा। जाहिर है पप्पू यादव का यह बयान महागठबंधन की एकजुटता पर सवाल उठाता है, खासकर तब जब राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने दोहराया कि 2020 की तरह 2025 में भी तेजस्वी यादव ही उनके नेता हैं और मुख्यमंत्री पद का चेहरा भी।

बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बिहार बंद में अपने कथित अपमान के बाद जो बयान दिया है, उसका सीधा असर राजद नेता और विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव पर पड़ सकता है। सांसद पप्पू यादव ने भावी सीएम के नाम पर तेजस्वी यादव की चर्चा न कर महागठबंधन की राजनीति में भूचाल ला दिया है। बड़ी बात तो ये हो गई कि सांसद पप्पू यादव ने महागठबंधन की राजनीति में कांग्रेस को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में आने का एक तरह से न्योता ही दे डाला। जानते हैं कि ऐसा पप्पू यादव ने क्या कहा कि बिहार की राजनीति चकरघिन्नी की तरह घूम गई। बिहार की राजनीति में सीएम फेस को लेकर पप्पू यादव ने एक नई बाजी बिछा दी है। वह भी बयानों से नहीं बल्कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर बिहार की सियासत पर बात की। और कांग्रेस से एक बार बिहार के नेतृत्व के प्रति आग्रह भी कर गए।पप्पू यादव ने एक बार फिर बिहार में नेतृत्व को ले कर दलित और मुस्लिम से किसी नेता को आगे लाने की सलाह दी। पप्पू यादव ने इस संदर्भ में पत्रकारों से भी बात की और कहा कि कांग्रेस के पास मुख्यमंत्री पद के चेहरों की कमी नहीं है। बिहार के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और सांसद तारिक अनवर सीएम फेस हो सकते हैं। तारिक अनवर के पास तो अपार अनुभव भी है। सांसद पप्पू यादव ने एक बार फिर राजद के दलित और मुस्लिम प्रेम की परीक्षा ले ली। यही काम स्व. रामविलास पासवान ने भी किया था। फरवरी ,2005 के विधानसभा चुनाव के परिणाम जब आए तो रामविलास पासवान किंगमेकर बन कर उभरे थे।उस चुनाव में आरजेडी को 75 सीटें हासिल हुई। 84 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस 10 सीटें जीती और लालू को चुनौती देने वाले पासवान 29 सीट जीतकर किंगमेकर बने। इधर, बीजेपी को 37 और नीतीश की पार्टी जेडीयू को 55 सीटें मिली। हालांकि इस चुनाव में एक खंडित जनादेश था, पर पासवान लालू को समर्थन देते तो आरजेडी लेफ्ट कांग्रेस और निर्दलीय के साथ मिलकर सरकार बना सकती थी, लेकिन पासवान ने ऐन मौके पर मुस्लिम सीएम की शर्त रख कर राजद सुप्रीमो की बोलती बंद कर दी। और 1990 से बिहार की सत्ता संभाले राजद सुप्रीमो के हाथ से सत्ता चली गई। इस बार मुस्लिम या दलित सीएम का कार्ड खेल पप्पू यादव ने कांग्रेस के आलाकमान को नेतृत्व की पाठ पढ़ा दी। साथ ही राजद के छद्म मुस्लिम और दलित प्रेम को उजागर भी कर दिया।दरअसल , यह वर्ष 2025 ,के चुनावी जंग का ट्रेलर है। जहां पप्पू यादव का मकसद तेजस्वी यादव को सीएम के रेस से बाहर रखना है। इसकी शुरुआत दिल्ली में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ पप्पू यादव की मुलाकात के साथ ही चुकी है। जाहिर है नेतृत्व को लेकर कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और कन्हैया कुमार ने भी तेजस्वी यादव पर ना कहा था। वाम दल भी इसी विचार के साथ चल कर तेजस्वी के नेतृत्व की घोषणा से परहेज रखने की सलाह दी थी। अब पप्पू यादव की मुहिम क्या रंग लाती है यह तो समय के गर्भ में है। पर सीएम फेस को लेकर महागठबंधन में बहस की गुंजाइश तो बन गई है।अब सवाल ये खड़ा होता है कि पप्पू यादव का दलित और मुस्लिम कार्ड रणनीति है या बगावत? पप्पू यादव का यह प्रस्ताव कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है।

# धनलक्ष्मी बैंक से ऑनलाइन लोन कराने के नाम पर रुपयों की मांग

- अवैध सुविधा शुल्क मांगे जाने पर पीड़ित ने दर्ज की एफआईआर
- फाइल स्टीमेट के नाम पर 43 हजार रुपये फोन-पे से जमा कराने का भी आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिले के तालाबपुरा निवासी अभिषेक पुत्र रमेश सिंह के साथ एक बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने ललितपुर साइबर क्राइम पुलिस थाना में दर्ज कराई एफआईआर (संख्या 0021/2025) में बताया कि उन्होंने धनलक्ष्मी बैंक से 14 लाख रुपयों का लोन लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। लोन प्रोसेसिंग के नाम पर उनसे 43 हजार रुपये की राशि फोन-पे के माध्यम से वसूली गई। शिकायत के अनुसार, इसके बाद भी 5 हजार रुपये की अतिरिक्त गैरकानूनी मांग की जा रही थी। जब पीड़ित ने अपनी आर्थिक स्थिति खराब होने की बात कहते हुए लोन निरस्त करने को कहा तो अबतक जमा कराए गए रूपये भी वापस नहीं किए गए।




**प्रमुख धाराएं-** इस पूरे घटनाक्रम के सम्बन्ध में पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 की धारा 66 डी और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**पुलिस जांच जारी-** साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर गंभीरता से जांच प्रारंभ कर दी गई है। डिजिटल भुगतान और संबंधित खातों की जानकारी को खंगाला जा रहा है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें न्याय की गिरफ्त में लाया जाएगा।

**पीड़ित की व्यथा-** पीड़ित अभिषेक ने रिपोर्ट में लिखा है कि मैं एक गरीब व्यक्ति हूं, पैसे की कमी की वजह से ही लोन लेने की कोशिश की थी। पर धोखाधड़ी में मेरी कमाई की पूरी जमा पूंजी चली गई। मैं निराश हूं, कृपया मेरी सहायता की जाए और मेरा पैसा वापस दिलाया जाए।

**साइबर क्राइम से रहें अलर्ट-** साइबर विशेषज्ञों ने आम जनता को सतर्क करते हुए कहा है कि कोई भी बैंक लोन स्वीकृति के लिए फाइल चार्ज या प्रोसेसिंग फीस फोन पे, गूगल पे या किसी अन्य मोबाइल वॉलेट के माध्यम से नहीं लेता। ऐसी किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की तुरंत पुलिस या साइबर सेल को सूचना दें। साइबर एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आप भी ऑनलाइन लोन या बैंकिंग से जुड़ी किसी योजना का लाभ लेने जा रहे हैं, तो पहले बैंक की आधिकारिक वेबसाइट से संपर्क करें और किसी भी प्रकार के डिजिटल लेन-देन से पहले उसकी प्रमाणिकता जांच लें। इस प्रकार के मामलों से खुद को और अपने करीबियों को बचाए रखने के लिए सतर्क रहें-सुरक्षित रहें।

# ललितपुर के हजारों निवेशकों की गुहार

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जनपद से एक बेहद संवेदनशील और दुर्भाग्यपूर्ण आर्थिक घोटाले की परतें सामने आ रही हैं। द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) में अपने मेहनत की कमाई निवेश करने वाले हजारों गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार स्थिति से बेहद आहत हैं और अब न्याय की आस में देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्थाओं का दरवाजा खटखटा रहे हैं। ललितपुर, जालौन, लखनऊ, बाराबंकी सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के पीड़ितों ने महामहिम राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीशगण, राज्यपाल तथा अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। इस ज्ञापन में पीड़ित परिवारों ने आरोप लगाया है कि एलयूसीसी सोसाइटी के प्रमोटरों में समीर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मानवेन्द्र द्विवेदी तथा अन्य सहयोगियों ने बैंकों जैसी स्कीम चला कर




निवेशकों को 5 वर्ष में रकम दोगुनी करने, कार, भवन और अन्य उपहार दिलाने का प्रलोभन देकर करीब 1600 करोड़ रुपये की ठगी की है।

जमीन, मकान, गहने तक बेच दिए- अब लौटाने वाला कोई नहीं

पीड़ितों ने बताया कि उन्होंने बच्चों की शिक्षा, विवाह, इलाज और आवास के सपने संजोते हुए अपनी जीवन भर की पूंजी एलयूसीसी में निवेश की। लेकिन जब वक्त आया पैसे लौटाने का, तब सोसाइटी ने कार्यालय बंद कर दिया और आरोपी फरार हो गए। ज्ञापन में पीड़ितों ने दावा किया है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद आरोपी प्रभावशाली नेटवर्क और न्यायिक अधिकारियों से सांठगांठ कर जेल से छूटते जा रहे हैं, जिससे निष्पक्ष न्याय की उनकी उम्मीद लगभग समाप्त होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सम्बन्धित न्यायालय द्वारा आरोपियों को बार-बार रिहा करना, रिमांड की स्वीकृति न देना और अभियोगों में से गंभीर धाराओं को हटाना दर्शाता है। पीड़ितों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा है कि यदि उन्हें जल्द न्याय नहीं मिला तो वे सामूहिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कहा कि अपने खून-पसीने की मेहनत सोसाइटी में यह सोचकर लगाई कि भविष्य बेहतर होगा, लेकिन अब सब कुछ लुट गया।

## सीडीओ ने किया बालगृह व सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**ललितपुर।** ग्राम दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) का सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने औचक निरीक्षण किया, जहां सीडीओ को 13 बालक निवासरत पाये गये। तदोपरान्त नेहरू नगर स्थित राजकीय सम्प्रेण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया, जहां 39 किशोर निवासरत पाए गए। उक्त दोनों संस्थाओं में बालकों, किशोरों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान, खेलकूद, स्वच्छ पेयजल, मनोरंजन इत्यादि विषयों पर पूछताछ की गयी। संस्था में अन्य व्यवस्थाओं के साथ साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी। शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य एवं खान-पान इत्यादि की गुणवत्ता की जांच की गयी। बालको के बौद्धिक स्तर को परखा गया। संस्था के रिकार्डो का अवलोकन किया गया। संस्था के कर्मचारियों की दैनिक डायरी देखी गयी। संस्था के सौन्दर्यीकरण के साथ उसे मॉडल रूप में निर्मित करने के निर्देश अधीक्षक को दिये गये। जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दालाल सिंह के अतिरिक्त संस्थाओं के अधीक्षक एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश में अबतक की सबसे बड़ी शतरंज प्रतियोगित का मथुरा में होगा आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

- 15 लाख रुपए की होगी इनामी राशि
- देश के कौने कौने से आयेंगे प्रतिभागी

**मथुरा।** मथुरा जनपद में पहली बार उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी शतरंज प्रतियोगित का आयोजन होने जा रहा है जिसमें देश के तमाम राज्यों के प्रतिभागी भाग लेने आने वाले हैं साथ ही विदेशों के शतरंज के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया यह प्रतियोगिता मथुरा के वृंदावन स्थित प्रियकांतजू आश्रम में दिनांक दो अगस्त से तीन अगस्त तक होने जा रही है, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में भारत सरकार में मंत्री डॉक्टर एस पी सिंह बघेल सहित मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा और मथुरा के प्रमुख उद्योगपति महेश पाठक उपस्थित रहेंगे। मथुरा जनपद सहित संपूर्ण भारत वर्ष में शतरंज का खेल पौराणिक समय से खेला जाने वाला खेल है जिसे राजा महाराजा भी अपने खेल के शौक में अग्रणी खेल के रूप में खेलते रहे हैं पर आधुनिक दौर में सरकारी तंत्र की उदासीनता के कारण यह खेल सिर्फ गली मोहल्लों तक सिमट कर रह गया आज के दौर में इस खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का समय है देश में तो कई इंटरनेशनल खिलाड़ी तैयार हुए पर उत्तर प्रदेश में शतरंज के इंटरनेशनल खिलाड़ियों का अभाव देखा जा रहा है इसी कारण मथुरा के शतरंज खिलाड़ी और प्रमुख उद्योगपति डॉ, विनोदम चतुर्वेदी द्वारा उत्तर प्रदेश के शतरंज के खेल को गली, मोहल्ले से उठाकर इंटरनेशनल पहचान दिलाने का वीणा उठाया और इसी क्रम में मथुरा में पहली बार उत्तर प्रदेश का अबतक का सबसे बड़ा शतरंज प्रतियोगित का आयोजन आयोजित किया इस प्रतियोगिता के बारे में एक प्रेसवार्ता कर डॉ विनोदम चतुर्वेदी द्वारा बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के कौने कौने से प्रतिभागी उपस्थित होगे इस प्रतियोगिता को कराने का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में शतरंज के खेल को बढ़ावा देना है इसी सोच के साथ इस प्रतियोगिता का आयोजन किया और हर 5 साल के बच्चे से लेकर 80 साल के व्यक्ति को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को रहने खाने का उचित प्रबंध भी आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है। हर प्रतिभागी को उचित इनाम भी प्रदान किया जाएगा इस प्रतियोगिता में सबसे बड़ी इनाम राशि 15 लाख रुपए निर्धारित की गई है।

# नहीं थम रहे ठाकुर बांके बिहारी कॉरिडोर न्यास गठन पर विरोध के स्वर

**अवधनामा संवाददाता**

- 60 दिन के धरने के बाद विरोधी दल पहुंचा कलेक्ट्रेट
- जिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में एडीएम को सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

**मथुरा।** वृंदावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी कॉरिडोर निर्माण एवं न्यास के गठन का विरोध बीते 60 दिनों से अनवरत जारी है विरोध कर रहे लोग लगातार बीते 60 दिनों से वृन्दावन में डेरा जमा कर विरोध प्रदर्शन को अंजाम दे रहे हैं, मंदिर अधिग्रहण और कॉरिडोर के पक्ष में हवा बनाने को ब्रज के तमाम मंदिरों पर भी भ्रमण कर लोगों से समर्थन की गुहार लगाते भी दिखाई दिए अब मामला सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पर पहुंच गया पर सरकार पर विरोध करने वाले लोगों के विरोध का कोई असर नहीं दिखाई दिया, पहले सरकारी अधिकारियों ने विरोध कर रहे लोगों से तमाम वार्ता करने की कोशिश की पर हठधर्मिता के चलते कोई निष्कर्ष नहीं निकाला।

61वे दिन विरोधी दल के लोग महिलाओं सहित जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे जहां नारेवाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन एडीएम वित्त एवं राजस्व को सौंपा, विरोधी दल के साथ तमाम संगठन के लोग भी विरोध दर्ज कराने पहुंचे विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रमुख रूप से मंदिर सेवायतों की महिलाओं के साथ साथ, गोस्वामी समाज, वृन्दावन के तीर्थ पुरोहित पड़ा समाज के लोग, व्यापारी आदि लोग पहुंचे जिन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर नारेवाजी की।

# पुलिस अधीक्षक ने छात्राओं से सम्वाद कर किया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी परिक्षेत्र के निर्देशानुक्रम में पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो.मुश्ताक ने एन्टी रोमियों टीम के साथ कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत स्कूलों/कॉलेजों आदि जगहों पर जाकर बालिकाओं, छात्राओं, बालकों को शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी.एम. स्वानिधि योजना, पी.एम.सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान



योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 , सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि की जानकारी देकर जागरूक किया गया। एसपी ने बालिकाओं, छात्राओं से वार्ता करते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार की मदद के लिये पुलिस/डायल-112 को सूचित करें जिससे तत्काल पुलिस द्वारा हरसंभव मदद की जायेगी। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों के साथ अभियान चलाकर बालिकाओं, छात्राओं, महिलाओं को जागरूक करें।

# रेलवे सुरक्षा, बल दिल्ली मंडल ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते

**अवधनामा संवाददाता**

लखनऊ। भारतीय रेल ईक्कीसवी सदी में आधुनिकता और बदलाव के दौर से गुजर रही है। इस दौर में आर.पी.एफ. रेलवे संपत्ति के साथ-साथ रेल यात्री और यात्री सामान की सुरक्षा और संरक्षा के दायित्व को ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ निभा रही है। बदलाव और आधुनिकता के दौर से गुजर रही भारतीय रेल में भिन्न-भिन्न प्रकार के अपराधों व परिस्थितियों से जुड़ी विभिन्न चुनौतीयां भी सामने आ रही हैं। आर.पी.एफ. द्वारा ऐसी सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के ऑपरेशन चलाये जा रहे हैं जिनमे से ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते सबसे अधिक महत्वपूर्ण ऑपरेशनों में से एक है। आर.पी.एफ़. दवारा चलाये जा रहे ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत रेलवे परिसर और ट्रेनों में संकटग्रस्त या संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने वाले बच्चों को बचाया जाता है। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते का मुख्य उद्देश्य रेलवे परिसरों और ट्रेनों में संकटग्रस्त या संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने वाले बच्चों की सक्रिय रूप से पहचान करना और उन्हें बाल श्रम, तस्करी या अन्य प्रकार के शोषण से बचाना है। जब आरपीएफ के बल सदस्य किसी बच्चे को ऐसी परिस्थितियों से बचाते हैं तो उसे जिला बाल कल्याण समिति या इस क्षेत्र में कार्य कर रहे NGO को सौंप दिया जाता है, जो बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप देते हैं। आर.पी.एफ./दिल्ली मण्डल द्वारा 30 आरपीएफ पोस्टों पर 30 ए.एच.टी.यू. (एंटी ह्युमन ट्रैफिकिंग यूनिट U/Anti Human Trafficking Unit) का गठन किया गया है जिनका मुख्य कार्य रेलवे परिसर और ट्रेनों में संकटग्रस्त या संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने वाले बच्चों की सक्रिय रूप से पहचान करना और उन्हें बाल श्रम, तस्करी या अन्य प्रकार के शोषण से बचाना है। आरपीएफ दिल्ली मण्डल द्वारा वर्ष 2021 से जून-2025 तक संकटग्रस्त या संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने वाले 5200 नाबालिग बच्चों को बचाया है। बचाए गए बच्चों में ऐसे बच्चे शामिल हैं जो घर से भाग गए थे, लापता हो गए थे, बिछड़ गए थे या बाल श्रम या तस्करी जैसे खतरों का सामना कर रहे थे।

## सड़क निर्माण में केन्द्र बिन्दु के बदलाव का आरोप

**ललितपुर।** पुराने सागर रोड के केन्द्र बिन्दू में किये जा रहे बदलाव किये जाने को लेकर वहां के दुकानदारों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। बताया कि पुराना सागर रोड का चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। विभाग द्वारा बताया गया जो कि पुराना डामर रोड पांच मीटर चौड़ा था, उसे बढ़ाकर 09 मीटर चौड़ा सीसी रोड बनाया जा रहा है। चौड़ीकरण के दोनों ओर 2-2 मीटर होना था, लेकिन मौके पर विभाग द्वारा एक साइड ही दो मीटर चौड़ी किया गया है, जो रोड डामर रोड के 5 मीटर के आधे भाग ढ़ाई मीटर से बनना था, उसे साढ़े चार मीटर डामर रोड छोड़कर बनाया जा रहा है, जिससे रोड का केन्द्र बिन्दू प्रभावित कर 2 मीटर खिसका दिया गया है और मौके पर व्यवसायिक गतिविधियों व सम्पत्तियों को उत्तर प्रदेश रोड साइड कंट्रोल एक्ट के तहत नुकसान होगा। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से प्रकरण की जांच करायी जाकर केन्द्र बिन्दु का स्वरूप न बदले जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अर्पित जैन, मजबूत सिंह, मु.हकीम के अलावा अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# यूपी सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन समिति

**अवधनामा संवाददाता**

- प्रदेश सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

**मथुरा।** वृंदावन स्थित ठाकुर श्री बांके बिहारी जी महाराज मंदिर की प्रबंधन समिति ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस अध्यादेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है, जिसमें मंदिर के प्रशासन का नियंत्रण राज्य सरकार द्वारा अपने हाथ में लिए जाने की बात कही गई है। ऐडवोकेट तन्वी दुबे के माध्यम से दायर याचिका में मंदिर प्रबंधन समिति (जिसमें 350 सदस्य और 'सेवायत' रजत गोस्वामी शामिल हैं) ने कहा कि सरकार का आचरण स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण है, क्योंकि पांच एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए मंदिर के धन के उपयोग से संबंधित मुद्दे पर हाई कोर्ट ने 8 नवंबर, 2023 को पहले ही फैसला कर दिया था। उसने राज्य सरकार को भूमि अधिग्रहण के लिए मंदिर के धन का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। समिति ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने हाई कोर्ट के 8 नवंबर, 2023 के आदेश के खिलाफ अपील दायर नहीं की और इसके बजाय शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित याचिका में एक पक्षकार आवेदन दायर किया गया। याचिका में कहा गया है, 'उक्त एसएलपी (विशेष अनुमति याचिका) गिरिराज सेवा समिति के चुनावों से संबंधित एक पूरी तरह से अलग मुद्दे से संबंधित थी, जो बांके बिहारी जी महाराज मंदिर से पूरी तरह से अलग मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मई, 2025 के आदेश में एक निर्देश पारित किया था, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार को पांच एकड़ भूमि अधिग्रहण करने के लिए मंदिर के धन का उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। यह याचिका सोमवार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इसके बाद, शीर्ष अदालत के 15 मई के आदेश के खिलाफ एक आवेदन दायर किया गया, जिसका मुख्य आधार यह था कि न तो मंदिर और न ही 'सेवायतों' को वर्तमान विवाद में कभी पक्षकार बनाया गया। प्रबंधन समिति ने कहा कि विवादित अध्यादेश, बांके बिहारी मंदिर के प्रशासन के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लंबित जनहित याचिका के परिणाम को अवैध रूप से रोकता है और विफल करता है। याचिका में कहा गया है कि ऐसे अध्यादेश को पारित करना जो सीधे तौर पर उच्च न्यायालय में लंबित मुद्दों से संबंधित है, सरासर सत्ता का दुरुपयोग और असंवैधानिक है। पंद्रह मई को शीर्ष अदालत ने सरकार द्वारा दायर एक आवेदन को अनुमति दे दी और भक्तों के लाभ के लिए मथुरा में श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर विकसित करने की उत्तर प्रदेश सरकार की योजना का मार्ग प्रशस्त किया।

# सीसीटीवी कैमरों से लैस हुआ प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर

**अवधनामा संवाददाता**


**बलदेव (मथुरा)।** विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर को आधुनिक तकनीकी के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाकर सुरक्षित किया गया है। सीसीटीवी कैमरों का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी नेहा रावत, थानाध्यक्ष बलदेव रंजना सचान और ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और रिमोट का बटन दबाकर सीसीटीवी के डीवीआर को चालू किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने बताया कि सार्वजनिक सुरक्षा की दृष्टि से विद्यालय का परिसर अब पूर्णतः सीसीटीवी कैमरों से लैश हो गया है, विद्यालय में अवकाश के समय में अक्सर नुकसान करने वाले असामाजिक तत्वों पर सीसीटीवी कैमरों के मदद से अब आसानी से निगरानी रखी जा सकेगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर ने बेसिक शिक्षा विभाग की सराहना करते हुए कहा कि यह विभाग नित रोज नए प्रयोग एवं नवाचार के रूप में उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सीसीटीवी अत्यंत उपयोगी साबित होंगे। इन सीसीटीवी कैमरों की मदद से स्कूल के वातावरण को अधिक सुरक्षित और संरचित बनाने में मदद मिलेगी। खंड विकास अधिकारी नेहा रावत ने कहा कि तकनीकी के आधुनिक युग में शैक्षिक उपागमों को भी अत्याधुनिक बनाना होगा, तभी बेसिक शिक्षा को शानदार मुकाम तक पहुंचाया जा सकता हैं। इसके लिए अपने हिस्से का कार्य सभी को करना होगा। थानाध्यक्ष रंजना सचान ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे विद्यालय की संपति, प्रांगण और छात्रों की सुरक्षा के लिए ज़रूरी हैं। इससे विद्यालय परिसर में होने वाली किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सकेगा और आपातकालीन स्थिति में मदद मिल सकेगी।

# 'पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय का समाधान अब नीतिगत सुधारों से होना चाहिए'

**अवधनामा संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम मोर्चा (AIPMM) के तत्वावधान में नई दिल्ली के एक कॉन्फ्रेंस हॉल में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य था पिछड़े मुस्लिम तबकों की सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक उपेक्षा के खिलाफ एक ठोस और प्रमाणिक नीतिगत संवाद की स्थापना। यह संगोष्ठी दो सत्रों पर आधारित थी, जिसमें देशभर से शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कानूनी विशेषज्ञों, राजनेताओं, छात्र प्रतिनिधियों और मुस्लिम समाज के विभिन्न वर्गों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

पहला सत्र जाति आधारित जनगणना : सामाजिक न्याय और नीतिगत निर्माण की नींव विषय पर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ और हज




मामलों के मंत्री श्री दानिश आज़ाद अंसारी ने शिरकत की। उन्होंने कहा, जाति आधारित जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय की नींव है। सरकार पिछड़े वर्गों के संवैधानिक अधिकारों की पुनर्बहाली के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने कहा, पिछड़े वर्गों के साथ ऐतिहासिक अन्याय का समाधान अब नीतिगत सुधारों के माध्यम से होना चाहिए। जनगणना इस दिशा में पहला आवश्यक कदम है। पसमान्दा चिंतक डॉ. फैयाज़ अहमद फैज़ी ने कहा, जाति आधारित जनगणना, पिछड़े मुसलमानों की पहचान, उनके अधिकारों और प्रतिनिधित्व की नींव रखेगी। दिल्ली विश्वविद्यालय के सह-प्राध्यापक डॉ. अकील अख्तर ने कहा, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थानों में पिछड़े तबके की भागीदारी अत्यंत कम है, जिसे केवल नीतिगत हस्तक्षेप से सुधारा जा सकता है।दूसरा सत्र शिक्षा, समावेशन और सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व में पिछड़े तबके की भूमिका विषय पर आधारित था। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर मजहर आसिफ, कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने भाग लिया। उन्होंने कहा, शिक्षा और समावेशन सामाजिक समानता की कुंजी हैं।

# 'बेताब' को गोस्वामी तुलसीदास साहित्य साधक सम्मान एवं 'जोश लखनवी' को मिला मिर्ज़ा ग़ालिब सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** साहित्य साधक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वावधान में एस एस डी पब्लिक स्कूल अलीनगर सुनहरा लखनऊ में एक कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल कृष्ण मृदुल ने की। मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में सच्चिदानंद तिवारी शलभ ने तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमोद दिवेदी एवं अनिल किशोर शुक्ल निडर समारोह की शोभा बढाई। माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं नेहा की वाणी वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन शशि नारायण त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक डॉ रामानंद सैनी, अध्यक्ष अर्श लखनवी, सह संस्थापक अरविंद रस्तोगी धवल एवं मचस्थ अतिथियों द्वारा प्रेम शंकर



शास्त्री 'बेताब' को गोस्वामी तुलसीदास साहित्य साधक सम्मान तथा जोश लखनवी को मिर्ज़ा ग़ालिब सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में प्रेम शंकर शास्त्री 'बेताब' कुलदीप शुक्ला 'जोश लखनवी', पं0 बेअदब लखनवी, अनिल किशोर शुक्ल निडर, अर्श लखनवी, अरविन्द रस्तोगी उपमा आर्य सहर , रामराज भारती, प्रमोद दिवेदी सच्चिदानंद तिवारी शलभ आदि कवियों ने अपने गीत गजल एवं मुक्तकों से सभी को भाव विभोर कर दिया। अन्त मे संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी कवियों एवं मनीषियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मोहब्बत-ए-अहलेबैत बड़ा कीमती सरमाया है : मौलाना कल्बे जव्वाद

- अजाखाना-ए-अखतर हुसैन में मजलिस,कराई जुलजनाह की जियारत

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों की याद में अजाखाना-ए-अखतर हुसैन हसन पुरिया में एक मजलिस व शब्बेदारी का आयोजन किया गया है। मजलिस का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी ने तिलावते कुराने पाक से किया। उसके बाद अजहर हुसैन, ताबिश रिजवी,जफर बनारसी,हसनैन रिजवी आदि ने अपने कलाम पेश किये। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि मोहब्बत-ए-अहलेबैत एक बड़ा कीमती सरमाया है। उन्होंने कहा कि नवासे रसूल (स.) इमाम हुसैन (अ.स) हिदायत का चिराग है। मौलाना ने



जब हजरत इमाम हुसैन (अ.स) के मासूम बेटे हजरत अली असगर (अ.स) और बेटी जनाबे सकीना (स.अ.) की शहादत का जिक्र किया तो हर आंख अश्कबार हो गई। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलुमिया, अंजुमन आबिदया काजमियां और गुंचाए मेहदिया ने नौहाख्वानी व मातम किया। महिलाओं की मजलिस को जाकिरा निम्मी फातिमा ने खिताब करते हुए कहा कि इबादत खुलूस ए नियत के साथ करनी चाहिए जो अल्लाह को पसंद है। उन्होंने कहा कि फर्श ए अजा बिछाना और बैठना इबादत है। उन्होंने हजरत इमाम हुसैन (अ.स) उनके मासूम बच्चे हजरत अली असगर (अ.स) और हजरत कासिम (अस) की दर्दनाक शहादत को बयान किया किया तो महिलाओं में कोहराम मच गया। मजलिस के बाद अलम, जुलजनाह की जियारत कराई गई और ताजिए को रौजाए काजमैन में दफ्न किया गया।

# अनाधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग करनें पर होगी कार्रवाई

■ एसडीओ ने उपभोक्ताओं से की विभाग का सहयोग करनें की अपील

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को नियमित बिल जमा करने और विद्युत चोरी से बचने के निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी देनें के उपरान्त उपखण्ड अधिकारी पंकज कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्युत चोरी में लिप्त पाए जाने पर संबंधित उपभोक्ता के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को उपखण्ड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि नगर व क्षेत्र में कई उपभोक्ताओं द्वारा समय से बिल जमा नहीं किए जा रहे हैं, जिससे विभाग को राजस्व क्षति हो रही है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ता समय से अपने बिजली बिलों का भुगतान करें और विभाग के कार्यों में सहयोग करें। उन्होंने आगे कहा कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विभागीय टीम छापेमारी करेगी। इस दौरान जिन उपभोक्ताओं को अनाधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग करते हुए पाया जाएगा, उनके विरुद्ध जुर्माना लगाने के साथ-साथ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। अवर अभियंता राजकुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बकाया बिल अधिक है, उन्हें जल्द से जल्द भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। निर्धारित समयसीमा में भुगतान न करने की स्थिति में कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई भी की जाएगी। अंत में एसडीओ ने आम जनता से अनुरोध किया कि वे विभाग का सहयोग करें, समय पर बिल जमा करें और किसी भी प्रकार की विद्युत चोरी से बचें।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया राजघाट व बाबा मंशानाथ मंदिर का भ्रमण



**हरदोई, अवधनामा संवाददाता।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को आज जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने राजघाट व बाबा मंशानाथ मंदिर का भ्रमण किया। सबसे पहले वह राजघाट पहुंचे जहाँ उन्होंने पुलिस सहायता केंद्र व साफ सफाई आदि की व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने कहा की मेला स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्था निर्बाध रखी जाए। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। घाटों पर साफ सफाई की व्यवस्था रखी जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा की मेले व कावड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार के लापरवाही न की जाए। राजघाट के उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बिलग्राम स्थित बाबा मंशानाथ मंदिर पहुँचे। यहाँ उन्होंने मंदिर में आए हुए श्रद्धालुओं से संवाद किया। श्रद्धालुओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था पर संतुष्टि जताई। जिलाधिकारी ने कहा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की दर्शन आदि में सहायता की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा की पुलिस टीम में लगातार सुरक्षा हेतु तैनात रहे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पूनम भाष्कर व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने मेहंदी घाट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** श्रावण मास/कावड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा दल बल के साथ मेहन्दी घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था, रुट डायवर्जन व पार्किंग स्थलों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुये संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मेहंदी घाट पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल, फ्लड पी0ए0सी0 व स्थानीय गोताखोरों की तैनाती की गयीं है एवं साथ ही खोया-पाया केंद्र स्थापित कर क्षेत्र को सेक्टरवाइज बाँटकर सुरक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया गया है। सभी महत्वपूर्ण स्थलों एवं मार्गो की सी0सी0टी0वी0 एवं ड्रोन कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, मेडिकल सुविधाएं, ठहरने के स्थान, और यातायात व्यवस्था को विशेष रूप से कांवड़ यात्रियों के लिए आरक्षित किये जाने की समीक्षा करते हुये कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। इसे बाद उन्होनें श्रद्धालुओं से गंगा स्नान के दौरान सावधानी बरतनें एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करनें की अपील भी की है। इस दौरान सदर क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप, सदर कोतवाल जितेन्द्र प्रताप सिंह, थाना तालग्राम एसओ शशिकांत कनौजिया सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सख्ती से कराया जायेगा प्लास्टिक प्रतिबन्ध का अनुपालन

■ ईओ ने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर बनाई रणनीति

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्थानीय नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कर्मियों के साथ पॉलीथिन, थर्माकोल एवं सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को सख्ती से चलाए जाने सहित गेस्ट हाउस एवं मैरिज हॉलों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाही किए जाने की रणनीति बनाई। सोमवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कर्मियों के साथ प्लास्टिक, अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम 2021 एवं सरकारी गजट के 15 जुलाई 2018 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में रणनीति तय करने के उपरांत बताया कि पालिका क्षेत्र के अंतर्गत पॉलीथिन थर्माकोल एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के गिलास, दोना, पत्तल, चम्मच, कांटे आदि सामग्री के विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाएगा। बताया कि मैरिज हॉलों व गेस्ट हाउसों आदि परिसरों में यदि प्रतिबंधित सामग्री प्रयोग में पाई जाती है। तो जुर्माना सहित मुकदमें की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक वीर सिंह, आरपी सिंह, अनिल प्रजापति, मनोज तिवारी, राजेश वर्मा, प्रसन्नजीत मिश्रा, मोहित गुप्ता, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# जिले के 26 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई आरओ/एआरओ की परीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** आज जनपद मे समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा, सीटिंग प्लान, पेयजल, विद्युत आदि समुचित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही केन्द्रो पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए कि सभी आवश्यक कदम उठाएं एवं परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए और परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिये।

आरओ/एआरओ की परीक्षा को लेकर जिले में कुल 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए। सदर क्षेत्र के विकासखंड सिकंदरपुर स्थित एक स्कूल में 384 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। ग्रामीण क्षेत्र में केंद्र होने के कारण केवल 173 अभ्यर्थी ही परीक्षा दे पाए। जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। सभी संवेदनशील केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गई। जिला प्रशासन ने प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिसबल भी मौजूद रहा। परीक्षा शुरू होने से पहले और समाप्त होने के बाद केंद्रों पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड ने सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को सतर्क रहने व कुशलता पूर्वक परीक्षा कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू कर दी। इससे भीड़-भाड़ और बाहरी व्यक्तियों की उपस्थिति परीक्षा को प्रभावित नहीं कर पाई। सकुशल परीक्षा सम्पन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## थाना प्रभारी ने छात्रा को पहुंचाया परीक्षा केन्द्र

**उन्नाव।** लखनऊ निवासी मुरारी सिंह अपनी बेटी इशिका को समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दिलाने के लिए ओला कैब से सफर करते हुए गूगल मैप के जरिए हसनगंज पहुंच गए। वहां जानकारी मिली कि परीक्षा केंद्र सफीपुर का राजकीय बालिका इंटर कॉलेज है। समय कम था तो वो सफीपुर की ओर रवाना हो गए। परीक्षा शुरू होने में सिर्फ 2-3 मिनट बाकी थे और परीक्षा केंद्र रेलवे क्रॉसिंग के पार 500 मीटर की दूरी पर था। क्रॉसिंग बंद देख इशिका ने गाड़ी से उतरकर दौड़ना शुरू कर दिया। इसी दौरान केंद्र भ्रमण कर लौट रहे सफीपुर थाना प्रभारी एसएन त्रिपाठी की नजर दौड़ती हुई छात्रा पर पड़ी। हालात समझते ही उन्होंने तुरंत सरकारी गाड़ी मोड़ी और इशिका को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। पुलिस अधिकारी ने छात्रा को समय रहते केंद्र में प्रवेश भी दिलाया। घटना से परेशान पिता मुरारी सिंह ने जब बेटी को समय से केंद्र में जाते देखा तो उन्होंने राहत की सांस ली और थाना प्रभारी का आभार जताया। क्षेत्र मे सफीपुर कोतवाली प्रभारी के किये गये इस कार्य की सभी प्रशंसा कर रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### छत से गिरकर घायल युवक की इलाज दौरान मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** विगत दिन पूर्व क्षेत्र के कस्वा समधन के मोहल्ला किदवई नगर निवासी दिलीप कुमार पुत्र रमेश चंद्र छत पर सोते समय अचानक नीचे गिर गया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए कानपुर स्थित लाला लाजपत राय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान घायल युवक की रविवार रात करीब 08:30 बजे मृत्यु हो गई। मृतक युवक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### मां बेटे सहित नातिन को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम धुकरी निवासी आशा देवी पत्नी गिरजा शंकर द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 21 जुलाई की शाम 08:10 बजे गांव के ही मुकेश, बृजेश, ब्रजकिशोर पुत्रगण नरायण शंकर ने पुरानी रंजिश के चलते उसके दरवाजे पर आकर उसकी 11 वर्षीय नातिन अनुष्का के साथ मारपीट करने लगे। बीच बचाव में आने पर उसे व उसके पुत्र राहुल को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### इण्टरलाकिंग मार्ग का सदर विधायक ने किया उद्घाटन



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** सदर विधायक पंकज गुप्ता ने इंटरलाकिंग रोड का उद्घाटन कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के वार्ड सं0-5 ओमनगर बन्दूहार व वार्ड सं0-10 नरेन्द्र नगर में मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 नगर पालिका परिषद उन्नाव में जगदीश के घर से रामसजीवन के घर तक इण्टरलाकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य व नरेन्द्र नगर में जे0पी0 पैलेस के बगल से बीना देवी के घर होते हुए गौरव गार्गी के घर तक एवं आर0के0 मिश्रा के घर से बैजूलाल कुशवाहा के घर होते हुए अंकित महेश्वरी के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य का उद्घाटन सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सभासद राजेन्द्र भारतीय, राधा मिश्रा, जगदीश कुशवाहा, लालता बाबू, हरिहर सिंह, कैलाश सिंह, नितिन सैनी, अर्पित सैनी, रवि पाण्डेय, बब्लू द्विवेदी, बहादुर यादव, सुनील, मानसिंह यादव, दर्शन मास्टर, सभासद निशेष जायसवाल, शिवशंकर प्रजापति, रानू तिवारी, आशीष शुक्ला, दिलीप शुक्ला, शिब्बू तिवारी, दिनेश दुबे, दीपू मिश्रा, विनोद सिंह तोमर, पप्पू तिवारी, विकास, रफीक, सहदेव, रामपाल बाबादीन संजय, संतोष वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### करंट लगने से पोल से गिरा विद्युतकर्मी, घायल


**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवर खेड़ा निवासी प्राइवेट विद्युत कर्मी विजय 26 पुत्र अशर्फीलाल आज रविवार दोपहर क्षेत्र के ग्राम पतसिया समीप उच्च क्षमता के विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन दुरुस्त कर रहा था। तभी वह अचानक तेज करेंट की चपेट में आकर नीचे जमीन पर आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य विद्युत कर्मी उसे आनन फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते हैं कि इसके पूर्व विद्युत कर्मी विजय बहादुर ने दूसरे पोल पर दो बार कंट्रोल रूम को सूचना देकर आपूर्ति रुकवाई थी। किंतु तीसरी बार उसने विद्युत उपकेंद्र के कंट्रोल रूम से बिना शट डाउन लिए वह पोल पर चढ़ गया। इसी चूक के चलते गंभीर हादसा हो गया।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बाल कल्याण समिति की बैठक



**हरदोई, अवधनामा संवाददाता।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण समिति व जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा की रानी लक्ष्मी बाई योजना में भुगतान अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। 15 अगस्त तक अवशेष भुगतान हेतु सक्षम स्तर पर संस्तुति प्रेषित की जाये। पात्र बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना व बाल सेवा योजना से आच्छादित कराया जाये। मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बालिकाओं के होम के लिए प्रस्ताव निदेशालय प्रेषित किया जाये। मानक के अनुरूप भवन चिन्हित किया जाये। बच्चों का कौशल प्रशिक्षण कराया जाये। बाजार की माँग के अनुरूप ट्रेनिंग दी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जन सुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी 141 शिकायतें



**हरदोई, अवधनामा संवाददाता।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं को सुना। कुल 141 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन के लिए पंजीकरण करवाया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। आज कुल 04 बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई में कुल 225 बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनवाये जा चुके हैं। जन सुनवाई के दौरान जै कोरा नाम की महिला जिलाधिकारी के पास पहुँची और अपना आयुष्मान कार्ड व राशन कार्ड दिखाते हुए उनका धन्यवाद किया। जन सुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी नहने राम, उप जिलाधिकारी अंकित तिवारी, उप जिलाधिकारी मयंक कुंडू व उप जिलाधिकारी भूमिका राजबहादुर आदि उपस्थित रहे।

# बहरी सरकार को जगाने के लिए आप ने चलाया 'ढपोरशंखों को जगाओ, शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान'

अवधनामा संवाददाता




**उन्नाव।** प्रदेश में 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफआम आदमी पार्टी ने ढपोरशंखों को जगाओ शंख बजाओ, स्कूल बचाओ अभियान चलाकर बिछिया ब्लॉक के खोरी गांव स्थित बंद किए गए सरकारी विद्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन दर्ज किया।

जिला अध्यक्ष कुलदीप यादव ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि योगी सरकार 27000 शराब की दुकाने खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है, आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी, इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आवाहन पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करने उतर आई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। इस अनोखे अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अभिभावक और बच्चों ने बंद किए गए सरकारी प्राथमिक विद्यालय खोरी बिछिया पर जाकर शंख और थाली बजाकर इस ÷ढपोरशंख सरकार÷ को जगाने का प्रतीकात्मक प्रयास किया। इससे पहले जिलाध्यक्ष ने कहा कि ÷आम आदमी पार्टी, सरकारी स्कूलों को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, जबकि भाजपा स्कूल बंद करने में लगी है। एक तरफ सरकार प्रदेश में 27,308 शराब की दुकानें खोल चुकी है, वहीं दूसरी तरफ 27,000 से अधिक स्कूल बंद किए जा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा नहीं है।÷ उन्होंने तंज कसते हुए कहा ÷यह डबल इंजन नहीं, ढपोरशंखों की सरकार है, जो बच्चों को अनपढ़ बनाकर रखना चाहती है। इसलिए अब समय आ गया है कि जनता खुद उठ खड़ी हो और इन ढपोरशंखों को जगाए।÷ जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन स्कूलों को बंद करने की प्रक्रिया पर फिलहाल रोक लगा दी है, जिनपर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है लेकिन यह केवल आंशिक राहत है। यदि जनता की आवाज़ नहीं उठी तो सरकार दोबारा इन्हें बंद करने की कोशिश करेगी। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उन बच्चों को अनपढ़ रखना चाहती है, जो आर्थिक रूप से कमजोर तबकों से आते हैं, ताकि आगे चलकर वो सवाल न पूछ सकें, हक न मांग सकें और आजीवन केवल वोट बैंक बने रहें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ मत कीजिए। स्कूल बंद करने का निर्णय तुरंत वापस लीजिए। इस मौके पर जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और उत्तर प्रदेश के बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए तब तक संघर्ष करेगी, जब तक सरकार इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी 2 अगस्त को लखनऊ के इको गार्डन में ऐतिहासिक स्कूल बचाओ आंदोलन करेगी। यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष ललित वाल्मीकि ने कहा कि पार्टी द्वारा जारी नंबर-75 0004 0004 पर मिस्ड कॉल करके आप भी इस क्रांति का हिस्सा बनिए और इन बच्चों के स्कूल इन्हें वापस दिलाइए। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से बिछिया ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अधिवक्ता प्रदीप यादव, यूथ विंग जिलाध्यक्ष दीपू कुमार, यूथ विंग जिला महासचिव भानू प्रकाश, नफीस खान, सार्थक यादव, नीर यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

# जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने किया हाइवे जाम



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** कस्बा पनवाड़ी के सुभाषनगर मुहाल में जलभराव की समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते मुहाल में पानी भर जाने से नाराज ग्रामीणों ने बुन्देलखंड किसान यूनियन के साथ हाईवे को जाम कर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। मुहालवासियों ने बुंदेलखंड किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम लगा दिया। किसान नेताओं ने जलभराव की समस्या को लेकर जमकर नारेबाजी की। करीब आधा घंटे तक जाम लगा रहने से तमाम वाहन जाम में फस गए। सूचना पर पहुंची पनवाड़ी पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया, इसके बाद आवागमन बहाल हुआ। थाना प्रभारी पनवाड़ी गुलाब त्रिपाठी ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्वक बातचीत कर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद प्रदर्शनकारी ब्लॉक परिसर पहुंचे। वहां उन्होंने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और किसान यूनियन के कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। किसान यूनियन के नेता बाला जी ने बताया कि मुहाल में जलनिकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। इससे बरसात के दिनों में लोगों के घरों और रास्तों में पानी भर जाता है।

# सदर विधायक और एमएलसी ने बुंदेलखंड की समस्याओं से मुख्यमंत्री को कराया अवगत



■ मुख्यमंत्री ने पर्यटन सचिव को मंगलगढ़ किले की कार्य योजना बनाए जाने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** सदर विधायक राकेश गोस्वामी और एएमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने बुंदलखंड क्षेत्र में अत्याधिक वर्षा होने से किसानों को आर्थिक हानि होने, सड़क निर्माण, पर्यटन एवं ऐतिहासिक केंद्रों सहित तमाम मुद्दा को मुख्यमंत्री से भेंटकर उठाया गया। मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड की समस्याओं को सुनते हुए पर्यटन प्रमुख सचिव को बुंदेलखंड विकास में गति प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर चित्रकूट मंडल के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक उपरांत अतिरिक्त समय पर भेंट कर महोबा सदर विधायक एवं सदस्य एमएलसी ने अवगत कराया कि बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जगह अत्यधिक वर्षा से किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसके लिए राहत राशि आवंटन का अनुरोध किया साथ ही जिला के प्रमुख मार्गो की सड़क निर्माण, चंद्रावल नदी पर पुल निर्माण, ऐतिहासिक मंगलगढ़ किला के विकास के लिए धनराशि आवंटन किए जाने का प्रस्ताव रखा। इस मौके पर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर खरेला मुस्करा के मध्य कट निर्माण, महोबा में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना, झलकारी बाई से परमानंद चौराहे तक चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण, के अलावा रहेलिया में सूर्य मंदिर, कुलपहाड़ में ऐतिहासिक सेनापति महल सहित ऐतिहासिक एवं पर्यटक केन्द्रो के विकास का भी अनुरोध किया गया। सदर विधायक और एमएलसी ने मुख्यमंत्री से ग्राम पंचायत मुस्करा, जैतपुर एवं पनवाड़ी को नगर पंचायत बनाये जाने एवं जनहित में आवश्यक अन्य प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पर्यटन प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम को निर्देशित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से चरखारी में स्थित ऐतिहासिक मंगलगढ़ किले का विकास महत्वपूर्ण है, इसलिए शीघ्र कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने सूर्य मंदिर, सेनापति महल का भी कायाकल्प कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आवास पर मौजूद लोक निर्माण विभाग प्रमुख सचिव अजय चौहान एवं नगर विकास प्रमुख सचिव अमृत अभिजात को कार्य योजना बनाये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

# पान का क्षेत्रफल तेजी से घटने पर डीएम ने जताई चिंता



■ कृषि अधिकारी को पान किसानों के साथ बैठक कर समस्याएं जानने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता


**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की वर्ष 2025.26 की कार्ययोजनाओं के अनुमोदन के लिए आत्मा गवर्निंग बोर्ड व जिला स्तरीय समितियों की बैठक, कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उप कृषि निदेशक राम सजीवन ने विभागीय योजनाओं की कार्ययोजनायें प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में पान की खेती का क्षेत्रफल लगातार कम होता जा रहा है, इसका क्या कारण है तथा किसानों की क्या समस्यायें है, इनका किसानो के साथ बैठक कर पता लगाया जाये और पान की खेती को बढाया जायें। जिलाधिकारी ने तुलसी की जैविक खेती के बढावा देने के लिये प्रयास करने के निर्देश दिये। बैठक में सर्व सहमति से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन, सब मिशन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ;आत्माद्ध योजना, उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्वार कार्यक्रम, परम्परागत कृषि विकास योजना, बुन्देलखण्ड में गौ.आधारित खेती नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनाओं की वर्ष 2025.26 की भौतिक एवं वित्तीय कार्ययोजनाओं का अनुमोदन आत्मा गवर्निंग बोर्ड द्वारा किया गया।

बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रवन्धक बैंक, केवीके प्रभारी, मत्स्य, लघु सिंचाई, पशुपालन, ग्रामोन्नति संस्थान, सचिव सदाचार समिति, आदि विभागों के सदस्य एवं जनपद के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहें।

# हुमा परवीन ने पास की नेट परीक्षा

**सम्भल।** चिकित्सक एवं किसान की बेटी ने यूजीसी द्वारा नेट परीक्षा उत्तीर्ण करके अपने परिवार का ही नाम रोशन नहीं किया है बल्कि गांव के साथ तहसील एवं जिले का नाम भी चमकता है चिकित्सक की बेटी हैदराबाद स्थित मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी से पीएचडी भी कर रही है बेटी के उत्तीर्ण होने पर परिवार में हर्ष का माहौल पैदा हो गया है तथा मुबारकबाद देने वालों का डाटा लगा हुआ है। जनपद की तहसील संभल के ग्राम मूसापुर ईसापुर निवासी डॉक्टर रईस अहमद की बेटी हुमा परवीन ने यूजीसी द्वारा कराई गई नेट परीक्षा में अच्छे अंक लाकर कामयाबी हासिल की है अभ्यर्थी हुमा परवीन ने अपनी कामयाबी को अपने पिता तथा माता के साथ-साथ परिवार जनों एवं गुरुजनों को श्रेय दिया है। हुमा परवीन वर्तमान में हैदराबाद से मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी से एजुकेशन में पीएचडी भी कर रही। हुमा परवीन द्वारा नेट परीक्षा पास करने पर बधाई देने वालों का डाटा लगा हुआ है घर तथा परिवार के अलावा गांव में जश्न का माहौल है।

# रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या



भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगाद्य निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैंद्य भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है,उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है। भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी, मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए द्य अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 141करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145( अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 60त्न से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद। ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है।

वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन %परिवार नियोजन मानव का अधिकार% रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था।

सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्त्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा

# क्लीन शेव करते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें, वरना चेहरे की जलन से होंगे परेशान



सोचने में लगता है न कि जो लड़के क्लीन शेव रखते हैं, उन्हें किसी चीज की परेशानी नहीं होती। बस जब चाहो तब शेविंग करके क्लीन शेव कर लो और लुक तैयार। लेकिन ऐसा नहीं है, जो लोग क्लीन शेव करते हैं, उन्हें शेविंग के समय काफी ध्यान रखना पड़ता है। यहां हम आपको इन्हीं बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। दरअसल, जो लोग क्लीन शेव रखते हैं, उनको शेविंग करते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य ही रखना चाहिए। यदि आप इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो आपके चेहरे पर जलन हो सकती है, त्वचा लाल हो सकती है और कई अन्य परेशानियां भी पैदा हो सकती हैं।

### शेव करने से पहले पहले चेहरे को धोएं

यदि आप क्लीन शेव करते हैं तो पहले अपने चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। इसके लिए अच्छे और जेंटल क्लींजर का इस्तेमाल करें। क्लींजर नहीं है तो आप किसी अच्छे फेसवॉश का इस्तेमाल करके भी अपने चेहरे को चमका सकते हैं। चेहरे को साफ करने के बाद क्लीन शेव करेंगे, तो त्वचा की गंदगी भी साफ हो जाएगी।

### रेजर होना चाहिए अच्छा

यदि क्लीन शेव कर रहे हैं तो रेजर अच्छी क्वालिटी का ही होना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लीन शेव करते समय रेजर सीधा आपकी त्वचा को टच करता है। जिसकी वजह से आपकी त्वचा पर इंफेक्शन का डर रहता है। खासतौर पर यदि ये रेजर खराब क्वाविटी का होगा, तब इससे चेहरे पर कट भी लग सकता है। इसलिए हमेशा अच्छी क्वालिटी का रेजर ही इस्तेमाल करें।

### जरूरी है शेविंग फोम या जेल

अक्सर लोगों को लगता है कि जो लोग क्लीन शेव रखते हैं, उन्हें किसी तरह की शेविंग फोम या फिर जेल की जरूरत नहीं पड़ती है। जबकि ऐसा नहीं है। क्लीन शेव करते समय भी शेविंग जेल या फोम काफी काम आता है। इसे लगाने के बाद क्लीन शेव करना आसान हो जाता है।

### सही होनी चाहिए दिशा

यदि आप गलत दिशा में शेव करेंगे यानी कि यदि आप गलत दिशा में रेजर चलाएंगे तो इससे इनग्रोन हेयर की समस्या पैदा हो सकती है। गलत दिशा में शेव करने से चेहरे पर जलन जैसी समस्या भी पैदा हो सकती है। क्लीन शेव के लिए पहले हल्के हाथों से बालों की दिशा में शेव करें। फिर उसके बाद विपरीत दिसा में रेजर का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### शेव के बाद ठंडे पानी से चेहरा धोएं

जब क्लीन शेव कर रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि इसके बाद आपको ठंडे पानी से चेहरा धोना है। ठंडे पानी से चेहरा धोने के बाद खुले हुए पोर्स बंद होते हैं और जलन की समस्या नहीं होती।

## चेहरे के लिए वरदान हैं हर घर में मिलने वाली ये हरी पत्तियां, इस्तेमाल का तरीका जान लें


हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे का काफी महत्व होता है, इस वजह से हर घर में आपको तुलसी का पौधा मिल ही जाएगा। घरों में तुलसी की पूजा भी होती है। पर, क्या आप जानते हैं कि हर घर में पायी जाने वाली तुलसी, आपके चेहरे को भी दमका सकती है। रिच एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुणों के कारण तुलसी आपके चेहरे को चांद सा चमका सकती है। बस इसके लिए आपको तुलसी से फेस मास्क बनाने का सही तरीका मालूम होना चाहिए।

यहां इस लेख में हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। यहां हम आपको बताएंगे कि आप तुलसी का इस्तेमाल करके अपने चेहरे की परेशानियों को कैसे दूर कर सकते हैं, ताकि आप कम पैसे में घर बैठे अपना चेहरा चमका सकें। तुलसी के अलावा शहद में भी कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जिसके इस्तेमाल से चेहरे की कई परेशानियां दूर होती हैं। ऐसे में आप इन दोनों के मिश्रण का इस्तेमाल अपनी खूबसूरती बढ़ाने में कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से चेहरे में नमी आएगी और तुलसी का पेस्ट कील-मुंहासों को दूर करेगा। इसके लिए सबसे पहले तुलसी के कुछ पत्तों को अच्छी तरह से पीस लें और फिर उसमें शहद मिक्स करें। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगा लें। आधे घंटे के बाद चेहरे को अच्छी तरह से साफ कर लें। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में दो बार कर सकते हैं।

### तुलसी और हल्दी

जिस तरह से तुलसी की पत्तियां चेहरे की कई परेशानियों को दूर करती हैं, ठीक उसी तरह से हल्दी भी आपका चेहरा दमकाने में मदद करती है। इस पैक का इस्तेमाल करते समय बस ये याद रखें कि हल्दी हर किसी को सूट नहीं करती है। इसलिए पहले पैच टेस्ट करें। यदि ये आपको सूट कर रही है तो सबसे पहले तुलसी के पत्तों को अच्छी तरह से पीस कर उसका पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में थोड़ी सी हल्दी मिक्स करें। बस पैक तैयार है। अब अपना चेहरा धोने के बाद इस पैक को चेहरे पर अच्छी तरह से लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो लें और फिर इसका असर देखें।

# तेज धूप की वजह से डैमेज होने लगे हैं बाल तो इस्तेमाल करें चीजें, लौटाएं बालों की प्राकृतिक नमी



भीषण धूप का प्रभाव न सिर्फ सेहत बल्कि बालों और त्वचा पर भी पड़ने लगा है। जहां एक ओर धूप और गर्मी की वजह से लोग डिहाइड्रेट हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ लोगों की त्वचा और बाल काफी ज्यादा डैमेज होने लगे हैं। चेहरे को धूप से बचाने के लिए तो लोग सनस्क्रीन लगा लेते हैं, लेकिन बालों का क्या धूप में सिर खुला होने की वजह से बाल सबसे ज्यादा डैमेज होते हैं। इसलिए उनका ध्यान रखना भी उतना जरूरी हो जाता है, जितना कि चेहरे का। यदि आपके बाल भी धूप से डैमेज हो रहे हैं, तो आप कुछ घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके अपने बालों के लिए कवच तैयार कर सकते हैं। यहां हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### एलोवेरा जेल

हर घर में एलोवेरा का पौधा तो लगा ही होता है। ऐसे में आप जब भी बाल धोने का प्लान करें कि तो पहले अपने बालों में एलोवेरा जेल लगा लें। इसको लगाने से आपके बालों को पोषण मिलेगा। इसे लगाने के लिए हाथों में एलोवेरा जेल लें और फिर उसे बालों के सिरे से लेकर छोर तक पर लगाएं। आधे घंटे के बाद अपने बालों को धो लें और फिर इसका असर देखें।

### नारियल का तेल

गर्मी के मौसम में तेज धूप की वजह से बालों की नमी खोने लगती है। ऐसे में आप नारियल के तेल का इस्तेमाल बालों में करके बालों को पोषण दे सकते हैं। इसके लिए बाल धोने से एख घंटे पहले गुनगुने नारियल के तेल से बालों की मालिश करें। तीन से चार बार बालों की मालिश करके आप इसका असर देख सकते हैं।

### अंडा

अंडा बालों को न सिर्फ पोषण देने का काम करता है, बल्कि साथ ही इसके इस्तेमाल से आपके बालों में शाइन भी आएगी। इस मास्क को बनाने के लिए एक अंडा और 1 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल मिलाकर बालों में लगाएं। एक घंटे इस मास्क को ऐसे ही लगाने के बाद अपने बालों को धो लें। आप हफ्ते में दो बार इस मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### दही और शहद का हेयर मास्क

दही और शहद दोनों ही ऐसी चीजें हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके बालों की चमक बरकरार रहेगी। इसके इस्तेमाल के लिए दो चम्मच दही लेकर उसमें शहद मिक्स करें। अब इस मास्क को बालों के छोर से लेकर जड़ों तक में लगाएं। आधे घंटे तक बालों को ऐसे ही रहने दें और फिर इसका असर देखें।

## पसीने की बदबू से हैं परेशान तो नहाने के पानी में मिलाकर देखें ये चीजें, घंटों तक रहेंगे तरोताजा



अप्रैल का महीना चल रहा है, ऐसे में सूरज का पारा अभी से चढ़ने लगा है। तेज धूप की वजह से लोगों की हालत खराब हो रही है। इस मौसम में हर दूसरा व्यक्ति पसीने से परेशान रहता है। बहुत से लोग तो पसीने से इस वजह से काफी परेशान हो जाते हैं, क्योंकि पसीने की वजह से शरीर से बदबू आने लगती है। इस बदबू के कारण लोग शर्मिंदगी का शिकार भी हो जाते हैं। यदि आप भी इसी समस्या से परेशान रहते हैं तो यहां आपको इस समस्या का हल बताने जा रहे हैं। दरअसल, आप कुछ चीजों को नहाने के पानी में डालकर पसीने की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन्हीं कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### नीम की पत्तियां

यदि आप भी पसीने की बदबू से परेशान हैं, तो आपको नहाने के पानी में नीम की पत्तियों को डालकर उबालना चाहिए। इसके लिए एक पतीले में पानी लेकर उसमें नीम की पत्तियों को डालें। अब इस पानी को उबालें। जब पानी ठंडा हो जाए तो पानी को छानकर नहाने के पानी में मिक्स कर लें। अब ये पानी नहाने के लिए तैयार है।

### गुलाब जल

यदि आपके पास गुलाब जल रखा है तो इसका इस्तेमाल पसीने की बदबू को दूर करने के लिए करें। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस नहाने के पानी में दो से तीन चम्मच गुलाब जल मिक्स करना है। अब ये पानी नहाने के लिए तैयार है। आप पानी में गुलाब जल मिक्स करके उस पानी से हर रोज नहाएं। इसके इस्तेमाल से आपको पसीने की बदबू से राहत मिलेगी।

### बेकिंग सोडा

हर भारतीय रसोई में बेकिंग सोडा तो रखा ही रहता है, ऐसे में आप पसीने की बदबू को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए नहाने के पानी में दो चम्मच बेकिंग सोडा मिक्स करें और फिर इस पानी से नहा लें। इस पानी से नहाने से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य कर लें, क्योंकि ये बेकिंग सोडा हर किसी को सूट नहीं करता है। इसकी वजह से आपको एलर्जी का सामना करना पड़ सकता है।

### एलोवेरा जेल

यदि घर में एलोवेरा का पौधा लगा है तो नहाने के पानी में एलोवेरा जेल मिक्स करें। इस पानी से नहाने से शरीर पर जमे बैक्टिरिया को भी खत्म करता है। ये पानी स्किन को कूलिंग देगा और आपको फ्रेश फील कराएगा।

# सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ़ टिप्पणी से बवाल

## सांसद बनाम सुप्रीम कोर्ट-अवमानना की गाज़ गिरनें की संभावना



वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षो से हम देख रहे हैं कि विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच तालमेल डगमगाने की खबरें आती रहती है।विधायिका कानून बनाकर न्यायपालिकाओं के पर कतरनें में लगे हुए हैं, जिसका ताजा सटीक उदाहरण इज़राइल, पाकिस्तान जैसे कुछ देश हैं जिन्होंने कानून पारित कर न्यायपालिका के पर कतरे हैं। भारत में भी न्यायिक अपॉइंटमेंट कमीशन बिल सहित अनेक ऐसे सुझाव दिए हैं कि न्यायाधीशों की कॉलेजियम सिस्टम से नियुक्ति न करने तथा इसपर आयोग या कानून बनाकर न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाए। परंतु न्यायपालिका कोई दखल नहीं चाहता। आज हम इस विषय पर चर्चा इसीलिए कर रहे हैं क्योंकि 17 अप्रैल 2025 को माननीय राष्ट्रपति ने,19 अप्रैल 2025 को सत्ताधारी पार्टी के सांसद ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर टिप्पणी की, जिसके कारण विधायिका कार्यपालिका व न्यायपालिका में बवाल मचा हुआ है, व अवमानना की याचिकाएं उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत अनुमति/सहमति के लिए फाइल कर दी गई है। परंतु मेरा मानना है कि सांसद पर अवमानना की कार्रवाई की संभावना कम नजर आ रही है,क्योंकि सॉलिसिटर जनरल अटॉर्नी जनरल की सहमति नहीं मिलेगी।परंतु मेरा मानना है कि इस तरह की टिप्पणियाँ बिना किसी बैकिंग पावर के नहीं दी जा सकती, इसकी जगह अगर कोई छोटा या साधारण आदमी होता तो कब का कंटेंप्ट ऑफ़ कोड हो जाता और सजा की संभावना बन जाती? चूँकि क्या बड़े बयांन किसी रणनीति के तहत बैकिंग सपोर्ट से दिए जाते हैं? तीर निशाने पर नहीं लगा तो बैकिंग का किनारा व निजी बयान की घोषणा की जाती है? तथा कंटेंप्ट ऑफ़ कोर्ट एक्ट 1971 की धारा 15 (1) (सी) व अवमानना संबंधी सुप्रीम कोर्ट के 1975 के नियम 3 (सी) के तहत अटॉर्नी/सॉलिसिटर जनरल की सहमति से ही कार्रवाई शुरू होगी, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल का माध्यम से चर्चा करेंगे, सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ टिप्पणी से बवाल मचा, सांसद बनाम सुप्रीम कोर्ट, अवमानना की गाज गिरनें की संभावना?


साथियों बात अगर हम सांसद के खिलाफ़ अवमानना की कार्रवाई होने की संभावना की करें तो, सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई के ख़िलाफ़ विवादित बयान के लिए सांसद पर अब अवमानना की तलवार लटक रही है। अब उनके ख़िलाफ़ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई की मांग उठी है। सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने अटॉर्नी जनरल को पत्र लिखकर अवमानना कार्यवाही शुरू करनेकी अनुमति मांगी है। पत्र में कहा गया कि उनकी टिप्पणियां गंभीर रूप से अपमानजनक और ख़तरनाक रूप से उकसाने वाली% हैं, जो सुप्रीम कोर्ट की गरिमा और स्वतंत्रता पर हमला करती हैं। यह पत्र अवमानना अधिनियम की धारा 15 (1)(बी) और सुप्रीम कोर्ट की अवमानना नियमावली के नियम 3 (सी) के तहत लिखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने वक़्फ़विधेयक के संदर्भ में सांप्रदायिक रूप से ध्रुवीकरण करने वाले बयान दिए जो कोर्ट की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं, हालांकि, कार्यवाही शुरू करने के लिए अटॉर्नी जनरल की सहमति ज़रूरी है। यह क़दम तब उठाया गया है जब सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के ख़िलाफ़ विवादित टिप्पणियों ने सियासी हलकों में भूचाल ला दिया है। 19 अप्रैल को दिए गए अपने बयान में सांसद ने सुप्रीम कोर्ट को धार्मिक युद्ध भड़काने और अराजकता की ओर ले जाने का ज़िम्मेदार ठहराया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था, क़ानून यदि सुप्रीम कोर्ट ही बनाएगा तो संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। इसके बाद एएनआई से बातचीत में उन्होंने कहा था, इस देश में जितने गृह युद्ध जैसे हालात बन रहे हैं, उसके लिए सीजेआई जिम्मेदार हैं। सुप्रीम कोर्ट धार्मिक युद्ध भड़काने का काम कर रहा उन्होंने कोर्ट पर न्यायिक अतिक्रमण का आरोप लगाया और कहा कि संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत क़ानून बनाने का अधिकार सिर्फ़ संसद को है, न कि कोर्ट को। उन्होंने कोर्ट के उस फ़ैसले पर आपत्ति जताई, जिसमें राष्ट्रपति और राज्यपालों को विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समयसीमा तय की गई थी। इसके अलावा वक़्फ़ संशोधन विधेयक 2025 पर कोर्ट की सुनवाई के दौरान सरकार के कुछ प्रावधानों को लागू न करने के आश्वासन पर भी उन्होंने ने सवाल उठाए। उनके बयानों से उपजे विवाद के बाद सत्ताधारी पार्टी अध्यक्ष ने उनके बयानों से पार्टी को अलग करते हुए इसे उनकी व्यक्तिगत राय क़रार दिया था।19 अप्रैल की रात को उन्होंने ने एक्स पर लिखा, %निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के बयान व्यक्तिगत हैं।पार्टी इनसे सहमत नहीं है और न ही इनका समर्थन करती है। हम इन बयानों को पूरी तरह खारिज करते हैं। उन्होंने जोड़ा कि पार्टी न्यायपालिका को लोकतंत्र का मज़बूत स्तंभ मानती है और उसका सम्मान करती है। उन्होंने दोनों सांसदों को भविष्य में ऐसे बयान देने से मना किया लेकिन, नड्डा का यह बयान विवाद को शांत करने में नाकाम रहा। विपक्ष ने इसे बीजेपी की दिखावटी सफाई करार दिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, पार्टी सुप्रीम कोर्ट को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। क्या उन्होंने ने सांसद को नोटिस भेजा? साथियों बात अगर हम अवमानना सहमति में अटॉर्नी/ सॉलिसिटर जनरल की भूमिका की करें तो, अगर अटॉर्नी जनरल अवमानना कार्यवाही की अनुमति देते हैं तोउनको कोर्ट में पेश होना पड़ सकता है। हालांकि, पहले भी कपिल सिब्बल और पी.चिदंबरम जैसे मामलों में अवमानना की मांग खारिज हो चुकी है, जिससे इसकी संभावना कम लगती है। फिर भी, सुप्रीम कोर्ट स्वत¬ संज्ञान ले सकता है, जैसा कि विपक्ष मांग रहा है।दुबे का बयान उस बड़े टकराव का हिस्सा है, जिसमें उपराष्ट्रपति ने भी सुप्रीम कोर्ट के अनुच्छेद 142 के इस्तेमाल को लोकतांत्रिक ताक़तों के ख़िलाफ़ परमाणु मिसाइल क़रार दिया था। यह दिखाता है कि कुछ पार्टी नेता कोर्ट के फ़ैसलों को न्यायिक अतिक्रमण मानते हैं।उनकी बयानबाजी ने न केवल सुप्रीम कोर्ट की गरिमा पर सवाल उठाए, बल्कि पार्टी के लिए एक सियासी संकट भी खड़ा कर दिया है। अध्यक्ष की सफाई और पार्टी की दूरी के बावजूद यह विवाद पार्टी की छवि को नुक़सान पहुंचा सकता है, खासकर तब जब वह न्यायपालिका का सम्मान करने की बात करती है। सुप्रीम कोर्ट में अवमानना की कार्यवाही के लिए याचिका दाखिल करने से पहले अटॉर्नी जनरल की सम्मति अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसमें एक विशेष समुदाय के खिलाफ पक्षपात का आरोप लगाया गया उन्होंने ने अपने पत्र में कहा है कि सार्वजनिक रूप से दिए गए दुबे के बयान घोर निंदनीय, भ्रामक हैं, इनका उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा और अधिकार को कमतर दिखाना है, पत्र में कहा गया है कि दुबे की टिप्पणियां न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत हैं, बल्कि उनका मकसद सर्वोच्च न्यायालय की महिमा और छवि को धूमिल करना कीर्ति को बदनाम करना है ऐसे बयान देकर वोन्यायपालिका में जनता का विश्वास खत्म करना चाहते हैं, उनका असली उद्देश्य न्यायिक निष्पक्षता मेंसांप्रदायिक अविश्वास को भड़काना है।

# विपक्ष के सवालों का भाजपा सांसद बैजयंत पांडा ने दिया जवाब

## ........................................शशि थरूर को लेकर कांग्रेस को घेरा........................................

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद बैजयंत पांडा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने सुरक्षा बलों की कभी सराहना नहीं की। जबकि दुनियाभर में सेना की तारीफ हो रही है। बैजयंत पांडा ने कहा कि शशि थरूर बहुत अच्छा बोलते हैं, लेकिन उनका पार्टी नेतृत्व उनको बोलने नहीं देता है। उनको देशहित में बोलने से कोई रोक नहीं सका। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा ने कहा कि हमने अमेरिकी दबाव में हमले नहीं रोके। हमने पाकिस्तान के घुटने टेकने के बाद हमले रोके। यह शर्म की बात है कि हमारे देश के कुछ लोग सेना और सरकार पर सवाल उठाते हैं।



लोकसभा में एनसीपी शरद के सांसद अमर शरदराव काले ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान गुर्जर और बकरवाल समुदाय ने हमें जरूरी जानकारियां दी थीं। मुझे जानना है कि क्या समुदाय ने अब हमें ऐसी जानकारी दी। 1971 में पाकिस्तान ने हमारे कई हवाई अड्डों पर अटैक किया था। 13 दिन तक युद्ध चला था। तब हमने में विजय की घोषणा की। 1971 के युद्ध के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति निकसन ने संघर्ष विराम को दबाव बनाया था, लेकिन भारत ने इसे नकार दिया था। आज हम मोदी जी को वैश्विक नेता कहते हैं। देश के लोगों की उनसे कुछ अपेक्षा है। भारत पूछना चाहता है कि 2014 से अब तक मोदी ने विदेश दौरों के दौरान भेंट की तो हमारी विदेश नीति कितनी सफल हुई है। नौ बार वे अमेरिका गए हैं। उस अमेरिका के राष्ट्रपति पाकिस्तान के सेना प्रमुख को खाना खाने बुलाते हैं, इससे बड़े दुख की कोई बात नहीं है। सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए। पाकिस्तान और चीन का संबंध लोहे सा मजबूत है, मैं विदेश मंत्री से पूछना चाहता हूं कि हमारी विदेशी नीति कैसे असफल हुई है।

शिवसेना यूबीटी के सांसद अरविंद सांवत ने कहा कि मैं ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सेना के पराक्रम को नमन करता हूं। पहलगाम में 22 अप्रैल को एक भी जवान क्यों नहीं था? जांच यहां से शुरू होनी चाहिए। उस दिन सारे जवान कहां गए थे? वहां से पाकिस्तान कितना दूर है? पहलगाम से पहले भी कुछ आतंकी हमले हुए हैं। हाल ही में मुंबई हमले के आरोपियों को हाईकोर्ट को रिहा कर दिया। इससे साफ है कि हम आज तक आतंकी पकड़ नहीं पाए हैं।

पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि यह कांग्रेस की दुष्प्रचार रणनीति है सच नहीं है। आप कहते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में युद्ध बंद किया, यह सच नहीं है। भारत अपना निर्णय स्वयं करता है। भारत ऐसा करने में सक्षम है। कांग्रेस को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता दिखाई नहीं पड़ी। पूरी दुनिया और देश ने ऑपरेशन सिंदूर को सराहा। हमारे देश की विपक्षी पार्टी इस लड़ाई में सरकार के साथ नहीं रही। कांग्रेस दलगत राजनीति से ऊपर उठे।

पंचायती राज मंत्री ने कहा कि भारत की सेना ने पाकिस्तान के पूरी रक्षा प्रणाली और 11 एयरबेस को ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को पूरे देश ने देखा। मगर विपक्ष को यह नहीं नजर आई। यह देश का दुर्भाग्य है। प्रधानमंत्री जी बोलते नहीं हैं, वे सीधा कार्रवाई करते हैं और अपनी ताकत दिखाते हैं।

पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में नागरिक ठिकानों पर हमला नहीं किया। बाद में पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों, एयरबेस और नागरिक ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया। हमारे देश में निर्मित रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों को ध्वस्त कर दिया। हमने पाकिस्तान की मिसाइल हवा में फुलझड़ी की तरह ध्वस्त कर दीं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारा कोई जहाज नहीं गिरा।

पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समय, तारीख और कार्रवाई करने के लिए सेना को खुली छूट दी। सात मई को हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। इसके बाद आतंकियों के आका रो रहे थे। हमने संदेश दिया कि हम आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस के गोगोई ने एक बार फिर भी पाकिस्तान की आलोचना नहीं की। कांग्रेस वोट की राजनीति करती है और पीएम मोदी देश के लिए राजनीति करते हैं।

पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि यूपीए के किसी प्रधानमंत्री ने आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने का संकल्प नहीं लिया। ये प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प था। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी विदेश यात्रा स्थगित करके देश वापस लौटे। 24 अप्रैल को पंचायतीराज दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के मधुबनी से कहा था कि भारत इसका जवाब कल्पना से परे पाकिस्तान को देगा। उन्होंने पूरी दुनिया को संदेश दिया कि हम आतंकवाद के आगे झुकने वाले नहीं हैं।

पंचायती राज मंत्री राजीव सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने आतंकवाद को पनपने दिया। यूपीए में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने का साहस नहीं था। आप खानापूर्ति करते और घड़ियाली आंसू बहाते थे। मुंबई की घटना के मुख्य सूत्रधार को आप नहीं ला सके। भाजपा उसको भारत में लाई। भारत ने पहलीबार आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का काम 2016 में शुरू हुआ। प्रधानमंत्री ने आतंकियों को घर में घुसकर मारने का संकल्प लिया और काम शुरू किया।

## क्विक न्यूज

### निलंबित डीएफओ और अन्य सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर छापे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के विभिन्न जिलों में कई सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर छापे मारे। गुरुवार तड़के शुरू हुई इस कार्रवाई में निलंबित जिला वन अधिकारी अशोक पटेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आनंद सिंह और शिक्षा विभाग के श्याम सुंदर चौहान सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। ईओडब्ल्यू की टीमों ने रायगढ़, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों में लगभग 14 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। सुबह 4 बजे शुरू हुई इस छापेमारी में ईओडब्ल्यू की लगभग 13 टीमें शामिल थीं। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों के आवासों से बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण दस्तावेज, नकदी और बहुमूल्य आभूषण बरामद किए गए हैं। यह छापेमारी इन अधिकारियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के जवाब में की गई। विशेष रूप से, सुकमा के डीएफओ अशोक पटेल को हाल ही में राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था, जिसके तुरंत बाद ईओडब्ल्यू टीम ने यह कार्रवाई की।

### दम घुटने से 4 मजदूरों की हुई मौत, अंडरग्राउंड वाटर टैंक की सफाई के दौरान हुआ हादसा

**मुंबई।** मुंबई के नागपाड़ा इलाके में रविवार को एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक निर्माणाधीन इमारत के पानी के टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से चार श्रमिकों की मौत हो गई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अनुसार, यह दुखद घटना दोपहर लगभग 12.29 बजे मिंट रोड पर गुड लक मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में हुई। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत हरकत में आए और बचाव दल को मौके पर भेजा गया। कर्मचारियों को पानी की टंकी से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए जेजे अस्पताल ले जाया गया।

## सट्टा बाजार की भविष्यवाणी ने बढ़ाई लोगों की धड़कने

**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इससे पहले क्रिकेट के दिग्गजों ने टूर्नामेंट के विजेता को लेकर दावे करने शुरू कर दिए हैं। कोई दूसरी बार न्यूजीलैंड के खिताब जीतने की बात कह रहा है तो भारत को तीसरी बार चैंपियन बना रहा है। इसी बीच राजस्थान के फलोदी सट्टा बाजार से भी चैंपियंस ट्रॉफी के विजेता को लेकर बड़ी भविष्यवाणी हुई है। चैंपियं ट्रॉफी 2025 के भारत बनाम न्यूजीलैंड फाइनल मुकाबले में कौनसी टीम के सिर जीत का ताज बंधेगा? राजस्थान के फलोदी सट्टा बाजार ने इसको लेकर भविष्यवाणी कर दी है। दोनों ही टीमें काफी मजबूत हैं, ऐसे में टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद कांटे का है। सट्टा बाजार के जानकारों के मुताबिक, फलोदी के सट्टा बाजार भारत के भाव ज्यादा हैं।

## मध्य प्रदेश के नेता विजय शाह की नीयत पर संदेह, अदालत ने कहा- 13 अगस्त तक जांच रिपोर्ट दे एसआईटी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई है। कारण है कि उन्होंने भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अब तक उसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी। मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का व्यवहार संदेह पैदा करता है कि क्या उन्होंने जानबूझकर यह टिप्पणी की थी और अब माफी न मांगकर अपनी गलती नहीं मान रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे मंत्री की नीयत और ईमानदारी पर सवाल उठते हैं।

साथ ही मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वह 13 अगस्त तक जांच पूरी करे और रिपोर्ट अदालत में पेश करे। कोर्ट ने कहा कि अब समय आ गया है कि इस मामले में तेजी लाई जाए और



उचित कदम उठाए जाएं। बता दें कि यह मामला तब शुरू हुआ जब मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक बयान दिया था। इस बयान को सेना की गरिमा के खिलाफ माना गया और इस पर काफी बवाल भी हुआ। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि सेना और उसके अधिकारियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे में अब सभी की नजर एसआईटी की रिपोर्ट पर है, जो 13 अगस्त तक कोर्ट में दाखिल की जानी है। यदि जांच में मंत्री की गलती पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

# बरेली के गांव में छत पर पड़ा मिला मेड इन चाइना लिखा ड्रोन, पुलिस ने कब्जे में लेकर शुरू की जांच

एजेंसी

**बरेली।** बरेली जिले के ग्रामीण इलाकों व कस्बों में ड्रोन उड़ने का शोर मच रहा है। इससे ग्रामीणों में कौतहूल के साथ दहशत भी है। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के मंडोली गांव से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांव निवासी कमल मौर्य के मकान की छत पर सोमवार सुबह ड्रोन पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि सुबह उनका बेटा नवनीत मौर्य किसी काम से छत पर गया।

उसने छत पर ड्रोन कैमरा पड़ा देखा। उसके शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। ड्रोन मिलने की खबर मिलते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में ले लिया है। ड्रोन पर मेड इन चाइना लिखा है। ड्रोन



किसका है और छत पर कैसे पहुंचा, इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

उधर, मंडोली के पड़ोसी गांव फरीदापुर रामचरन में दिनदहाड़े लूट की घटना हुई है। गांव निवासी प्रीति ने बताया कि उसके पति काम पर बाहर गए थे। वह भी घर से बाहर थीं। घर पर उनकी बेटी रूबी बर्तन धो रही थी, तभी तीन चार बदमाश घर में घुस आए। उन्होंने बेटी को बंधक बनाकर लूटपाट की। प्रीति ने बताया कि बदमाश घर में रखी नकदी और जेवर लूटकर ले गए हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

दोनों घटनाओं के संबंध में फतेहगंज पश्चिमी के थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है। फिर तहरीर लेकर जांच की जा रही है। जल्द खुलासा कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। ड्रोन उड़ाने वाले को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कस्तूरबा गांधी स्कूल हाफिजगंज की वार्डन ने रविवार रात स्कूल में चोर घुसने और छात्राओं के भयभीत होने का जिक्र कर वीडियो जारी किया है। रात में सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी खोजबीन की लेकिन नहीं कोई मिला। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की वार्डन सपना पांडे ने बताया है कि चार दिन से स्कूल के ऊपर ड्रोन उड़ता दिख रहा है।

उन्होंने चौंकाने वाली बात बताई कि रविवार रात 11 बजे काले कपड़े में एक व्यक्ति ने आकर खिड़की पर हाथ मारा। स्कूल में छात्राएं और महिला स्टाफ ही था। यह देखकर उन लोगों ने शोर मचाया। छात्राएं बहुत भयभीत हो गई थीं। शोर मचाने पर आसपास के लोग आए। पुलिस भी आई, लेकिन छानबीन के दौरान कुछ भी ऐसा नहीं मिला।

## झालावाड़ हादसे के बाद भी नहीं जागी सरकार! अब जैसलमेर में सरकारी स्कूल का गेट गिरने से 6 साल के मासूम की मौत

एजेंसी

**जयपुर।** पिछले दिनों राजस्थान के झावालाड़ में एक दर्दनाक घटना घटी थी, जहां एक स्कूल की छत गिरने के कारण सात बच्चों की मौत हो गई थी। अब जैसलमेर से एक बड़ा हादसा सामने आया है, जहां छह वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई।

जैसलमेर जिले में एक स्कूल के मुख्य गेट की छत गिरने से यह हादसा हुआ है। इस हादसे में एक बच्चे की मौत हुई है और एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। हाजसा स्कूल की छुट्टी के वक्त हुआ था, जब बच्चे बाहर निकल रहे थे।

यह दर्दनाक घटना रामगढ़ क्षेत्र में सोमवार को एक सरकारी स्कूल में हुई। मृतक बच्चे की पहचान अर्बाज खान के रूप में हुई है। घायल शिक्षक का नाम अशोक कुमार सोनी है, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की पुष्टि जैसलमेर के एसपी अभिषेक शिवहरे ने की है। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्थिति पर नजर रखी जा रही है। इस हादसे के बाद बच्चे के परिजन सदमे और गुस्से में हैं। अर्बाज के परिवार वाले और रिश्तेदार बच्चे के शव के साथ स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गए।

परिवार वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर धरना प्रदर्शन किया। हालांकि, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और परिजनों से बातचीत जारी है ताकि स्थिति को शांत किया जा सके। इस घटना के बाद राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दुख जताते हुए राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में ऐसी घटनाएं चिंता का विषय है। सरकार को तुरंत कदम उठाने चाहिए ताकि बच्चों की जान न जाए।

## सरोगेसी घोटाला और बच्चों की तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़, हैदराबाद में डॉक्टर समेत 10 गिरफ्तार

एजेंसी

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। हैदराबाद पुलिस ने एक अवैध सरोगेसी और नवजात बच्चों की तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने आईवीएफ केंद्र की डॉक्टर सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने क्लिनिक में इस्तेमाल किए जा रहे चिकित्सा उपकरण और दवाइयां, अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए हैं। पुलिस ने आईवीएफ सेंटर से केस रिकॉर्ड और सरोगेसी मामलों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए हैं। मुख्य आरोपी की पहचान तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी सेंटर्स की मालिक अथलुरी नम्रता के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि इस मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब एक दंपति ने शिकायत की। दंपति ने सरोगेसी के



जरिए बच्चा पैदा करने के लिए आईवीएफ सेंटर को 35 लाख रुपये का भुगतान किया। हालांकि, नौ महीनों के दौरान क्लिनिक को कई भुगतान करने के बाद, दंपति को पता चला कि सरोगेसी के जरिए पैदा हुए नवजात शिशु का डीएनए उनके डीएनए से बिल्कुल भी मेल नहीं खाता। इस पर दंपति को शक हुआ और उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की। शिकायत मिलने के बाद जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी डॉ. अथलुरी नम्रता, अपने आईवीएफ सेंटर्स के जरिए बड़े पैमाने पर सरोगेसी और प्रजनन घोटाला कर रही थी।

पुलिस जांच में पता चला कि बच्चे के असली माता-पिता असम के मूल निवासी और हैदराबाद के रहने वाले हैं, उनकी पहचान कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, बच्चे के असली माता-पिता को पैसे देकर उनसे बच्चा लिया गया और उस बच्चे को उस दंपति को सौंप दिया गया, जिसने सरोगेसी से बच्चा पाने के लिए आरोपी डॉक्टर को लाखों रुपये का भुगतान किया था।

## महिलाओं को नंगा कर घुमायाज्बीच सड़क पर लोगों को मारी जा रही गोलियां

एजेंसी

**दश्मिक।** सीरिया में हुए हिंसक संघर्षों में 1000 से अधिक लोग मारे गए। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिसा हुई थी। यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरुआत की। सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि संघर्षों में ।45 नागरिक मारे गए, जिनमें से अधिकांश को नजदीक से गोलियों से मारा गया था। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 उग्रवादी भी मारे गए हैं। असद शासन के दौरान अलावितों को सेना और अन्य उच्च पदों पर प्रमुख स्थान मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले नए शासन की शुरुआत के साथअलावित समुदाय को बार-बार उनके पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने के कारण निशाना बनाया गया है।

ब्रिटेन स्थित सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि हिंसा के साथ-साथ कई अलावित बहुल क्षेत्रों में बिजली और पीने का पानी भी काट दिया गया है। गांवों के लोगों ने एपी को बताया कि समुदाय के कई घरों को लूटा गया और फिर आग लगा दी गई।लेबनान के राजनेता हैदर नासिर अपने देश की संसद में अलावित समुदाय के लिए निर्धारित दो सीटों में से एक पर बैठते हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए सीरिया से लेबनान भाग रहे हैं।

गवाहों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि महिलाओं को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयावह दृश्य ने हिंसा को और भड़का दिया। बानियास शहर को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

## नेतन्याहू के लिए गले की हड्डी बने हूती, कहा- गाजा पर हमला नहीं रोका तो हर इस्राइली जहाज को उड़ाएंगे

एजेंसी

**सना।** यमन के हूती विद्रोहियों ने एर्क बार फिर इस्राइल और उसके समर्थन वाले जहाजों को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। हूतियों ने साफ कहा है कि अब वे इस्राइलसे जुड़े हर जहाज को अपना निशाना बनाएंगे, चाहे वह दुनिया के किसी भी हिस्से में क्यों न हो। यह बयान ऐसे समय आया है जब रेड सी और अरब सागर में पहले ही हूतियों के हमलों से समुद्री परिवहन में रुकावटें आ रही हैं।

हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने रविवार को एक वीडियो बयान में कहा कि इस्राइल से जुड़े सभी कमर्शियल, तेल या हथियार ले जाने वाले जहाज अब उनके रडार पर हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गाजा पर इस्राइल हमले बंद नहीं होते, तब तक वे अपने 'सैन्य प्रतिरोध' को जारी रखेंगे। इससे पहले भी उन्होंने अमेरिकी और ब्रिटिश जहाजों को चेतावनी दी थी, लेकिन अब उन्होंने





अपने दायरे को और बढ़ा दिया है।

हूतियों ने यह भी कहा है कि वे उन सभी देशों को भी निशाना बना सकते हैं जो किसी भी रूप में इस्राइल का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस्राइल हितों की रक्षा करने वाली हर शिपिंग कंपनी या देश उनके निशाने पर रहेगा। इससे अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार पर और गहरा असर पड़ सकता है, खासकर रेड सी और हिंद महासागर के रूट्स पर। अमेरिका ने हूतियों के पिछले हमलों के जवाब में यमन में कई एयरस्ट्राइक किए थे। अब जब हूतियों फिर से ऐसी धमकी दी है, तो माना जा रहा है कि पश्चिमी देश एक बार फिर कड़े कदम उठा सकते हैं। हालांकि, अमेरिकी सेना की तरफ से इस नए बयान पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

हूतियों की धमकी से अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों में चिंता बढ़ गई है। पिछले कुछ महीनों में कई जहाज हूतियों के ड्रोन और मिसाइल हमलों का शिकार हुए हैं, जिनमें भारतीय और फिलीपीन मूल के नाविक भी घायल हुए हैं।

# पाकिस्तान में गधे भी सुरक्षित नहीं

## इस्लामाबाद खाद्य प्राधिकरण ने जब्त किया एक हजार किलो गधे का मांस

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** आतंकवाद के पनाहगार में नागरिकों को छोड़िए गधे तक सुरक्षित नहीं है। गधे की सबसे बड़ी संख्या वाले देश में शामिल पाकिस्तान इन वन्य जीवों को भी बचा नहीं पा रहा है। पाकिस्तान के एक फार्म हाउस से इस्लामाबाद खाद्य प्राधिकरण (आईएफए) ने एक हजार किलो गधे का मांस जब्त किया है। इसके साथ ही 50 से अधिक जीवित गधे भी बरामद किए गए।

इस्लामाबाद खाद्य प्राधिकरण (आईएफए) ने तरनोल स्थित एक फार्म हाउस पर छापेमारी के दौरान गधे का मांस जब्त किया। परिसर में छापेमारी के दौरान एक विदेशी नागरिक को मौके पर ही हिरासत में लिया गया। इस्लामाबाद जिला प्रशासन ने बताया कि विदेशी नागरिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



की गई है। बताया जा रहा है कि मांस विदेशी रेस्टोरेंट और व्यक्तियों को आपूर्ति करने के लिए तैयार किया जा रहा था। इस्लामाबाद प्रशासन ने कहा कि हम जांच कर रहे हैं कि गधे का मांस कहां पहुंचाया जा रहा था। आपूर्ति श्रृंखला में शामिल स्थानीय सहयोगियों का भी पता लगाया जा रहा है। मामले की कई एंगल से जांच की जा रही है।

खाद्य प्राधिकरण के सूत्रों का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि मांस विदेशियों के लिए था। मौके पर मिली पैकेजिंग बेहद परिष्कृत थी। इसे राजधानी में विदेशियों को निर्यात या आपूर्ति के लिए बनाया गया था। वहां 50 से ज्यादा जीवित गधे थे। इसलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि वे कभी-कभी मर जाने वाले गधों का मांस बेच रहे थे। यह धंधा एक विदेशी नागरिक चला रहा था। जबकि फा महाउस ऐसी किसी गतिविधि के लिए पंजीकृत नहीं था।

विदेशी नागरिक के खिलाफ इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी फूड सेफ्टी एक्ट, 2021 की धारा 11 (कानून के विरुद्ध भोजन बेचना), 12 (घटिया या गलत ब्रांड का भोजन), 13 (असुरक्षित भोजन) और 14 (भोजन के लिए अस्वच्छ या अस्वास्थ्यकर स्थान) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पाकिस्तान चीन को गधे की खाल और मांस का निर्यात करता है। पाकिस्तान गधे की सबसे बड़ी संख्या वाले देशों में शामिल है। पाकिस्तान में पिछले दिनों में गधों की कीमतें तीन लाख पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गई हैं। चीन के साथ अपनी निकटता और घनिष्ठ राजनयिक संबंधों के कारण पाकिस्तान इस मांग को बढ़ाने में विशेष रुचि रखता है।

गधों को पाकिस्तान अपनी आर्थिक संपत्ति मानता है। इस साल की शुरुआत में अप्रैल में पाकिस्तान के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और अनुसंधान मंत्री राणा तनवीर हुसैन ने एक चीनी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की थी। चीन के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान में गधा फार्म स्थापित करने में रुचि दिखाई थी। मंत्री ने कहा था कि किसी भी औपचारिक समझौते में पाकिस्तान की स्थानीय गधा आबादी की रक्षा होनी चाहिए।

पाकिस्तान में पशु कल्याण और व्यापार को अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित करने वाले कानून और नियम हैं। 1890 का पशु क्रूरता निवारण अधिनियम जानवरों को पीटने, उनसे अधिक काम करवाने या उन्हें अनावश्यक पीड़ा पहुंचाने पर प्रतिबंध लगाता है। इसमें अपराध के आधार पर 50 से 100 पाकिस्तानी रुपये का मामूली जुर्माना और एक या दो महीने की कैद की सजा शामिल है।

# पीली नदी हुई पुनर्जीवित, विधायक और डीएम ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा क्षेत्र की जीवन रेखा मानी जाने वाली पीली नदी के जीर्णोद्धार कार्य के पूर्ण होने के उपरान्त विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के साथ रविवार सायं पीली नदी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देवरिया गांव स्थित मई पुल पर पहुंचे, जहां उन्होंने 200 वर्ष पुराने शिव मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का अवलोकन किया और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना भी की।इस दौरान ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। ग्रामीणों ने अतिथिगण का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि आपने इस नदी को नया जीवन देकर हम सबका दिल जीत लिया है। निरीक्षण के बाद विधायक और



जिलाधिकारी ने ग्रामीणों में प्रसाद वितरित किया।

विधायक बदलापुर ने कहा कि प्रधानमत्री और मुख्यमंत्री ने नदियों का संरक्षित करने के लिए अभियान चलाया है। उन्होने आह्वाहन किया है कि प्रत्येक जनपद में एक नदी संरक्षित की जाए। जिसके क्रम में पीली नदी को चिन्हित करते हुए जनसहभागिता के आधार पर पुनर्जीवित किया गया है। पीली नदी को संरक्षित और पुनर्जीवित करने के लिए गत 11 जून 2025 को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्य योजना तैयार कराई। जिलाधिकारी के द्वारा कई बार निरीक्षण भी किया गया। उनके कुशल निर्देशन में करीब 25 वर्षो से सूख चुकी पीली नदी अब फिर से प्रवाहित हो रही है। विधायक ने कहा कि नदी के संरक्षित हो जाने से पशु पक्षी मनुष्य सबकों लाभ प्राप्त होगा। इस नदी के किनारे लगभग 51 हजार पौधे लगाये जाने का भी लक्ष्य रखा गया है। नदी के किनारे मन्दिर के जीर्णोद्धार का कार्य जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में कराया गया है, जिसके लिए उन्हे अनवरत समय तक याद किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा एक जनपद एक नदी के जीर्णोद्वार का लक्ष्य रखा गया था जिसके क्रम में पीली नदी का चयन किया गया, क्योकि ये क्षेत्र डार्क जोन में आता है। अधिकारियों के साथ कई बैठके आयोजित कर रणनीति तैयार किया गया। जिलाधिकारी के नेतृत्व में और विधायक के संरक्षण में सभी अधिकारियों ने सराहनीय कार्य किया गया। पीली नदी के पुनर्जीवन को लेकर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। ग्रामीणों का मानना है कि यह कार्य ऐतिहासिक पहल है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी योगिता सिंह, स्थानीय ग्रामीणों के साथ प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# डॉ. अरविंद पाण्डेय बदलापुर सीएचसी के नये अधीक्षक

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक पद पर सोमवार को डॉक्टर अरविंद पाण्डेय ने कार्यभार संभाला है। वह विगत तीन वर्षो से चिकित्साधिकारी के पद पर बदलापुर सीएचसी में कार्यरत हैं। बतौर अधीक्षक डॉक्टर पाण्डेय ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्र प्रतिनिधियों से बताया कि शासन की मंशा के मुताबिक स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए सदैव तत्पर रहते हुए योजनाओं को जनता के बीच क्रियान्वित किया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अधीक्षक पद पर रहे डिप्टी सीएमओ डॉक्टर अरुण यादव अब जिला मुख्यालय पर डिप्टी सीएमओ का अपना मूल दायित्व संभालेंगे। डॉ पांडे के अधीक्षक पद पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों एवं क्षेत्रीय लोगों में भारी प्रसन्नता व्याप्त है। गौरतलब है कि वर्ष 1994 में गांव में छ मवेशियों व दो बच्चों को आग के बीच जान जोखिम में डालकर बचाने के प्रकरण में देश के तत्कालीन राष्ट्रपति पंडित शंकरदयाल शर्मा तथा प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से नवाजा था। उस समय डॉ पाण्डेय कक्षा सात के छात्र थे।

# युवक को लाठी डंडे से पीटकर गम्भीर रूप से किया घायल

- पूर्व जिलापंचायत सदस्य का पति जूनियर हाईस्कूल के सहायक अध्यापक का टोल के पास चला घण्टो तांडव

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के हौज टोलप्लाज़ा के पास रविवार की रात को स्थित एक ढाबे के पास एक अधेड़ को चार मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया।पीड़ित ने सोमवार को पुलिस को जाकर तहरीर दिया।पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। मिर्जापुर जिले के पड़री थाने के शेष का पूरा गांव निवासी जयप्रकाश दूबे पुत्र उमाशंकर दुबे बिशुनपुर मझवारा गांव में स्थित अपने एक रिश्तेदारी में आये थे।शाम को वे हौज पोखरा गांव निवासी अपने मित्र सर्वेश सिंह चौहान पुत्र सोहन सिंह से मिंलने चला गया।वह सर्वेश मिलकर वापस बिशुनपुर आ रहा था।हौज टोलप्लाज़ा के आगे एक ढाबे पर वह रुक गया।वहां पर चार युवक आ गए।उन लोगों ने जयप्रकाश दूबे से पूछ कहा कि हो।जब उसने अपना घर मिर्जापुर बताया तब उन लोगों ने वही रोड पर मारे और उसे ढाबे के बगल में स्थित अपने भट्ठे पर ले जाकर लाठी डंडे से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया।साथ ही जान से मारने की धमकी भी दिया।जयप्रकाश दुबे की तहरीर पर थानाध्यक्ष जलालपुर त्रिवेणी सिंह ने बताया कि पूर्व जिलापंचायत सदस्य के पति जूनियर हाईस्कूल के सहायक अध्यापक हरिराम यादव सहित चार लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया।

# सावन के तीसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

- मंदिरों में लगी लंबी लाइन, बम-बम भोले से गूंज रहे प्रयागराज के शिवालय

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** सावन के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धा की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह-सुबह ही हजारों भक्तों ने जलाभिषेक के लिए मंदिरों का रुख कर लिया। सावन के तीसरे सोमवार पर प्रयागराज के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में प्रशासन ने हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की। अन्य मंदिरों में सुबह से शिव भक्तों की कतार लगी है। कांवड़ उठाए %बम बम भोले, %जय शिव% का नारा लगा कर आगे बढ़ रहा है। शिव भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न उठानी पड़े। इसके लिए सुबह से पुलिस, आरपीएफ और पीएसी के जवान तैनात हैं। हर कोने पर नजरकांवड़ यात्रा में शामिल शिव भक्तों को जिन रास्तों से होकर जाना है। वहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। ड्रोन व ट्रिपल आई सी कैमरे से निगरानी कराई जा रही है। डीएम व पुलिस कमिश्नर सुबह से ही कंट्रोल रूम में बैठ कर शिव प्रबंध की कमान संभाले हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रशासन ने 5 क्विक रिस्पॉन्स टीमें बनाई हैं। जो किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया दे सकेंगी। इन टीमों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। ये 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगी। नैनी के अरैल इलाके में स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में भोर से ही लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई, जो करीब 2 किलोमीटर तक फैल गई। सभी श्रद्धालु बोल बम के जयघोष लगाते हुए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। शिवलिंग पर गंगाजल, बेलपत्र और दूध अर्पित करते हुए भक्तों का उत्साह देखने लायक था। मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ और रुद्राभिषेक भी हो रहा है। यज्ञ और हवन का आयोजन चल रहा है, जिसमें लोग अपनी मनोकामना लेकर शामिल हो रहे हैं।

# आयोजित हुई विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर

- जौनपुर खुटहन ब्लाक में आयोजित हुई विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर
- न्यायिक अधिकारियों ने लोगों को दी विधिक सम्बन्धित जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**खुटहन, जौनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा चलाये गये अभियान जो मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोक अदालत और मध्यस्थता अभियान पर केंद्रित हैं, पर विधिक साक्षरता जागरूकता सेमिनार जनपद न्यायाधीश अनिल वर्मा की अध्यक्षता और सचिव पूर्णकालिक/अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिंह की देख-रेख में स्थानीय ब्लाक में हुआ।

इस मौके पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव पूर्णकालिक प्रशान्त सिंह ने मध्यस्थता और राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि सरल, सुलभ और त्वरित न्याय जिला प्राधिकरण द्वारा संभव है। अधिक से अधिक वादों का निस्तारण मध्यस्थता और राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन निस्तारित करने पर बल देते हुये बताया कि प्राधिकरण में पीड़ित महिलाओं, लड़कियों सहित अन्य वर्गों के लिए निशुल्क सेवाएं उपलब्ध हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुये डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल डा. दिलीप सिंह ने बताया कि जब करोड़ मुकदमे देश भर में लंबित हो गये तो योग्य सभी मुकदमों को निपटने के लिये राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को वैकल्पिक न्याय प्रणाली के रूप में 1980 के दशक में बनाया गया। मुख्य दिशा निर्देशक जस्टिस पीएन भगवती और जस्टिस वी कृष्णा अय्यर थे जिन्होंने बताया कि किस तरह से सम्पूर्ण भारत के हर जनपद में स्थापित प्राधिकरण में मध्यस्थ पैनल लॉयर काउंसलर डिफेंस लीगल सिस्टम पैरालीगल वॉलिंटियर फ्रंट ऑफिस वैवाहिक प्री लिटिगेशन वाद सहित अन्य प्रकार निःशुल्क सहायता और जागरूकता प्राप्त की जा सकती है। एडीओ पंचायत राम अवध ने विकास खण्ड से जन उपयोगी जानकारी देते हुये उपस्थित ग्राम प्रधान, सचिव सहित अन्य लोगों से लोक अदालत और मध्यस्थ द्वारा अधिक से अधिक विवादों को निस्तारित करने पर बोल दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि विकास खंड से जनता को कौन सी सुविधाएं प्राप्त हो सकती है। काउंसलर देवेंद्र यादव ने विस्तार से फ्रंट पैनल सिस्टम परिवार न्यायालय में काउंसलिंग सिस्टम और सुलह द्वारा मुकदमों के निस्तारण के बारे में बताते हुए कहा कि किस तरह पीड़ित और प्रताड़ित लोग प्राधिकरण में आकर निःशुल्क सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रशान्त सिंह सचिव पूर्णकालिक, डॉ दिलीप सिंह डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल, देवेंद्र सिंह पैनल लॉयर, काउंसलर, अधिवक्तागण तहसील परिसर बदलापुर, चंद्रावती निगम पैरा लीगल वॉलिंटियर सहित अन्य विभागों की महिला कार्यकर्ता, पीएलवी, प्राधिकरण के सुनील मौर्या, खुटहन के एडीओ पंचायत राम अवध, विकास खंड कार्यालय के कर्मचारीगण, प्रधान, सचिव सहित तमाम वादकारीगण उपस्थित रहे।

# फिर बढ़ने लगा गंगा-यमुना का जलस्तर

- तीसरी बार जलस्तर में वृद्धि होने से कछारी इलाके में फिर घुसने लगा पानी

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** एक बार फिर गंगा और यमुना के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। यह तीसरी बार है जब जलस्तर में कमी होने के बाद फिर दोनों नदियों में वृद्धि हो रही है। पिछले 24 घंटे में गंगा फाफामऊ में 71 सेमी. बढ़ गई और सोमवार की सुबह गंगा का जलस्तर 80.27 मीटर तक पहुंच गया। इस तरह छतनाग में 24 घंटे में 106 सेमी. की वृद्धि हुई है। अब छतनाग में गंगा का जलस्तर 79.97 मीटर पर पहुंचा है। इसी तरह यमुना का जलस्तर भी पिछले 24 घंटे में 114 सेमी. बढ़ गया है। यमुना अभी 80.42 मीटर पर बह रही हैं। अब जलस्तर में वृद्धि होने से कछारी इलाके में फिर से बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। तटीय इलाकों में रहने वालों की मुश्किलें बढ़ने लगी है। प्रयागराज में बाढ़ का पानी फिर से बढ़ने से अब बाढ़ राहत शिविरों को फिर एक्टिव किया जा रहा है। उधर जलस्तर बढ़ने से पुलिस की ओर से नाविकों को भी सचेत किया गया है कि जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए नावों का संचालन न हो तो बेहतर किया जाए। जल पुलिस की टीम लगातार भ्रमण कर रही है। जिला प्रशासन की ओर से संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रहने के लिए निर्देशित किया गया है। फाफामऊ में सुबह 10:00 बजे गंगा का जलस्तर 80.27 मीटर और छतनाग में 79.97 मीटर दर्ज किया गया,वहीं नैनी में सुबह 8:00 बजे यमुना नदी का जलस्तर 80.42 मीटर दर्ज किया गया, हालांकि दोनों नदियां अभी खतरे के निशान से लगभग पांच मीटर नीचे बह रही हैं,जलस्तर बढ़ने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए दुकानदार, घाटिए और तीर्थ पुरोहित फिर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। संगम में गंगा और यमुना नदियों का डेंजर लेवल 84.734 मीटर है, गंगा और यमुना नदियों के बढ़ते जलस्तर की सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। संगम क्षेत्र में जल पुलिस और एसडीआरएफ ने मोर्चा संभाल लिया है,वही जिले में 88 बाढ़ चौकियों बनाई गई है और सभी को अलर्ट किया गया है।

# संध्या रानी श्रीवास्तव बनी सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट, क्षेत्र में खुशी का माहौल

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जनपद आजमगढ़ की ग्राम जमालपुर बाजबहादुर निवासी संध्या रानी श्रीवास्तव ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट के रूप में अपना नाम पंजीकृत कराया है। वे कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ एडवोकेट सतीश चंद श्रीवास्तव की सुपुत्री हैं और भाजपा लालगंज-आजमगढ़ के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव की बड़ी बहन हैं। इस उपलब्धि के साथ ही संध्या ने पूर्वांचल क्षेत्र के लोगों के लिए न्याय की राह आसान करने का संकल्प लिया है। संध्या रानी ने बताया कि उनके पति रविकांत श्रीवास्तव वर्तमान में इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस में डिप्टी कमांडेंट के पद पर कार्यरत हैं। संध्या ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया, एक एडवोकेट की बेटी होने के नाते मैंने बचपन से ही न्यायिक प्रक्रिया का गहरा अध्ययन किया है। मेरी कोशिश होगी कि आजमगढ़ और गाजीपुर के लोगों को सुप्रीम कोर्ट में अपने मुकदमे लड़ने के लिए महंगे खर्च नहीं करने पड़ें। मैं सर्वोच्च अदालत से न्याय दिलाने में हर संभव सहयोग करूंगी। उनकी इस उपलब्धि पर सीनियर एडवोकेट कुंवर अभिषेक सिंह ने कहा, संध्या ने एक कठिन सफर तय किया है और उनके इस निर्णय से क्षेत्र के कई लोगों को लाभ होगा। यह समय है जब हमें अपनी आवाज़ को प्रमुख न्यायालयों तक पहुँचाने की आवश्यकता है, और संध्या इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। संध्या ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष और सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल तथा निवर्तमान महामंत्री और सीनियर एडवोकेट विक्रांत यादव का आभार भी व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से उन्हें यह सफलता मिली। उन्होंने कहा, उनके सलाह और सहयोग के बिना यह संभव नहीं होता। मैं उनका आभार प्रकट करती हूं। इस उपलब्धि से न केवल संध्या रानी का परिवार बल्कि पूरे आजमगढ़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि संध्या द्वारा किए गए प्रयासों से स्थानीय लोगों को न्याय की प्रणाली में आवश्यक सहायता मिलेगी। अंत में, संध्या रानी श्रीवास्तव का यह प्रयास इस बात का संकेत है कि आज के युवाओं में समाज के प्रति जिम्मेदारी और न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। उनके इस कदम से निश्चित रूप से पूर्वांचल क्षेत्र में एक नई उम्मीद की किरण जागृत होगी, जिसमें हर नागरिक को न्याय दिलाने का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा।

## मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का रोटरी क्लब ने किया आयोजन



**आजमगढ़।** शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा भवरनाथ स्थित आईएमए भवन में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन हुआ। रोटरी अध्यक्ष श्रेय अग्रवाल के नेतृत्व में आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर निर्मल श्रीवास्तव ने कैंप का शुभारंभ किया। जिसमें क्लब के सदस्यों ने भी बढ़चढ़ कर रक्तदान कर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष श्रेय ने कहा कि जरूरतमंदो के मदद का उद्देश्य लिए इस महादान का आयोजन हुआ। इस कैंप में कुल 50 लोगों ने रक्तदान किया। कहा कि रक्तदान करना शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद सिद्ध होता है इसलिए हमें चाहिए कि वर्ष में एक बार रक्तदान जरूर करे। इस दौरान सचिव रवि शंकर प्रजापति, चंदन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछड़े समाज का चल रहा स्वर्ण काल : अनिल राजभर

- भगवान दक्ष प्रजापति के जयंती समारोह का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जनपद पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछड़े समाज का स्वर्ण काल चल रहा है। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने पीडीए को लेकर सपा पर जमकर साधा निशाना, कहा जब पैदल हुए तो याद आ रहा पीडीए। रविवार को मुबारकपुर के अमीलो में प्रजापति समाज के तत्वाधान में धृष्टदुमन प्रजापति के नेतृत्व में भगवान दक्ष प्रजापति के जयंती समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे श्रम रोजगार केंद्रीय मंत्री अनिल राजभर व चेयरमैन विनोद प्रजापति, विहिम प्रदेश महामंत्री मनोज प्रजापति, पार्षद अभय प्रजापति, विहिप जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रा ने संयुक्त रूप से भगवान दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प चढ़ा श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से जो एक नारा देने का काम किया गया है कि जो हमारे पारंपरिक जीविका के साधन और आधार है अब उसके साथ साथ हमारे समाज का बेटा भी आईएएस, आईपीएस और उच्च पदों पर बैठना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि इस समय पिछड़े समाज के लिए स्वर्णकाल चल रहा है क्योंकि इसी समाज से आने वाले नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि नकली पीडीए की बात नकली लोग करने वाले आज जब पैदल हो गए हैं तो उन्हें पीडीए याद आ रहा है। लोकसभा चुनाव के बाबत कहा कि कभी कभी ठग भी सफल हो जाते है। कार्यक्रम का संचालन अरविंद प्रजापति ने किया।

इस दौरान सुधीर सिंह, मूलचंद प्रजापति, मनीष गौड़, शैलेश प्रजापति, आलोक श्रीवास्तव, रघुनंदन प्रजापति, एडवोकेट यदुनंदन प्रजापति, इंद्रसेन प्रजापति, वंशीधर प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में रसोईया ने बच्चों को झाड़ू से पीटा

**प्रयागराज।** बहरिया ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय सराय सुल्तान में अध्यापकों की अनुपस्थिति में रसोईया द्वारा बच्चों को झाड़ू से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक विद्यालय में कोई भी शिक्षक नहीं पहुंचा था। बच्चे स्कूल के बाहर खुद प्रार्थना कर रहे थे। इस दौरान रसोईया ने बच्चों को झाड़ू से मारते हुए विद्यालय के अंदर जाने को कहा। किसी अभिभावक ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। इस विद्यालय में अध्यापकों का देर से आना आम बात बन गई है। वीडियो सामने आने के बाद संबंधित अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में एबीएसए बहरिया धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। मामले की जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## तीन बच्चों के पिता का फंदे पर लटका मिला शव

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में एक युवक का शव उसके कमरे में लटका मिला है। मृतक की पहचान उदय सिंह पटेल उर्फ नेता (30) के रूप में हुई है। वह तीन बच्चों का पिता था। सोमवार सुबह करीब 6 बजे परिवार ने उदय का शव कमरे में छत के चुल्ले से लटका देखा। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदय गांव में खेती-किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। उदय गांव के लोगों के छोटे-मोटे कामों में मदद किया करता था। इसी कारण गांव के लोग उसे नेता कहने लगे थे। रिश्तेदार अनूप कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से आर्थिक कारणों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। परिजनों को आशंका है कि पत्नी के ताने से तंग आकर उदय ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने परिवार की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी पूरामुफ्ती ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ प्रत्येक पात्र को मिले : जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग की संचालित योजनाओं की प्रगति के मासिक लक्ष्यों की पूर्ति प्रत्येक दशा में पूर्ण करें ताकि जनपद की रैंक में गिरावट न आये। उन्होंने कहा की यद्यपि सी.एम. डैशबोर्ड पर जनपद की प्रगति संतोषजनक है, जनपद को टॉप-10 में बरकरार रखने के लिए निरंतर प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में जनपद बी.,सी.,डी. कैटेगरी में है, उन योजनाओं में विशेष प्रयास कर दि. 31 जुलाई तक ए-श्रेणी में लाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अतिरिक्त ऊर्जा, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, मनरेगा, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, पंचायती राज, वन, पशु पालन, बेसिक शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, मत्स्य, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, ग्राम्य विकास की संचालित योजनाओं में जनपद ए-श्रेणी में है। श्री सिंह ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियंता, परियोजना प्रबंधकों से कहा कि जनपद में जो भी परियोजनाएं निर्माणाधीन है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कर संबंधित विभाग को हैंडोवर करें ताकि उन्हें जनोपयोगी बनाया जा सके। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में कई परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के पश्चात भी पूर्ण नहीं हो सकीं, संबंधित कार्यदायी संस्था लेबर बढ़ाकर तत्काल कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष उपस्थिति कम है, वहां के खंड शिक्षाधिकारियों के माध्यम से पंजीकृत छात्रों के अभिभावकों से संवाद स्थापित कर छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें, विद्यालयों में समय से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण सुधारने की दिशा में कार्य करें।

जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद का कोई भी पात्र व्यक्ति छात्रवृत्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे, कोई भी पात्र निराश्रित पेंशन, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन का लाभ पाने से शेष न रहे, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ प्रत्येक पात्र बालिका को मिले, सुनिश्चित किया जाए उक्त योजनाओं के आवेदन किसी भी स्तर पर लंबित न रहे।

## हज यात्रा के आवेदन हेतु अंतिम तिथि 31 जुलाई

**प्रयागराज।** हज-2026 के आवेदन हेतु हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा दिनांक 07 जुलाई, 2025 से ऑनलाइन आवेदन किये जाने के सम्बन्ध में घोषणा की जा चुकी है। हज आनलाइन आवेदन व हज सुविधा एप पर भरे जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है। उत्तर प्रदेश से आवेदन की गति बहुत धीमी है अबतक केवल 8413 रजिस्टेऊशन हुए है। इसकी अपेक्षा अन्य राज्यों में आवेदन काफी तेज गति से आवेदन हो रहे है जिनकी संख्या एक लाख तक पहुंच चुकी है। भारत सरकार द्वारा हज कमेटी को कुल 1,22,000 का कोटा आवंटित है यदि अन्तिम तिथि 31 जुलाई तक पूरे भारत से 1,22,000 आवेदन प्राप्त हो जाते है तो हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के कथनानुसार अन्तिम तिथि में कोई वृद्धि नहीं होगी। जनपद के समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि हज यात्रा-2026 हेतु हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा निर्गत पम्पलेट एवं उपरोक्त दिशा- निर्देशों से अवगत होते हुये ससमय आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

# शिव चरित्र भक्तों के लिए औषधि : आचार्य सतानंद

- पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर किया महा रुद्राभिषेक का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** कर्त्तव्य पथ परिवार के द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस के अवसर पर मुंशी राम प्रसाद की बगिया में शिव महापुराण कथा का व्याख्यान करते हुए आचार्य सतानंद जी महाराज ने कहा कि भगवान शिव का चरित्र राष्ट्र के लिए कल्याणकारी है और भक्तों के लिए औषधि है। जो मनुष्य के लिए अमृत है और जीवन जीने का सार है।

उन्होंने कहा भगवान शिव शाश्वत सत्य सनातन है। जिनका ध्यान और पूजन करने से मनुष्य के जीवन के सत्य रूपी अंधकार भस्म हो जाते हैं और कष्टों का अंत होता है। उन भक्तों का कल भी नतमस्तक हो जाता है।



आज के मुख्य यजमान धनेंद्र कुमार केसरवानी पप्पू रहे। मुख्य यजमान पूर्व पार्षद राम बाबू केसरवानी रहे।

कथा की महाआरती कुमार नारायण, सपना सिंह आर्या, पार्षद नीरज केसरवानी जय श्री केसरवानी, साधना चतुर्वेदी, उर्मिला केसरवानी, उषा केसरवानी, आशा केसरवानी, विमला जायसवाल आदि सैकड़ों महिलाएं और कर्तव्य पथ परिवार के सदस्यगण रहे।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम फातमा था जिसको बदलकर फ़ातिमा ज़ेहरा रख लिया है। अब मुझे फातिमा ज़ेहरा के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

फ़ातिमा ज़ेहरा पुत्री एजाज अहमद अनवारुल हक मोहल्ला- बदरका पोस्ट सदर थाना- कोतवाली जनपद- आजमगढ़

## सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है मेरा नाम श्लोक कुमार मिश्रा पुत्र संतोष कुमार मिश्रा निवासी गद्दीपुर कजगावं जौनपुर के मूल निवासी हूं। जोकि मेरे आधार कार्ड में श्लोक कुमार मिश्रा जन्म तिथि 20/3/2019है गलती से कुछ जगह श्रीश कुमार मिश्रा व जन्म तिथि 20/3/2018 लिखा गया है जोकि ग़लत है। आधार कार्ड में श्लोक कुमार मिश्रा जन्म तिथि 20/3/2019 है। यही सही समझा जाएं।

नाम- श्लोक कुमार मिश्रा
पुत्र -संतोष कुमार मिश्रा
ग्राम -गद्दीपुर
पोस्ट -कजगावं
जिला -जौनपुर

## ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों में मजबूत वृद्धि की घोषणा की




**लखनऊ।** भारत की अग्रणी एकीकृत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन समाधान प्रदाता कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने आज 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के वित्तीय मुख्य बिंदु-

राजस्वः टीसीआई ने 11,506 मिलियन का समेकित राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 10,560 मिलियन की तुलना में 9% की वृद्धि दर्शाता है।

ईबीआईटीडीएः ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय 1,520 मिलियन रही, जो FY2024 के 1,358 मिलियन की तुलना में 11.9% अधिक है।

कर पश्चात लाभः कंपनी का शुद्ध लाभ 1,072 मिलियन रहा, जो पिछले वर्ष के 916 मिलियन की तुलना में 17% की वृद्धि है।

प्रदर्शन मुख्य बिंदुः Q1/वित्त वर्ष 2026 बनाम Q1/वित्त वर्ष 2025

Q1/वित्त वर्ष 2026 बनाम क्यू/वित्त वर्ष 2025 समेकित (मिलियन रुपये में) Q1/वित्त वर्ष 2026 बनाम Q1/वित्त वर्ष 2025 एकल (मिलियन रुपये में)

विवरण 30.06.2025 30.06.2024 वृद्धि % विवरण 30.06.2025 30.06.2024 वृद्धि %

राजस्व 11,506 10,560 9.0% राजस्व 10,338 9,839 5.1%

एबिटा 1,520 1,358 11.9% एबिटा 1,629 1,447 12.6%

कर पश्चात लाभ 1,072 916 17.0% कर पश्चात लाभ 1,242 1,047 18.6%

प्रबंधन टिप्पणीः

टीसीआई के प्रबंध निदेशक विनीत अग्रवाल ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के परिणामों पर कहा-

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में हमने सशक्त प्रगति दर्ज की है, जो हमारे मल्टीमॉडल, वेयरहाउसिंग, थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3PL) और कोल्ड चेन सेवाओं में निरंतर वृद्धि से फलीभूत हुई है। मिश्रित क्षेत्रीय एवम् बदलते वृहदआर्थिक परिदृश्य के बावजूद, हमारी एकीकृत सेवाएं और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण ने हमें परिचालन में गति प्रदान की है।

उद्योग क्षेत्र, विशेष रूप से रसायन, इंजीनियरिंग और उपभोक्ता वस्तुओं आदि, में हो रहा पुनरुत्थान, विश्वसनीय, वर्धनीय और हरित लॉजिस्टिक्स समाधानों की मांग को बढ़ावा दे रहा है।

## शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंक गिरकर 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 156.10 अंक गिरकर 24,680.90 अंक पर आ गया। शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 572.07 अंक या 0.70 प्रतिशत गिरकर 80,891.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 686.65 अंक या 0.84 प्रतिशत गिरकर 80,776.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 156.10 अंक या 0.63 प्रतिशत गिरकर 24,680.90 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में 7.31 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी ने जून तिमाही में 4,472 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया। बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक और भारतीय स्टेट बैंक भी पिछड़ने वालों में शामिल रहे। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयरों में लाभ रहा। एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ।

वहीं, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.91 प्रतिशत बढ़कर 69.05 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,979.96 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। शुक्रवार को सेंसेक्स 721.08 अंक या 0.88 प्रतिशत गिरकर एक महीने के निचले स्तर 81,463.09 पर बंद हुआ।

## पियाजियो व्हीकल्स ने की आपे इलेक्ट्रिक के नये जमाने की शुरुआत




**पुणे।** पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. (पीवीपीएल-PVPL) ने आज अपनी नई 2025 आपे इलेक्ट्रिक ईवी रेंज लॉन्च की, जिसमें दो नए मॉडलों आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स को शामिल किया गया है। ये उन्नत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर, ब्रांड की यात्री वाहन श्रृंखला को और मजबूती देते हैं और अंतिम मील की यात्रा के लिए बेहतरीन परफॉर्मेंस और भरोसेमंद समाधान पेश करते हैं।

आपे ई-सिटी अल्ट्रा की खासियत इसकी मजबूत फुल मेटल बॉडी, 10.2 kWh की एडवांस्ड स्मार्ट बैटरी और स्मार्ट टेलीमैटिक्स है, जो इसे शहरी उपयोग के लिए एक आधुनिक और टिकाऊ विकल्प बनाते हैं। वहीं आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स, अपने सेगमेंट में 30 Nm का अग्रणी टॉर्क और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग फीचर के साथ लंबी बैटरी लाइफ और लगातार शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि., इटली स्थित ऑटोमोबाइल दिग्गज पियाजियो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है और भारत में छोटे यात्री व वाणिज्यिक वाहनों की प्रमुख निर्माता है। इस अवसर पर पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डिएगो ग्राफ़ी ने कहा, भारत तेजी से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर अग्रसर है और थ्री-व्हीलर इस बदलाव की अगुवाई कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि इलेक्ट्रिक वाहन शहरी परिवहन को नया रूप देने और आजीविका सुधारने का बड़ा अवसर हैं। आपे ई-सिटी अल्ट्रा और एफएक्स मैक्स को भारतीय ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। ये बेहतरीन रेंज, कम बैटरी डिग्रेडेशन, दमदार परफॉर्मेंस और बेहद कम परिचालन लागत के साथ आते हैं जिससे वे आर्थिक प्रगति में सहायक बनते हैं। थ्री-व्हीलर ईवी सेगमेंट में अग्रणी ब्रांड के रूप में पियाजियो को गर्व है कि वह भारत के नेट-जीरो लक्ष्य में स्मार्ट और भविष्य के लिए तैयार समाधानों के साथ योगदान दे रहा है, जो बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक असरदार साबित होंगे। हमारा उद्देश्य सिर्फ इनोवेशन लाना नहीं, बल्कि एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के निर्माण में भी भागीदार बनना है। इस अवसर पर पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - सीवी डॉमेस्टिक बिजनेस और रिटेल फाइनेंस, अमित सागर ने कहा, इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर यात्री वाहन सेक्टर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

## बढ़ाने का उद्देश्य बीमा क्षेत्र की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करना, सदन में वित्त मंत्री का जवाब

**नई दिल्ली।** बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने से इस क्षेत्र को अगले पांच साल में 7.1 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि करके अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह बात कही है।

बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने से इस क्षेत्र को अगले पांच साल में 7.1 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि करके अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय बजट 2025-26 में वित्त मंत्री ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह बात कही है।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि सीमा बढ़ाने से विदेशी निवेशकों को शेष 26 प्रतिशत के लिए भारतीय साझेदार खोजने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी, जिससे भारत में अपना परिचालन स्थापित करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी, तथा देश में बीमा कंपनियों की संख्या में प्रभावी रूप से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इससे स्थिर एवं सतत विदेशी निवेश आकर्षित होगा, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुगम होगा तथा देश में बीमा की पहुंच में सुधार होगा।

मंत्री ने कहा कि किसी विशेष बीमा कंपनी में एफडीआई घटक बढ़ाने का निर्णय उसके प्रमोटरों द्वारा लिया जाता है, जो कंपनी की पूंजी आवश्यकता, सॉल्वेंसी आवश्यकता, भविष्य की व्यावसायिक योजनाओं आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के अंतर्गत कवरेज बढ़ाने के लिए बैंकों और स्थानीय प्रशासन की सक्रिय भागीदारी के साथ जमीनी स्तर पर नियमित अभियान चलाए गए।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से 1 जुलाई, 2025 से देश भर में 2.70 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में 3 महीने का %वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान% शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि इन जनसुरक्षा योजनाओं में पूर्णता प्राप्त करने के लिए बैंकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर और शहरी स्थानीय निकायों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे निवासियों को योजना में नामांकन के लिए सूचना और सहायता तक सीधी पहुंच उपलब्ध हो रही है।

इस पहल का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और भागीदारी में सुधार लाना है, जिससे योजना के तहत नामांकन में अंतराल को पाटने में मदद मिलेगी। मंत्री ने कहा कि वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) परियोजना की शुरुआत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2017 में की गई थी, जिसका उद्देश्य वित्तीय साक्षरता के लिए समुदाय-नेतृत्व वाले नवीन और भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण को अपनाना था। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2025 तक देश भर में कुल 2,421 सीएफएल स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें एक सीएफएल औसतन तीन ब्लॉकों को कवर करता है।

## 2025 में भारत की 64 फीसदी आबादी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में, एनआईएफ की रिपोर्ट में दावा



**नई दिल्ली।** 2025 में भारत की लगभग 64.3 प्रतिशत आबादी अब सामाजिक संरक्षण प्रणाली के अंतर्गत आ चुकी है। यह आंकड़ा 2016 में मात्र 22 प्रतिशत था, जिससे साफ है कि इस अवधि में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नवीनतम सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क (एनआईएफ) प्रगति रिपोर्ट, 2025 में यह दावा किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार बहुआयामी गरीब आबादी का अनुपात 2015-16 में 24.9 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 15 प्रतिशत हो गया है। मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि यह उपलब्धि समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच में सुधार के लिए सरकार की पहल का असर हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर पेयजल स्रोत का उपयोग करने वाली आबादी के प्रतिशत में वृद्धि दर्ज हुई है। यह 2015-16 में 94.6% से बढ़कर 2024-25 में 99.6% हो गई है। इसमें कहा गया कि देशभर में विद्युतीकरण को 2021-22 तक पूरा किए जाने की उम्मीद थी। इसके अलावा देश के खुले में शौच मुक्त होने का लक्ष्य 2024-25 तक के लिए तय किया गया था।

रिपोर्ट में बताया गया कि किफायती आवास, श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, बुनियादी सुविधाओं तक सबकि पहुंच और उच्च गुणवत्ता वली किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के सरकार के प्रयास समग्र कल्याण और जीवन स्तर में सुधार लाने में सहायक हैं। ट्ठ मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट की बात करें तो भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अपनी विकास गति को बनाए रखा। इसे मजबूत घरेलू मांग, लचीली व्यावसायिक और सेवा गतिविधि और दक्षिण-पश्चिम मानसून की अनुकूल शुरुआत का समर्थन प्राप्त हुआ। उच्च-आवृत्ति संकेतकों ने व्यापक आधार पर मजबूती दिखाई और साल-दर-साल मजबूत वृद्धि दर्ज की। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, जहां विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों का विस्तार जारी रहा, वहीं सेवा क्षेत्र ने 2025-26 की पहली तिमाही में समग्र आर्थिक विकास की गति दी।

## शार्प भारत-केंद्रित उपकरणों के साथ 'विकसित भारत' के प्रति भी प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** शार्प कॉर्पोरेशन जापान की भारतीय सहायक कंपनी, शार्प बिज़नेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने 24 से 26 जुलाई 2025 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स वर्ल्ड एक्सपो 2025 में भाग लिया। यह एक्सपो भारत में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, गैजेट्स और उपकरणों का सबसे बड़ा व्यावसायिक मंच है। उद्घाटन समारोह में शार्प इंडिया अप्लायंसेज के उपाध्यक्ष, श्री मिमोह जैन और दिल्ली सरकार में उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति, और पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सलाहकार डॉ. आशीष कुमार और वाणिज्य मंत्रालय में वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव श्री विमल आनंद भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की थीम विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक कदम आगे- भारत का विजन 2047- आकांक्षाओं से कार्यों तक, विषय पर रखी गई थी। इस कार्यक्रम में श्री जैन



ने शार्प इंडिया के इनोवेशन और प्रोडक्ट रणनीति के बारे में चर्चा की। जैन ने भारतीय ग्राहकों की अनूठी मांगों को पूरा करने के लिए ब्रांड के संकल्प पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे मेक इन इंडिया पहल ने कंपनी को अपने पोर्टफोलियो के विस्तार करने में प्रेरित किया और ग्राहक को संतुष्टि प्रदान करना ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय घर में, ब्रांड की लंबी अवधि की गुणवत्ता और टिकाउपन की विरासत को बनाए रखना चाहिए। कहने का मतलब है कि ब्रांड को न केवल अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वे समय के साथ खराब न हों और लंबे समय तक चलें।

एक्सपो में शार्प की भागीदारी पर शार्प इंडिया अप्लायंसेज के उपाध्यक्ष, मिमोह जैन ने कहा, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपो जैसे प्लेटफॉर्म हमें ऐसे उत्पादों का प्रदर्शन करने का मौका देते हैं जो न केवल तकनीकी रूप से उन्नत होते हैं बल्कि भारतीय परिवारों की उभरती आकांक्षाओं के अनुरूप भी होते हैं। ऐसे प्रदर्शन भारत की विकास कहानी के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का अवसर भी देते हैं। जैन ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण वैश्विक मानकों से समझौता किए बिना टेक्नोलॉजी और डिज़ाइन दोनों का स्थानीय बनाना है। उदाहरण के लिए, हम भारत में अपनी विश्व स्तर पर पेटेंट प्राप्त प्लाज्माक्लस्टर टेक्नोलॉजी ला रहे हैं, जो भारत के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए उपकरणों में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले पॉजीटिव और नेगेटिव आयन्स का उपयोग करके फफूंदी, वायरस, बैक्टीरिया और एलर्जी से हवा को शुद्ध करती है। हम स्थानीय साझेदारों के साथ मिलकर क्षेत्र-विशिष्ट की खूबसूरती से लेकर विकसित टेक्नोलॉजी तक, हर कदम भारतीय परिवारों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रति समर्पित हैं।

शार्प कंपनी अपने उत्पाद विकास को तीन मुख्य स्तंभों पर आधारित करती है- स्वास्थ्य, जीवनशैली और देखभाल।

## अदाणी ग्रीन का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 824 करोड़ रुपये रहा, राजस्व में 31 प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** कई कंपनियां तिमाही नतीजों की घोषणा कर चुकी हैं। सोमवार को अदाणी ग्रीन ने बताया कि उसका शुद्ध लाभ पहली तिमाही में बढ़कर 824 करोड़ रुपये हो गया। वहीं राजस्व 31 प्रतिशत बढ़कर 3800 करोड़ रुपये दर्ज हुआ।

अदाणी ग्रीन शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 824 करोड़ रुपये दर्ज हुआ। यह पिछले वर्ष 629 करोड़ रुपये था। वहीं इस वर्ष 31 प्रतिशत अधिक राजस्व 3800 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वर्ष 2794 करोड़ रुपये दर्ज हुआ था। एबिटा 36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,042 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 2379 करोड़ रुपये था। साथ ही मार्जिन 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80 प्रतिशत दर्ज रहा।

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड एजीईएल की ऊर्जा बिक्री अप्रैल-जून तिमाही (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही) में 42 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर 10,479 मिलियन यूनिट हो गई। अपने वित्तिय परिणामों में कंपनी ने बताया है कि परिचालन योग्यअक्षय ऊर्जा आरई क्षमता 45 प्रतिशत बढ़कर 15.8 गीगावाट हो गई, जो भारत में सबसे अधिक है। कंपनी ने सोमवार को जारी अपने वित्तीय परिणामों में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि राजस्व वृद्धि 31 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर 3,312 करोड़ रुपये हो गई, वहीं ईबीआईटीडीए भी 31 प्रतिशत बढ़कर 3,108 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी समूह की कंपनी के अनुसार, तिमाही में नकद लाभ 25 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर 1,744 करोड़ रुपये हो गया।

अदाणी ग्रीन एनर्जी के सीईओ आशीष खन्ना ने कहा, वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के दौरान, हमने 1.6 गीगावाट ग्रीनफील्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में हमारी कुल वृद्धि 4.9 गीगावाट हो गई- यह भारत के स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण में एक बेजोड़ उपलब्धि है।

## ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने सीलिंग की खूबसूरती बढ़ाने वाले 40 से अधिक स्टाइलिश रंगों में नेक्स्ट-जेन बीएलडीसी फैन लॉन्च किए

**नई दिल्ली।** ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, जो 3 अरब अमेरिकी डॉलर के विविधीकृत CKA बिरला समूह का हिस्सा है, ने नेक्स्ट-जेन BLDC सीलिंग फैन लॉन्च किए हैं। ये फैन स्मार्ट वॉइस कंट्रोल के साथ बहुत शांत परफॉर्मेंस देते हैं और बोल्ड, आकर्षक रंगों एवं फिनिश में उपलब्ध हैं। क्रीम लैटे और गहरे ऑलिव रंग की सुंदरता तथा आइस ब्लू के बोल्ड आकर्षण के साथ ये फैन 40 से अधिक रंगों में उपलब्ध हैं। ये फैन आज के प्रबुद्ध ग्राहकों के लिए बनाए गए हैं तथा डिज़ाइन के साथ बेहतरीन टेक्नोलॉजी पेश करते हैं। इससे आधुनिक स्थानों की सुंदरता और अधिक आकर्षक बन जाती है।

भारतीय ग्राहक जीवनशैली से प्रेरित उत्पाद पसंद करने लगे हैं। वो ऐसे फैन चाहते हैं, जो उनकी पहचान के अनुरूप हों और दैनिक जीवन में सुधार लाएं। अब फैन केवल अपनी उपयोगिता के लिए नहीं, बल्कि बेहतरीन डिज़ाइन और स्मार्ट टेक्नोलॉजी के लिए खरीदे जाते हैं, ताकि वो लिविंग स्पेस की सुंदरता भी बढ़ाएं। कंज्यूमर ड्यूरेबल



उद्योग में ग्राहकों की दिलचस्पी जैसे-जैसे प्रीमियम उत्पादों की ओर हो रही है, वैसे-वैसे ओरिएंट इलेक्ट्रिक द्वारा बेहतरीन परफॉर्मेंस और खूबसूरती वाले नए फैन लॉन्च करके इस परिवर्तन में मुख्य भूमिका निभाई जा रही है। आकर्षक और जीवंत रंगों की विस्तृत श्रृंखला, स्मार्ट फीचर्स और बीएलडीसी टेक्नोलॉजी वाले ये फैन ग्राहकों को शानदार फंक्शनैलिटी के साथ बेहतरीन स्टाइल भी प्रदान करते हैं। ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ, रवींद्र सिंह नेगी ने कहा, ÷आज ग्राहक ज्यादा सोच-समझकर ऐसे फैन खरीदते हैं, जो न केवल एनर्जी एफिशियंट हों, बल्कि उनका व्यक्तिगत स्टाइल भी प्रदर्शित करें। केवल ग्राहक ही नहीं, बल्कि सरकार ने भी एनर्जी एफिशियंसी के लक्ष्य निर्धारित करने की सक्रिय पहल की है। ओरिएंट इलेक्ट्रिक में हमारी इनोवेशन की रणनीति इसी तथ्य पर आधारित है। हमारे नेक्स्ट-जेन बीएलडीसी फैन में टेक्नोलॉजी, डिज़ाइन और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण है। ये फैन 50% तक बिजली बचाते हैं और परफॉर्मेंस के साथ सुंदरता पर हमारे फोकस को प्रदर्शित करते हैं। हमारे सीलिंग फैन पोर्टफोलियो में बीएलडीसी फैन का एक बड़ा हिस्सा है। ये फैन ज्यादा स्मार्ट और सस्टेनेबल घरों की ओर परिवर्तन लाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हवाई जहाज के पंखों से प्रेरित ब्लेड डिज़ाइन के साथ ओरिएंट इलेक्ट्रिक की एयरोसीरीज़ ने प्रीमियम सीलिंग फैन का गोल्ड स्टैंडर्ड स्थापित कर दिया है।

## किचन के लिए बनी पहली रोटेटिंग टेबल फैन कूल हवाई डेस्कटॉप स्विंग फैन




**नई दिल्ली।** देश में वॉटर प्यूरिफायर की पहचान बन चुके केंट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड ने अब कूलिंग सेगमेंट में एक अनोखा और व्यावहारिक उत्पाद पेश किया है- कूल हवाई डेस्कटॉप स्विंग फैन कूल फैन की इस नई पेशकश को खासतौर पर किचन, स्टडी टेबल और व्यक्तिगत उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया है। कूल हवाई इतना कॉम्पैक्ट और हल्का है कि इसे आसानी से किचन काउंटर या डाइनिंग टेबल पर रखा जा सकता है। इसकी घूमने और झुकने की क्षमता यानी स्विंग और टिल्ट फंक्शन, पूरे किचन में हवा को समान रूप से फैलाती है और खाना बनाते वक्त राहत देती है, बिना गैस की लौ में बाधा डाले। इसका हाई-स्पीड बीएलडीसी मोटर 2350 आरपीएम की गति से शक्तिशाली हवा प्रदान करता है, और यह भी मात्र 35 वॉट की बिजली खपत में।केंट आरओ सिस्टम्स लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. महेश गुप्ता ने कहा, कूल हवाई केवल एक फैन नहीं है, बल्कि एक स्मार्ट समाधान है उन जगहों के लिए जहां बड़े पंखे काम नहीं आते। हमने इसे व्यावहारिक जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया है, खासकर रसोई और निजी स्थानों के लिए। दो साल की वारंटी, स्टाइलिश डिज़ाइन, कम शोर और ऊर्जा दक्षता के साथ कूल हवाई डेस्कटॉप स्विंग फैन एक ऐसा उत्पाद है जो हर घर में होना चाहिए। यह पंखा न सिर्फ राहत देता है, बल्कि आधुनिक जीवनशैली में सुविधा और सुंदरता भी जोड़ता है।

## सोना-चांदी हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते के बाद स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। राजधानी दिल्ली में सोमवार को सोने की कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। सोना 500 रुपये की गिरावट के साथ 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये की गिरावट के साथ 97,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रह गया। वहीं चांदी की कीमत 1,000 रुपये घटकर 1,13,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली बहुमूल्य धातु शनिवार को 600 रुपये की गिरावट के साथ 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। वहीं शनिवार को सफेद धातु 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# कानपुर में स्मार्ट हाइड्रेशन के तहत टेट्रा पैक ने 1 लाख रेडी-टू-ड्रिंक ओआरएस पैक वितरित किए

**कानपुर।** विश्व ओआरएस दिवस पर कानपुर में *एक लाख से अधिक रेडी-टू-ड्रिंक ओआरएस पैकेट वितरित किए गए। टीएसएल फाउंडेशन ने टेट्रा पैक, हेलवुड, केनव्यू और एल्केम के साथ मिलकर शहर में एक विशेष अभियान चलाया और लोगों को 1 लाख रेडी-टू-ड्रिंक ओआरएस मुफ्त बांटे। मानसून में बढ़ने वाली जलजनित बीमारियों और कम होती रोग प्रतिरोधक क्षमता को देखते हुए, केवल ओआरएस वितरण नहीं, बल्कि एक सशक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य आंदोलन बना। इस पहल ने कानपुर के कोने-कोने तक पहुँचकर सुरक्षित जलयोजन और स्वस्थ देखभाल का संदेश दिया।

हर साल 29 जुलाई को मनाया जाने वाला 'विश्व ओआरएस दिवस' एक साधारण लेकिन जीवनरक्षक घोल ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओआरएस) के असाधारण महत्व को रेखांकित करता है। विश्व ओआरएस दिवस के



मौके पर इस पहल का उद्देश्य मानसून के दौरान होने वाली पानी से जुड़ी बीमारियों और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) के खतरे को देखते हुए, सुरक्षित और प्रभावी हाइड्रेशन (पानी की सही मात्रा लेना) के बारे में जागरूकता फैलाना था।

रेडी-टू-ड्रिंक ओआरएस पारंपरिक ओआरएस घोल से अलग है जिसमें पानी नहीं मिलाना पड़ता, यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार तैयार घोल है जो साफ-सुथरे टेट्रा पैक कार्टन में उपलब्ध रहता है। इससे हर उम्र के लोग बच्चे हों या बुजुर्ग आसानी से और सुरक्षित तरीके से हाइड्रेट रह सकते हैं।

टेट्रा पैक साउथ एशिया के मार्केटिंग डायरेक्टर, सौरभ सिन्हा ने इसके लाभ बताते हुए कहा, हाइड्रेशन एक आसान आदत है जो स्वास्थ्य पर बड़ा असर डाल सकती है। रेडी-टू-ड्रिंक ओआरएस को लोगों तक पहुंचाकर, हम उन्हें और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए तैयार करना चाहते हैं।

इस अभियान को अधिकतम लोगों तक पहुँचाने के लिए, रेडियो, सोशल मीडिया और ज़मीनी स्तर पर जागरूकता गतिविधियों के ज़रिए व्यापक पहुँच (360-डिग्री) सुनिश्चित की गई। इस मुहिम का मुख्य फोकस लोगों को यह समझाना था कि ओआरएस का इस्तेमाल केवल बीमार होने पर ही नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की सेहत के लिए भी ज़रूरी है।

रेडी-टू-ड्रिंक ओआरएस पैक को भरोसेमंद ब्रांड्स जैसे हेलवुड, केनव्यू (ब्रूस्ट) और अल्केम द्वारा तैयार किया गया है। ये सभी मिलकर हाइड्रेशन को आसान, सुरक्षित और सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## बकैती=तू-तू मैं-मैं+हँसी-मज़ाक+गहरा रिश्ता जल्द आ रहा है ZEE5 पर, ट्रेलर रिलीज़!

**नई दिल्ली।** कभी-कभी सबसे छोटे घरों में सबसे बड़ी कहानियाँ बसती हैं। इसी सच्चाई को अपनाते हुए, ZEE5 अपनी नई स्लाइस-ऑफ-लाइफ ओरिजिनल सीरीज़ बकैती लेकर आ रहा है। डाइस मीडिया द्वारा निर्मित इस सीरीज़ से शीबा चड्ढा और राजेश तैलंग एक बार फिर माता-पिता की भूमिका में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी कर रहे हैं। आज रिलीज़ हुए ट्रेलर में दोनों की सहज ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री की झलक देखने को मिलती है, जो देखने वालों के लिए एक खास अनुभव बन जाती है।

बकैती की कहानी मध्य वर्ग परिवार की उस सच्चाई को खूबसूरती से दर्शाती है, जहाँ नोकझोंक, मज़ाक-मस्ती और हल्की-फुल्की तकरारें भी प्यार जताने का एक तरीका होती हैं। चाहे झगड़े कितने भी बड़े क्यों न हो जाएं, वे हमेशा एक-दूसरे के पास वापस आ ही जाते हैं। कूलर बंद कर दिया, लाइट बिल भर दो, पानी की टंकी भर गई है ऐसी बातें घर में रोज़ सुनने को मिलती हैं, लेकिन इन साधारण से वाक्यों के पीछे छुपा होता है एक अनकहा, अव्यक्त प्रेम। यह सीरीज़ एक बेहतरीन फैमिली एंटरटेनर है और इसका प्रीमियर 1 अगस्त 2025 को ZEE5 पर किया जाएगा। पुराने गाज़ियाबाद की मनमोहक अराजकता के बीच बसी बकैती की कहानी एक अनोखे लेकिन आपस में गहराई से जुड़े कटारिया परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। नैना (तान्या शर्मा), 21 वर्षीय एक महत्वाकांक्षी और व्यवहारिक युवती है, जिसकी ज़िंदगी में अचानक उसका छोटा भाई भरत (आदित्य शुक्ला) दाखिल हो जाता है एक शरारती, क्रिकेट का दीवाना और सीमाओं की परवाह न करने वाला किशोर, जिसे शरारतों में ही मज़ा आता है। उनकी रोज़ की नोकझोंक माता-पिता संजय (राजेश तैलंग) और सुषमा (शीबा चड्ढा) की सतर्क निगाहों के सामने घटती है जो बाहर से सामान्य दिखने की कोशिश करते हैं, लेकिन अंदर ही अंदर अनकहे दुःख, बढ़ते दबाव, आर्थिक अस्थिरता, और हर दिन के खर्च पूरे करने की जद्दोजहद से जूझ रहे हैं।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 29 जुलाई 2025



# नकली सिगरेट व मोबाइल डिस्पले की तस्करी करने वाले तीन अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचे गए

- तस्करों के पास से 96 लाख की नकली तंबाकू व 14 लाख का मोबाइल डिस्प्ले बरामद
- बांसी पुलिस चौकी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली कामयाबी

अवधनामा ब्यूरो


मीडिया के समक्ष तस्करों को पेश करते एसपी


तस्करों के पास से बरामद सिगरेट व मोबाइल डिस्पले

**कुशीनगर।** जिले की पडरौना कोतवाली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। एक कंटेनर वाहन से नकली तंबाकू, सिगरेट व नकली मोबाइल डिस्पले का तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय तस्करी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए तीन तस्करों को दबोच लिया है। तस्करों के पास से करीब 1.10 करोड़ का सामान बरामद किया गया है।

सोमवार को तस्करी गैंग का खुलासा करते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि रविवार की रात चेकिंग के दौरान पडरौना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बांसी के पास एक ट्रक कंटेनर वाहन से अवैध रुप से तस्करी कर ले जाई जा रही 25 बंडल प्लास्टिक के बोरे में नकली तंबाकू व सिगरेट तथा 4 बंडल प्लास्टिक के बोरे में नकली मोबाइल डिस्प्ले ग्लास के साथ कुल तीन अभियुक्तों राकेश पाण्डेय पुत्र मुख्तार पाण्डेय ग्राम महुरा प्रकाशपुर थाना धीना जनपद चन्दौली, बबलू पाण्डेय पुत्र भीम पाण्डेय ग्राम अहिरौली थाना कुछिला जनपद कैमूर भभुआ राज्य बिहार व रौनक खान पुत्र सफीक खां निवासी रामगढ़वा थाना रामगढ़वा जनपद मोतीहारी राज्य बिहार को गिरफ्तार किया गया।

बरामद सामान और वाहन की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 25 लाख रुपए है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हमलोग का एक संगठित गिरोह है। हम लोग ट्रक की बॉडी में बने गुप्त बॉक्स में प्लास्टिक की बोरियों में नकली तंबाकू (सिगरेट) और नकली मोबाइल डिस्प्ले ग्लास छिपाकर बिहार ले जाते है। वहां अपने सहयोगी जितेंद्र यादव पुत्र बहादुर यादव निवासी ग्राम रामगढ़वा थाना रामगढ़वा जनपद मोतीहारी बिहार के साथ मिलकर उक्त नकली तंबाकू(सिगरेट) और मोबाइल डिस्प्ले ग्लास को बेचते है, जिससे उन्हें भारी मुनाफा होता था, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## संयुक्त संघर्ष संचालन समिति ने डी एम को दिया ज्ञापन

**अमेठी/गौरीगंज।** पुरानी पेंशन बहाली अभियान को आगे बढ़ाने के साथ शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्यायों के हल के लिए बनी संयुक्त संघर्ष संचालन समिति ने शिक्षकों, राज्य कर्मचारियों और मानदेय कर्मियों की वर्षों से लम्बित मांगों पर विचार के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में एक अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन से आच्छादित करने की मांग की गई है।

जूनियर हॉई स्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री रमाकांत मौर्य और प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डी एम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सभी विभागों में पूर्व में समाप्त किए गए भत्तों को बहाल करने, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं अन्य मानदेय कर्मियों के मानदेय में वृद्धि के साथ पचास से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के विलय के निर्णय को वापस लेने की मांग की गई है।

# सीएमओ के निधन पर शोक की लहर


डॉ अनुपम भास्कर फाइल फोटो


कलेक्ट्रेट सभागार में शोक सभा का आयोजन

- डीएम की उपस्थिति में शोक सभा का किया गया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम भास्कर का लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।

दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सोमवार को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा के दौरान दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रार्थना किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय,उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट अनिल कुमार यादव, डीएसओ, स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारी गण, सहित राजेश श्रीवास्तव, ब्रजेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव एवं कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालय के विभागाध्यक्ष एवं पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

### सीएचसी मोतीचक में सीएमओ को दी गई श्रद्धांजलि

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मुख्य चिकित्साधिकारी के असामयिक निधन पर सीएचसी मोतीचक मथौली में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया के अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी है। इस दौरान अधीक्षक श्री मद्धेशिया ने कहा कि सीएमओ एक बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे। चाहे कर्मचारी छोटा हो या बड़ा सबको एक नजर से देखते थे। वह हमेशा अपने जिम्मेदारियों के प्रति वफादार रहते थे तथा मातहतों को भी रहने का सिख देते थे। शोक सभा में डॉ सुधीर तिवारी, चीफ फार्मासिस्ट सतेंद्र मिश्रा, डॉ अहमद सर्फयाब, डॉ मधु सिंह, सुनील सिंह, राकेश मद्धेशिया, अजय वर्मा, अनिरुद्ध चौरसिया, डॉ धर्मेंद्र सहित तमाम स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल के साथ वारिसगंज में सम्पन्न हुआ हज़रत वारिस अली शाह का सालाना उर्स

- उर्स मुबारक में शामिल हुए हिंदू साधु संत,कौव्वालों ने तुलसी, सूर, कबीर और पीर फकीर जायसी के संदेश धरातल पर उतारे



**अमेठी/मुसाफिरखाना।** महान सूफी संत हजरत वारिस अली शाह का सालाना उर्स साम्प्रदायिक सद्भाव के वातावरण में मनाया गया।रात में तकरीर और कौव्वाली का आयोजन हुआ।दिन में लंगर और भंडारे का आयोजन हुआ। मुबारक उर्स में हिंदू साधु संत भी शामिल हुए।

इहलौकिक प्रेम का पारलौकिक सत्ता के समक्ष पूर्ण समर्पण अर्थात पयामे इंसानियत के फरोग और? मुहब्बत की बंदगी का संदेश देने वाले महान सूफी संत हज़रत वारिस अली शाह का उर्स मुबारक वारिसगंज मे अपने रिवायती अंदाज मे मनाया गया। कुर्बो जवार के हिन्दु मुस्लिम भाइयों ने निहायत अकीदत और जोशो खरोश से शिरकत की । रात मे तकरीर का एहतमाम किया गया । अलसुबह कुल फातिहा की रस्म अदा की गयी। दिन मे लंगर व भंडारे का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। लंगर मे दस हज़ार से अधिक हिन्दु मुस्लिम ने खाना खाया । कव्वालों ने अपने सूफियाना कलाम से शमा बांध दिया ।तुलसी सूर कबीर, औलिया जायसी पीर फकीर के संदेश गंगा जमुनी तहजीब और भाई चारे की जमानत दे रहे थे । कांग्रेसी नेता विजय पासी ,मेराज अहमद ,राधेश्याम धोबी ने भी उर्स मुबारक मे अपनी हाज़िरी दी । उर्स के आयोजन मे कुर्बो जवार के लोगों के साथ साथ नईम कुरैशी, शहाबुद्दीन, अतीक,जयकरन,शिक्षक नेता व प्रधान पति टाण्डा अब्दुल रशीद,कारी सरवर अहमद,कारी इम्तियाज़ अहमद ,हाफिज़ अली अहमद , इस्लाम,रियाज अहमद,जुबैर अहमद,रामबरन यादव ,सगीर अहमद ,महन्थ दुर्गेश दास आदि मौजूद रहे ।

# विवाहिता की मौत के मामले में छह लोगों पर दहेज हत्या का केस दर्ज

अवधनामा संवाददाता

- पति, सास, ननद, ससुर समेत छह लोग है आरोपित
- ढाई साल पूर्व हुई थी शादी, दोनों से डेढ़ साल की है बच्ची

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 4 निवासी एक विवाहिता तीन दिन पूर्व एक विवाहिता कि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मौत की वजह दहेज बताया जा रहा है। मृतका के पिता के तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद सोमवार को सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह ने घटना स्थल का जायजा लिया।

कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर मृतका के पिता श्रीकृष्ण मद्धेशिया पुत्र श्रीनाथ निवासी जुड़ा छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया ने जिक्र किया है कि मैं अपनी बेटी मधु (22) की शादी नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 4 निवासी यशपाल मद्धेशिया पुत्र स्व. राधेश्याम मद्धेशिया से 12 अगस्त 2023 को रामकोला स्थित धरम समधा मंदिर में हिन्दू रीति रिवाज से किया था। शादी के बाद से ही मेरी बेटी को दहेज के लिए मारा पीटा। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी लेकिन इन लोगों में कोई सुधार नहीं हुआ और मामला और बढ़ता गया। बीते 26 जुलाई 2025 को दो लाख रुपए दहेज की मांग की जा रही थी, ऐसा न करने पर मेरी बेटी को उसी रात मार डाला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस मृतका के पति यशपाल उर्फ मटेलु, सास मंजू देवी, ननद अर्चना, भसुर गोविंद व आनन्द पुत्रगण, दीनदयाल पुत्र ज्वाला प्रसाद आदि के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सीओ कसया कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि विवाहिता की मौत के मामले में उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# करोड़ों रुपए की हाई टेंशन तार गायब

अवधनामा संवाददाता


विद्युत पोल से गायब हो गया तार

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के गिदहा सब स्टेशन को जाने वाली 33 हजार हाई टेंशन पोल पर लगे लगभग 10 किलोमीटर तक के तार गायब हो गए हैं जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने विभाग को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।


बता दें कि वर्ष 2015 में समाजवादी सरकार द्वारा कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के गिदहा चक बैरिया में उपभोक्ताओं के लिए लिए 332 लाख रुपए की लागत से नए उप केंद्र की स्थापना किया गया जिसमें 62 गांव और करीब 50 हजार आबादी को जोड़ा गया जो इन गांव में विद्युत आपूर्ति करेगा। वर्ष 2017 में पूर्ण रूप से बनकर तैयार होने के बाद चालू हो गया। शुरुआत में इस उपकेंद्र की मेन सप्लाई कसया से रामकोला कप्तानगंज होते हुए गिदहा तक लाई गई थी। लेकिन वर्ष 2023 में तकनीकी दिक्कतों को बता कर बंद कर दिया गया। और कप्तानगंज फीडर से टाइयफ कर सप्लाई दी जाने लगी। जिससे एक ही हाइड्रिल से दो फीडर संचालित होने लगा। जिसके कारण कप्तानगंज और गिदहा चक बैरिया के उपभोक्ताओं को फीडर ओवरलोड हो जाने के कारण प्रतिवर्ष गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान कसया से गिदहा तक जाने वाली 33 हजार लाइन तार बंद होने के कारण विभाग की मिली भगत से चोरों ने पोल से लगभग 10 किलोमीटर तक चंद्रपुर से रामकोला केडिया पेट्रोल पंप तक तार को गायब कर दिया है। स्थानीय लोगों समेत कप्तानगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद मिश्रा का कहना है कि विभागीय कर्मचारियों और अधिकारियों की मिली भगत से तार को उतरवा लिया गया है और उन्हें कई किलोमीटर तक चोरी कर गायब कर दिया गया है। जिसको लेकर लोगों ने विभाग समेत ऊर्जा मंत्री को पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। वही अधिशासी अभियंता दुर्गेश यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच पर कार्रवाई की जाएगी।

## एआरटीओ पर दलाल के जरिए ग्यारह हजार की अवैध वसूली के आरोप

**अमेठी/जगदीशपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ सुल्तानपुर पर इन्हौना के पास वाहन चेकिंग के दौरान ओवर लोड पिक अप लेकर जा रहे बाराबंकी के एक ड्राइवर से ए आर टी ओ ने ग्यारह हजार रुपए लिए हैं। आरोप है कि ए आर टी ओ ने ये पैसे एक दलाल के माध्यम से आनलाइन लिए है। चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली का मेसेज जिला प्रशासन के ग्रुप पर वायरल हो रहा है।

सोमवार को ए आर टी ओ महेंद्र बाबू ने इन्हौना के पास चेकिंग लगाई थी। लखनऊ की तरफ से आ रहे एक पिक अप वाहन को उन्होंने रोका।पिक अप ओवर लोड था। ए आर टी ओ ने जब भारी जुर्माने की बात की तो ड्राइवर हाथ जोड़ने लगा।ए आर टी ओ माफ करने को तैयार नहीं हुए। मामले को सुलझाने के लिए उसने अजमेर नाम के कमरौली के एक दलाल से मदद मांगी,दलाल ने ए आर टी ओ की ओर से बताए गए नम्बर पर तीन बार में 11000रु लिए हैं। ड्राइवर इरफान ने बताया कि उसके अनुरोध पर अजमेर ने ए आर टी ओ को पैसे दिए हैं। उसे इसी रोड से रोज आना जाना पड़ता है,वह मामले को अब और आगे नहीं बढ़ाना चाहता।

# देवरिया के रुद्रपुर में सेना के रिटायर्ड जवान की पीट-पीट कर हत्या






अवधनामा ब्यूरो

**देवरिया।** जनपद के रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर में सोमवार की दोपहर सेना के सेवानिवृत्तजवान की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद सनसनी फैल गई। एएसपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रहे हैं। उधर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। गांव के रामदयाल कुशवाहा (65) सेना से सेवानिवृत्त थे। प्राइमरी विद्यालय के पास मौजूद एक भूमि को लेकर उनका विवाद एक वर्ष से चल रहा था। सोमवार को उनकी भूमि में विपक्ष का एक व्यक्ति बोलेरो घुमा रहा था। यह देख उन्होंने विरोध जताया तो आरोपियों ने लाठी-डंडे से हमला बोल दिया।

जिससे वह मौके पर ही गिर गए। सूचना पर यूपी 112 की टीम पहुंची और अपनी ही गाड़ी में उन्हें सीएचसी रुद्रपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही एएसपी अरविंद कुमार वर्मा, सीओ हरिराम यादव, प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच की। मृतक के बेटे का आरोप है कि अपनी समस्या को लेकर लगातार वह तहसील दिवस व अन्य जगहों पर दौड़ते रहे, लेकिन उनकी किसी ने नहीं सुनी और फिर हत्या कर दी गई। एएसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार वर्मा ने कहा कि भाई-भाई के विवाद में 26 जुलाई को सुकई स/ह नकछेद उम्र 70 वर्ष ग्राम पगरा थाना कोतवाली जनपद देवरिया की मृत्यु हो गयी थी । मृतक के पुत्र उमेश चौहान की तहरीर पर तत्समय सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । आज उक्त अभियोग के वांछित अभियुक्त बुधई चौहान, अनीता देवी एवं सुनीता देवी को नियमानुसार गिरफ्तार करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

## किशोरी को भगाने वाले युवकों के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमेठी/रामगंज।** पीपरपुर थाने के टिकावर गांव से गायब एक किशोरी डेढ़ महीने बाद घर लौटी है। किशोरी के पिता ने टिकावर गांव के दो युवकों के विरुद्ध किशोरी को बहला फुसलाकर कर घर से भगाने और जबरन धर्म परिवर्तन कर निकाह कराने की असफल कोशिश का आरोप लगाया है और थाने में शिकायत की है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नौ जून को एक किशोरी गांव को गांव के ही दो युवक भगा ले गये। इनमें एक युवक हिंदू और एक मुस्लिम है। किशोरी के न मिलने पर पिता ने 28जून को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 25जुलाई को युवकों के चंगुल से बचकर किशोरी अपने घर पहुंची और आपबीती सुनाई। पिता ने अजीत और हैदर अली नाम के दो युवकों को नामजद करते हुए थाने में एफ आई आर दर्ज कराई है। युवकों पर किशोरी को जबरन धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की कोशिश के आरोप हैं। एस ओ रामराज कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# निकायों से मिले स्टाम्प शुल्क के रूप में 63.80 करोड़ रुपए, होगा विकास

- 8 नगर निकायों में 2 प्रतिशत स्टांप शुल्क से प्राप्त आय/कराए जाने वाले कार्यों का समिति द्वारा हुआ अनुमोदन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के 8 नगर निकायों से आय के रूप में दो प्रतिशत मिले शुल्क से विकास कार्यों की गति मिलेगी। इसके लिए समिति द्वारा अनुमोदन भी कर दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, उप्र लखनऊ के द्वारा जारी पत्र के क्रम में जिले की 8 नगर निकायों में 2 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क से प्राप्त/संचित धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्यों की कार्य योजना उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गये हैं। उक्त के क्रम में निकायों से कार्ययोजनाएं प्राप्त की गई। निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गये कार्ययोजना के अनुसार प्राप्त/संचित धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजनाओं की धनराशि का निकायवार विवरण निम्नानुसार है।

नगर पालिका परिषद कुशीनगर 14049 000, हाटा से 24367000, सेवरहीं से 3982000, खड्डा से 3997000, रामकोला से 3202000, फाजिलनगर से 5519000, कप्तानगंज से 7757000, छितौनी से 935000 यानि कुल 6380 8000 धनराशि प्राप्त हुई है। शासन द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के अनुमोदन/स्वीकृति हेतु बीते 28 जून की बैठक में समिति के समस्त सदस्यों तथा उक्त निकायों के अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### टाइड एवं अनटाइड ग्रांट से खर्च होंगे 30.53 करोड़

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय पत्र के क्रम में जिले की कुल 7 नगर निकायों में 15वें वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष निकायों द्वारा उपलब्ध कराई गई कार्ययोजना में वाटर एटीएम, जलापूर्ति, पोखरे का सुन्दरीकरण, डस्टबिन, हत्थू ठेला, सीवर सेक्शन मशीन, कूड़ा निस्तारण, ट्रैक्टर-ट्राली, सॉलिड वेस्ट इसिनेटर इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प मरम्मत, फागिंग मशीन, ब्लीच, ई-रिक्शा, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय के निर्माण, मोबाइल टायलेट, मियावाकी वन क्षेत्र का निर्माण कार्य सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी ने कार्य योजनाओं की स्वीकृत धनराशि का निकायवार विवरण के क्रम में बताया कि नगर पालिका परिषद, पडरौना हेतु 67,59,5000, नगर पालिका परिषद, कुशीनगर हेतु 86,74,9000, हाटा में 5,99,51,000, खड्डा हेतु 77,37,000, नगर पंचायत, रामकोला हेतु 4,35,28,000, मथौली हेतु 1,37,42,000, कप्तानगंज हेतु 2,60,42,000, यानि कुल 30,53,44,000 की धनराशि समिति द्वारा अनुमोदित की गई है। उन्होंने कार्ययोजनाओं की धनराशि का निकायवार विवरण के क्रम में बताया कि पडरौना हेतु 46251000, कुशीनगर हेतु 55667717, हाटा हेतु 43683000, खड्डा हेतु 5197000, रामकोला हेतु 30065000, मथौली हेतु 12527000, कप्तानगंज हेतु 15796 000 यानि 209186717 समिति द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना की धनराशि है।

# स्कूलों को बंद करने के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में 27000प्राइमरी स्कूलों को बंद करने के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन जारी है।दो अगस्त को ईको गार्डन लखनऊ में स्कूल बचाओ आंदोलन के अन्तर्गत बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रविवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं ने एच ए एल गेट के पास एक विद्यालय के पास खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में अभिभावकों को शामिल करने की योजना फेल नजर आई।

जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि योगी सरकार 27000 शराब की दुकाने खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है, आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी, इसलिए आप प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह के आवाहन पर योगी सरकार के इस तुगलकी फरमान के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करने उतर आई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उन बच्चों को अनपढ़ रखना चाहती है, जो आर्थिक रूप से कमजोर तबकों से आते हैं, ताकि आगे चलकर वो सवाल न पूछ सकें, हक न मांग सकें और आजीवन केवल वोट बैंक बने रहें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए कहा कि ÷बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ मत कीजिए। स्कूल बंद करने का निर्णय तुरंत वापस लीजिए। आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और उत्तर प्रदेश के बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए तब तक संघर्ष करेगी, जब तक सरकार इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लेती। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी 2 अगस्त को लखनऊ के इको गार्डन में ऐतिहासिक स्कूल बचाओ आंदोलन करेगी। जिलाध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल.ने कहा कि पार्टी द्वारा जारी नंबर- 75 0004 0004 पर मिस्ड कॉल करके आप भी इस क्रांति का हिस्सा बनिए और इन बच्चों के स्कूल इन्हें वापस दिलाइए।

## भाटपार रानी में 29 जुलाई को लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**देवरिया।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा रोजगारिता में वृद्धि के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

यह मेला 29 जुलाई 2025, मंगलवार को प्रातः 10ः00 बजे से खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर, भाटपार रानी, देवरिया में आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी, जो साक्षात्कार के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का कैंपस चयन करेंगी। विभिन्न पदों हेतु शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

# देवरिया जिले के सफाई कर्मचारी अब ऑफिस और अधिकारियों के आवास पर नहीं राजस्व ग्राम सभा में रहेंगे तैनात

- जिले के सभी सफाई कर्मियों की संबद्धता समाप्त करने का जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने जारी किया पत्र
- जनपद में 18 वर्ष से चल रही थी मनमानी सुभासपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी की पहल और प्रयास के बाद संबद्धता समाप्त

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिले में वर्षों से चली आ रही सफाईकर्मियों की अनौपचारिक अटैचमेंट व्यवस्था पर आखिरकार पूर्णविराम लग गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी (ष्ठक्कक्रह्र) रतन कुमार ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए जिले के समस्त सफाईकर्मियों की अधिकारियों के आवासों और कार्यालयों में की गई संबद्धता (ड्यूटी अटैचमेंट) को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। अब सभी सफाईकर्मियों को उनके मूल पदस्थापन स्थान राजस्व ग्राम सभाओं में ही तैनात किया जाएगा।यह निर्णय जिले में व्याप्त वर्षों पुरानी शिकायतों और ग्रामीण क्षेत्रों की चरमराती सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बताया जा रहा है कि पिछले 18 वर्षों से बड़ी संख्या में सफाईकर्मी अधिकारियों के आवासों, सरकारी दफ्तरों या प्रभावशाली लोगों के निजी कार्यों में संलग्न थे, जिसके कारण गांवों में सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। इस गंभीर मुद्दे को लेकर सुभासपा (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने लगातार प्रशासन से शिकायतें की थीं और इस व्यवस्था को बदलने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे थे। अंततः उनके इन्हीं प्रयासों को सफलता मिली और जिला पंचायत राज अधिकारी ने संबद्धता समाप्त करने का स्पष्ट आदेश पत्र जारी कर दिया। जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सभी सफाईकर्मी अब राजस्व ग्राम सभाओं में ही अपनी सेवा देंगे।

उनकी उपस्थिति और कार्य की निगरानी संबंधित ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों द्वारा की जाएगी। आदेश में यह भी निर्देशित किया गया है कि यदि कोई कर्मचारी कार्य में लापरवाही करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीण जनता ने इस निर्णय का खुले दिल से स्वागत किया है और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की है।

# 28वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप प्रतियोगिता में बहराइच के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

- विधायक समेत दो खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड
- आजादी के बाद शूटिंग में गोल्ड व सिल्वर दो मेडल जीतने वाले पहले विधायक बने सुरेश्वर सिंह
- प्री स्टेट चौंपियनशिप प्रतियोगिता 50मीटर प्रोन .22 राइफल सीनियर मास्टर कैटेगरी में गोल्ड मेडल व सामान्य ग्रुप में सिल्वर मेडल जीतकर विधायक ने रचा इतिहास
- ट्रैप शूटिंग में अखंड प्रताप सिंह ने हासिल किया प्रदेश में दसवां स्थान
- अल्प समय में कोच नरेंद्र सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन में पहली बार 12 बोर ट्रैप शूटिंग में अखंड प्रताप सिंह ने हासिल की सफलता
- गगनदीप सिंह ने 50 मीटर प्रोन .22 राइफल स्पर्धा में प्रदेश में हासिल किया चौथा स्थान व सामान्य ग्रुप में संयुक्त रूप से सिल्वर मेडल
- मनमोहन सिंह उर्फ़ मोनू ने 50 मी प्रोन .22 राइफल स्पर्धा में दसवां स्थान प्राप्त करते हुए संयुक्त रूप से सामान्य ग्रुप में हासिल किया सिल्वर मेडल




**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** दिल्ली के डा.करनी सिंह शूटिंग रेंज में 23 जुलाई से 28जुलाई तक आयोजित 28 वीं प्री यूपी स्टेट शूंटिंग चौंपियनशिप प्रतियोगिता में बहराइच के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विधायक समेत जिले के 7 खिलाड़ियों ने प्री स्टेट क्वालीफाई कर एक नया इतिहास रचा है। जनपद बहराइच के महसी क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक श्री सुरेश्वर सिंह ने खेल जगत में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए आजादी के बाद शूटिंग में गोल्ड व सिल्वर दो मेडल जीतने वाले पहले विधायक बनने का गौरव हासिल किया है।उन्होंने दिल्ली में आयोजित 28वीं प्री-स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप में भाग लेते हुए 50मीटर प्रोन.22 राइफल सीनियर मास्टर कैटेगरी में गोल्ड मेडल व सामान्य ग्रुप में सिल्वर मेडल समेत दो मेडल एक साथ जीतकर विधायक सुरेश्वर सिंह ने कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री सिंह के ग्रुप में बहराइच के खिलाड़ी सरदार गगनदीप सिंह एवं मनमोहन सिंह शामिल थे।इसी तरह खिलाड़ी भूपेंद्र प्रताप सिंह को 50 मीटर राइफल में गोल्ड मेडल मिला , वहीं दूसरी ओर गगनदीप सिंह ने चौथा स्थान जबकि 12बोर ट्रैप शूटिंग में अखंड प्रताप सिंह ने प्रदेश में 10वां स्थान हासिल करते हुए क्वालीफाई किया है। वहीं बहराइच के भाजयुमो के जिला संयोजक अरूणेन्द्र प्रताप सिंह व गुनदीप सिंह ने भी प्रतियोगिता के लिए प्रीस्टेट क्वालीफाई कर लिया है।भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा अधिकृत कोच श्री अनिल कुमार पाल (अंतरास्ट्रीय निशानेबाज) के कुशल मार्गदर्शन में विधायक समेत 6 खिलाड़ी व अल्प समय में कोच नरेंद्र सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन में अखंड प्रताप सिंह ने 12 बोर ट्रैप शूटिंग में हासिल की गई उपलब्धि जनपद बहराइच के लिए गर्व का विषय बनी है।

**जनपदवासियों में हर्ष का माहौल**

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर न सिर्फ महसी क्षेत्र, बल्कि समस्त जनपदवासियों में खुशी का माहौल है। समाज के विभिन्न वर्गों की ओर से शुभकामनाएं व बधाइयाँ विधायक को प्राप्त हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों और खेल प्रेमियों का कहना है कि, खेल के क्षितिज पर विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में जनपद बहराइच एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। श्री सिंह का यह जज़्बा और समर्पण युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है, जो राजनीति, शिक्षा और खेल इन तीनों ही क्षेत्रों में सामंजस्य स्थापित करने का आदर्श उदाहरण है।

**विरासत में मिली राजनीति**

प्री स्टेट शूंटिंग चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले महसी विधायक सुरेश्वर सिंह करीब 4 दशकों से राजनीति में है। श्री सिंह महसी क्षेत्र से तीसरी बार विधायक है जबकि उनके पिताजी और माताजी भी विधानसभा में महसी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। श्री सिंह का राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने का अपना एक अलग अंदाज है। उत्तर प्रदेश में उनकी पहचान एक जमीनी राजनेता के रूप में होती है और उनके कार्य शैली की चर्चा हमेशा देश- विदेश में रही है पिछले साल राइफल वाले विधायक के नाम से मशहूर हुए श्री सिंह अब शूटिंग के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं।

# कमासिन में घटिया नाला निर्माण पर बवाल, ग्रामवासियों में उबाल

**अवधनामा संवाददाता**

- प्रधान-सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, समाजसेवी रत्नेश द्विवेदी ने की जांच की मांग

**बांदा।** जनपद के विकासखंड कमासिन के कस्बा कमासिन में नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। आरोप है कि राजकीय इंटर कॉलेज दादौ रोड कमासिन के सामने बन रहे इस नाले में मानक विहीन और घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में पीले रंग की नंबर तीन की ईंटों और नाममात्र की सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, जबकि निर्माण में प्रथम श्रेणी की सामग्री का प्रयोग होना चाहिए। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि ग्राम विकास अधिकारी राकेश धर्म मिश्रा की मिलीभगत से सभी विकास कार्यों में भारी घोटाला हो रहा है। शिकायत के बावजूद उच्च अधिकारियों द्वारा जांच की खानापूर्ति कर फर्जी रिपोर्टें शासन को भेजी जाती हैं, जिससे भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। समाजसेवी श्री रत्नेश द्विवेदी ने इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी को लिखित ज्ञापन देकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ऐसे भ्रष्ट ग्राम विकास अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक कस्बे का विकास एक सपना ही बना रहेगा। अब देखना यह होगा कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में निष्पक्ष जांच कराएंगे, या यह मामला भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा। जबकि एक ओर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार विकास की गंगा बहा रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ भ्रष्ट अधिकारी सरकार की मंशा पर पानी फेरने में लगे हैं।

## नारायण सेवा समिति ने मनाई हरियाली तीज त्यौहार

**टूंडला।** श्री नारायण सेवा समिति की अध्यक्षता में न्यू इन्दा नगर एटा रोड टूंडला पर हरियाली तीज के त्यौहार को समिति की महिलाओ ने वडे ही धूमधाम से मनाया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल जैसे म्यूजिक चेयर, पासिंग दा बॉल, केट वॉल्स स्पून लेमन एंड अन्य गेम का आयोजन हुआ।

समिति में सम्मिलित महिलाओं ने हरियाली तीज पर बिभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। तथा हरियाली तीज की एक दूसरे को बधाईयां दी। इस मौके पर सोनिया राधव, लवली गुप्ता, गुजेन शर्मा, प्रीती सिंह बाकरे रेखा, विन्दु, रीभा, वेवी, नीलम सिंह, गुडिया सिंह, पूजा शर्मा, पूजा, सुनीता, गीता शर्मा, गुड्डी मिथलेश, कंचन, मोना शर्मा, खुखू राधव, नीतू उपाध्याय, उपदेश सिंह, प्रिया चौहान, सुमन शर्मा रागिनी, शाश उपाध्याय एवं कम्पनी समिति की समस्त महिलाएं जो उपस्थित रही।

# संगठित गिरोह के 5 सदस्य पुलिस ने किए गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा शादी कराने के बदले मोटी रकम वसूलने वाले संगठित गिरोह के 05 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडा फोड़ किया, शादियाँ रचाकर पैसों की वसूली करता था गिरोह। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा थाना लाइनपार पर पंजीकृत मु0अ0सं0: 178/2025 धारा 316 (2) /351 (2) /308 (5) /3 (5) /112/317 (2) बीएनएस के नामित व प्रकाश में आये 05 अभियुक्तगण अजय प्रकाश सविता पुत्र जय प्रकाश सविता निवासी हिमायुपुर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद, शाहरुख पुत्र रिजवान निवासी अलीपुर अलीगंज के पास थाना सराय जनपद एटा, अमर सिंह राठौर पुत्र नाथूराम राठौर निवासी रसूलपुर थाने के पास थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद, रंजना उर्फ पूनम पुत्री सनोज साहनी निवासी सिकोरना नूर टोला थाना कदवा जिला कटिहार, बिहार, रानी पुत्री पप्पू राउत निवासी कोरीडिह थाना जसीडिह जिला देवगढ, झारखण्ड को नकटपुरा रेलवे अंडर पास बनी समाधी के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी-बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। अभियुक्तों के पास से करायी गयी शादी के बदले में वसूले गयों रूपयों में से 15000/- रूपये व 03 अदद मोबाइल फोन। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त शाहरुख पुत्र रिजवान निवासी अलीपुर थाना सराय जनपद एटा द्वारा बताया गया कि वह बिहार व झारखंड से लडकियाँ (दुल्हन) ले आने का कार्य करता है तथा फिरोजाबाद का अजय प्रकाश ग्राहक (लडका) मुहैया कराता है और अमर सिंह लडकियों को अपना रिस्तेदार बताकर रूकने की व्यवस्था करता है। रंजना व रानी दोनों दुल्हन बनकर शादी करती है तथा मौका मिलने पर जेवरात, रूपये पैसे आदि लेकर फरार हो जाती है।

इस गिरोह द्वारा बताया गया है कि इनके द्वारा अब तक चित्तोडगढ (राजस्थान , हरियाणा व उत्तर प्रदेश तथा अन्य प्रान्तों में इस तरह की घटना की जा चुकी है। उक्त लोग मिलकर एक संगठित गिरोह चलाकर जनता के भोले भाले लोगो की शादी कराकर शादी के बदले मोटी रकम वसूलते है एवं लोगो को ठगते हैं तथा इनके गिरोह की लडकिया अन्य प्रान्त बिहार व झारखंण्ड की होती है। जिनका एक मात्र उद्देश्य शादी करके लडका पक्ष से मोटी रकम वसूलकर आर्थिक लाभ कमाना होता है तथा शादी के बाद दुल्हन लडका पक्ष के घर से जेवरात व रूपये लेकर फरार हो जाती है।

# मयंक, प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 में सम्मानित

- न्यायालय कर्मचारी परिवार सहित सभी ने हृदय से दी बधाई

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज सभागार में जनपद बांदा के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक विद्यालय से टॉपर,मेघावी छात्रों का चयन करते हुए सभी को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया एवं उन्हें प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर के सम्मानित किया। इसी क्रम में सेंट जेवियर% स्कूल बांदा जिला टॉपर सेकंड मयंक शेखर जिन्होंने सीबीएसई 10ह्व बोर्ड की परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा0 के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया।

इस सम्मान को प्राप्त करने पर मायंक शेखर के पिता विनोद कुमार जो जिला जज बांदा के अर्दली हैं, रोआव आलम पूर्व महासचिव न्याय विभाग, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मुन्नीलाल वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र कुमार ,मनोज जैन प्रशासनिक हेड, शिवम आर्या प्रशासनिक क्लर्क सहित जिला न्यायालय के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने मयंक शेखर जो जिला जज बांदा के अर्दली विनोद कुमार जी के पुत्र हैं उनकी इस सफलता पर न्यायालय परिवार ने हृदय से बधाई दी।

## सीडीओ ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, मुख्यमंत्री डेशबोर्ड पर जिन विभागों का प्रदर्शन सबसे खराब है, वह विभाग उनमें सुधार करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी, खराब रैंकिंग वालों में ऊर्जा विभाग जो खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत का निस्तारण सही समय पर नहीं कर पा रहा है, उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी में जिले की रैंकिंग खराब है, उन्होंने निर्देशित किया है कि लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग, निपुण भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि अपनी प्रगति में सुधार लाये, जिससे जिले की रैंकिंग सही हो सके, बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# धर्म परिवर्तन कराने वालों के खाते में कहां से आया करोड़ों का धन

**अवधनामा संवाददाता**

- कई थाना क्षेत्र में चल रहा था सत्संग के बहाने धर्म परिवर्तन का खेल

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में कथित रूप से धर्म परिवर्तन करने वाले ईसाई समुदाय के खातों में आयी चार करोड़ की धनराशि कहां से आई है इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है वही चार आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को मामले की जानकारी दी है।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बताया कि , सिधौली में गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु निवासी पदमनाभन के खाते में तमिलनाडु की एक संस्था जीसस रेडीमेड ने 25 लाख रुपए भेजे थे जब पुलिस ने गहराई से जांच शुरू की तब पता चला कि जीसस रेडीमेड का खाता 4 करोड़ 60 लाख से 2017 में खोला गया था इसके बाद इस खाते में कितना लेनदेन किया गया यह जांच का विषय है। उन्होंने बताया कि संस्था ने शाहजहांपुर के अलावा अन्य जिलों में भी अपने समुदाय के लोगों को पैसा भेजा है इस मामले की जांच भी की जा रही है। जिले में थाना रामचंद्र मिशन में एक सिधौली में दो तथा निगोही में एक खुटार में दो मामले सामने आए हैं जिनमें 10 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। द्विवेदी ने बताया कि पुलिस ÷मनीट्रेन÷ के तहत जो भी आरोपी गिरफ्त में आए हैं उनके खातों की पूरी गंभीरता से जांच कर रही है उन्होंने कहा कि हमें अंदेशा है कि तमिलनाडु की संस्था के खाते में जो पैसा आया है वह कहीं विदेश से तो नहीं भेजा जा रहा है इस मामले में उन्होंने साइबर सेल के अलावा कई टीमें लगाई है और हम जल्दी इस मामले का खुलासा करेंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना खुटार के कुंभी गांव में भी ईसाई समुदाय के हरिश्चंद्र 50 तथा उनके बेटे शैलेश 25 को रविवार को प्रार्थना सभा करते समय हिरासत में लिया गया उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है पुलिस इस पूरे मामले में गहनता से दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

वही निगोही थाना अंतर्गत चैना रुबिया गांव में भी एक ईसाई समुदाय के हेमराज तथा ओमपाल को धर्म परिवर्तन करने के मामले में हिरासत में ले लिया गया है। द्विवेदी ने बताया कि हमें पैसे के लेनदेन के जो प्रमाण मिले हैं यह गंभीर मामला है इस पर हम गंभीरता से जांच कर रहे हैं तथा जल्दी ही हमारी टीम इस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

# डीएम ने पुस्तकालय एवं जन प्रतीक्षालय का उद्घाटन कराया

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित नवीन पुस्तकालय एवं जन प्रतीक्षालय का उद्घाटन कराया। यह उद्घाटन जनता दर्शन से जुड़े तीन विशिष्ट अतिथियों–कुसुमा देवी, उषा देवी एवं प्रेमपाल–द्वारा फीता काटकर संपन्न हुआ। इन तीनों नागरिकों के वर्षों पुराने मामलों का निस्तारण पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा कराया गया था, जिस कारण इन्हें इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कलेक्ट्रेट में आने वाले आमजन के लिए इस पुस्तकालय में विभिन्न पुस्तके पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे वे अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकें। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय कक्ष में विभिन्न विषयों की उपयोगी और ज्ञानवर्धक पुस्तकें रखी गई हैं, जिनका अध्ययन करके व्यक्ति न केवल स्वयं को बल्कि समाज को भी सशक्त बना सकता है। उन्होंने कलेक्ट्रेट आने वाले पुस्तकालय का अवश्य लाभ लें, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही परिवार और समाज के विकास में योगदान दे सकता है।

इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राशिद अली, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर।**

पत्रांक :- 557/ग्रा0अ0वि0/अन्0सहा0/निविदा पत्रा0/2025-26/ दिनांक : 21.07.2025

**-: मैनुअल निविदा की प्रेस सूचना :-**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-अम्बेडकरनगर के द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत कार्यों की ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए0बी0सी0 एवं डी0 श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारें से कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप मैनुअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिकुरिटि (इ.एम.डी.) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अथवा निविदा फीस जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | अधिशासी अभियंता, कार्यालय का पता। | अधीक्षण अभियंता कार्यालय का पता। | जिलाधिकारी कार्यालय का पता। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | अम्बेडकरनगर | ग्राम बड़ागांव इब्राहिमपुर यादव का पूरा सी0सी0 रोड़ से श्री मयाराम यादव के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 5.15 | 0.10 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 2 | अम्बेडकरनगर | ग्राम ऐनवा कुशलापुर नहर से नाऊ का पुरवा तक लेपन कार्य। | 7.75 | 0.15 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 3 | अम्बेडकरनगर | ग्राम पंचायत तकिया कानूनगो श्री अजय वर्मा के क्रेशर से चनहा-तिवारीपुर मुख्य सड़क तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 3.91 | 0.08 | 500.00+150.00+27.00=677.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 4 | अम्बेडकरनगर | ग्राम पंचायत दिलावलपुर में रमेश वर्मा के घर से झिर्री निषाद के घर तक खडण्जा कार्य। | 4.27 | 0.09 | 500.00+150.00+27.00=677.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 5 | अम्बेडकरनगर | ग्राम गोपीपुर पक्की सड़क श्री अम्बिका के घर से स्व0 बैजनाथ के घर तक लेपन कार्य। | 8.39 | 0.17 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 6 | अम्बेडकरनगर | ग्राम पांती अनिल प्रजापति के खेत से रामतीरथ के खेत तक मिट्टी एवं खडण्जा कार्य। | 6.58 | 0.13 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 7 | अम्बेडकरनगर | कटेहरी बाजार में मालती मार्डन स्कूल से श्यामलाल वर्मा के मुर्गी फार्म तक मिट्टी एवं खडण्जा कार्य। | 4.84 | 0.10 | 500.00+150.00+27.00=677.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 8 | अम्बेडकरनगर | ग्रामसभा बरौली बासूपुर बरियावन किछौछा मार्ग पर बरौली चौराहा से बासूपुर श्री स्वामी प्रसाद मौर्या के घर तक लेपन। | 7.43 | 0.15 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 9 | अम्बेडकरनगर | जलालपुर रामगढ़ मार्ग पर स्थित नेवादा हरीलाल प्रजापति के आरा मशीन से स्व0 झूलन सिंह के आई0टी0आई0 स्कूल होते हुए भटपुरवा तक लेपन। | 7.43 | 0.15 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 10 | अम्बेडकरनगर | ग्राम बीबीपुर भुसौली श्री अरूण कुमार के घर के पूरब पिच से लेपन। | 8.05 | 0.16 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 11 | अम्बेडकरनगर | ग्राम चांदपुर भटपुरा पंचायत भवन से श्री आदित्य पटेल के घर होते हुए श्री रामपियारे वर्मा के घर तक सीसी। | 8.12 | 0.16 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 12 | अम्बेडकरनगर | ग्राम कोटवा महमदपुर जेएसआर क्रिकेट एकेडमी तक खडण्जा कार्य। | 4.36 | 0.09 | 500.00+150.00+27.00=677.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 13 | अम्बेडकरनगर | ग्राम दरवेशपुर में श्री लालजी यादव के घर से श्री गंगाराम तिवारी के खेत तक सीसी। | 7.58 | 0.15 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 14 | अम्बेडकरनगर | ग्राम अरिया मौजा पहाड़पुर बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा की बाउण्ड्रीवाल। | 4.42 | 0.09 | 500.00+150.00+27.00=677.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 15 | अम्बेडकरनगर | धुसवा शंकरपुर मार्ग पर रायपुर गांव तक खडण्जा कार्य। | 6.51 | 0.13 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |
| 16 | अम्बेडकरनगर | ग्रामसभा जैनुद्दीनपुर कलीमुल्लाह खां के घर से श्री सउद के घर तक सीसी निर्माण कार्य। | 5.77 | 0.12 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह। | कार्यालय अधि.अभि., ग्रा.अ.वि. अम्बेडकर नगर। | कार्यालय अधी.अभि. ग्रा.अ.वि. अयोध्या। | कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर। |

2. निविदा सूचना में क्रमांक-01 से 16 पर अंकित कार्यों की कार्यालय में विड डाक्यूमेंण्ट की उपलब्धता/विक्रय की तिथि दिनांक 13.08.2025 से 27.08.2025 तक।
3. निविदा डाले जाने की तिथि समय व स्थान-दिनांक 28.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अम्बेडकरनगर।
4. निविदा खोलने की तिथि समय व स्थान- दिनांक 28.08.2025 को अपरान्ह् 3.00 बजे।
5. अधिक जानकारी के लिये कार्या लय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, अम्बेडकरनगर से सम्पर्क कर सकते है।

UPID-236310 Dated-24-07-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
अम्बेडकरनगर।

## मां गोमती की पीड़ा अब असहनीय : शालिनी कसौधन



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** मां गोमती स्वच्छता मिशन के तहत हर रविवार गोमती मित्र मंडल द्वारा आयोजित होने वाला साप्ताहिक श्रमदान रविवार 27 जुलाई को महिला मंडल की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी कसौधन के नेतृत्व में नारी शक्ति द्वारा संपन्न किया गया। उन्होंने कहा की आरती में आने वाली महिलाओं ने महसूस किया की श्रमदान में उन्हें भी शामिल हो कर हर घर जाकर माँ गोमती के लिये आंचल फैलाकर याचना करनी चाहिये। महिलाओं ने तट, कुंड व पूरे परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की तथा बैठक कर अगले श्रमदान की रूपरेखा तैयार की। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने उपस्थित गोमती मित्रों से भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन के नाम से जाने जाने वाले डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कलाम कहा करते थे की लक्ष्य ऐसा निर्धारित करो जो लोगों को असंभव लगे और आप उसे संभव कर दें और आज गोमती मित्रों से जनमानस यही उम्मीद करता है। श्रमदान में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, महिला मण्डल अध्यक्ष शालिनी कसौधन, मिथिलेश पांडे, पल्लवी पांडे, अन्नपूर्णा शर्मा, किरण उपाध्याय, राधा मौर्या, सपना शर्मा, अंजू श्रीवास्तव, देवकी जयसवाल, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, राकेश सिंह दद्दू, राजेश पाठक, मुन्ना सोनी, राकेश मिश्रा, सेनजीत कसौधन, अजीत शर्मा, दीपक मोदनवाल, जयनाथ, राजीव कसौधन, महेश प्रताप, सनी कसौधन, सुजीत कसौधन, रामु सोनी, राज मिश्रा, आनंद वत्स, अभय मिश्रा, अभय सोनी आदि उपस्थित रहे।

## धर्मेंद्र सिंह ने कांवड़ियो का किया स्वागत



**सुल्तानपुर,जयसिंहपुर।** नि0 जिला पंचायत सदस्य एवं एएमडी ग्रीन सिटी के चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह ने शनिवार को पीढ़ी चौराहे पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवभक्त कावड़ियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनकी सेवा किया। इस दौरान उन्हें ग्राम पीढ़ी मेहानिया , बेलगरा बघना, नगई पुर, उगई का पुरवा, बिरई का पुरवा, गडौली, धूधूं, दरसू का पुरवा, परसा परसडा, आस-पास के सभी ग्राम सभा से कांवड ले जा रहे शिवभक्तो का बिस्कुट, पानी और अंगरक्षक (गमछा) आदि वितरित करते हुए कहा कि सावन मास में कावड़ियों की सेवा करना साक्षात भगवान शिव की सेवा करना है। उन्होंने कावड़ियों के साथ पीढ़ी से अकोढी तक पदयात्रा भी की। उन्होंने आगे कहा कि इस सेवा से बढ़कर कोई और पुनीत कार्य नहीं हो सकता है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं0 | 1178–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 25.07.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | सीनियर डी०ई०एन०– VI/लखनऊ के अन्तर्गत बीघापुर एवं कुंडा हरनाम गंज स्टेशनों की कॉलोनियों में सहायक कार्य के साथ–साथ पुराने जीर्ण–शीर्ण स्टील ओ०एच० टैंक के स्थान पर दो आर०सी०सी० ओ०एच० टैंकों के प्रावधान का विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 19,55,457.40/– (उन्नीस लाख पचपन हजार चार सौ सत्तावन रूपये और चालीस पैसे) |
| 4. | बयाना राशि | रू० 39,200/– (उनतालिस हजार दो सौ रूपये) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह। |
| 6. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 18.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

नं. 1178–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता – उत्तर रेलवे – लखनऊ दिनांक– 25.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2292/25

**एच0सी0जे0 फार्म नं0-33 भाग-7**
**हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)**
**न्यायालय अपर कलेक्टर स्थान - याचिक**
**जिला बाराबंकी**

वाद संख्या सन् 200 ई0 वादी फारुकननिशा बनाम ग्रामसभा आदि आतिवादी को चूँकि उपरिनामांकित प्राथी को इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 200 ई0 के के दिवस को बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यकरूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रां सहित आज 200 ई0 के के दिवस को निकाली गई।

1. गांव सभा बनता
2. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलेक्टर
3. रिहाना पत्नी तस्दुक
4. शाहीन ना0 बा0 पुत्री तस्दुक
5. मो0 आलम ना0 बा0 पुत्र तस्दुक सं0 माता स्वयं
6. सलमान ना0 बा0 पुत्र तस्दुक सं0 माता स्वयं
7. अब्बास अली ना0 बा0 तज्जमुल सं0 माता स्वयं
8. मो0 रियाज उर्फ मुन्ने
9. श्रीमती मध्मदन पत्नी शाबान
10. श्रीमती नफीसा बानो पत्नी मो0 शकिर
11. इमरान पुत्र मो0 अबरार
12. गुफाररान पुत्र मो0 अबरार
13. इब्राहिम पुत्र मो0 अबरार
14. श्री मती जमीला पत्नी मो0 अबरार
15. सादिया पत्नी मुन्ना
16. साजियाबानो पत्नी ताज मोहम्मद
17. नुसरीन बानो पत्नी मो0 आरिफद
18. आफरीन बानो पत्नी मो0 आरिफद
19. रकीब मो0. अबरार
20. श्रीमती पूनम गुप्ता पत्नी मनोज गुप्ता
21. अबरार हुसैन पुत्र मुस्तफा
22. मो0 एहरार पुत्र मो0 मुस्तफा

न्यायालय
अपर जिलाधिकार
बाराबंकी

# सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**प्रमुख मंदिरों में दिनभर चला जलाभिषेक, पुलिस और प्रशासन मुस्तैद**

हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जिले भर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। संगमेश्वर मंदिर, पातालेश्वर मंदिर सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। सुबह से ही श्रद्धालु गंगाजल और दूध से शिवलिंग का अभिषेक करने के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। सावन सोमवार के विशेष अवसर पर भक्तों में गहरी आस्था देखने को मिली। लोगों की मान्यता है कि सावन मास में भोलेनाथ का पूजन एवं जलाभिषेक विशेष फलदायी होता है।

**प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम-** भीड़ को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई थी। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने सभी मंदिर परिसरों और मार्गों की सफाई व्यवस्था संभाली। मंदिरों में विशेष रोशनी, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर वाहनों को मंदिरों से दूर रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गई थी, ताकि भीड़ में अव्यवस्था न हो।

**भक्तों में दिखा विशेष उत्साह-** श्रद्धालु प्रातः काल स्नान कर, श्रद्धा और भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर मंदिरों में पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। जगह-जगह भजन-कीर्तन और शिव नाम संकीर्तन की गूंज सुनाई देती रही। महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे सभी ने पारंपरिक परिधान में पूजा-पाठ कर सावन के पुण्य लाभ को अर्जित किया।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा (हमीरपुर)।** सोमवार सुबह मौदहा कस्बे के अमृत सरोवर (मीरा तालाब) में एक 19 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गजेंद्र उर्फ बउवा पुत्र शिवनारायण उर्फ बच्चू गिरि, निवासी तिंदवारी, जनपद बांदा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक सुबह करीब 5:30 बजे मौदहा में अपनी नानी रामबाई के घर से दौड़ते हुए तालाब पहुंचा और अचानक पानी में छलांग लगा दी। तालाब किनारे बैठे लोग जब तक कुछ समझ पाते, वह गहरे पानी में डूब चुका था। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद युवक को बाहर निकाला और तत्काल सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार शिखर मिश्रा, नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, लेखपाल अवनीश कुमार और कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार मृतक युवक लंबे समय से मानसिक रोग से ग्रसित था और इलाज के लिए मौदहा अपनी ननिहाल आया हुआ था। वह दो भाई, दो बहनों में दूसरे नंबर पर था और अविवाहित था। फिलहाल घटना से ननिहाल पक्ष में कोहराम मचा हुआ है।

# हमीरपुर के कलाकारों को मिला मंच




**स्कूटी सहित दस लाख की सम्पत्ति खाक**

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में सार्थक प्रयास करते हुए सार्थक सांस्कृतिक सोसाइटी और सार्थक एंटरटेनमेंट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को साई कृपा गेस्ट हाउस में ऑडिशन का आयोजन किया गया। यह ऑडिशन संस्था द्वारा निर्मित की जा रही आगामी शॉर्ट फिल्मों 'अधिकार', 'साइबर क्राइम', 'बीड़ी पिला दे देते साहब' और हिंदी फीचर फिल्म 'गुमनाम है कोई' के लिए आयोजित किया गया था। ऑडिशन में हमीरपुर, मौदहा और महोबा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कलाकारों ने भाग लिया। चयनित प्रतिभागियों को इन फिल्मों में अभिनय का मौका मिलेगा, जिनकी शूटिंग आने वाले दिनों में हमीरपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों में की जाएगी। संस्था के अध्यक्ष एवं फिल्म निर्माता-निर्देशक एस. के. प्रसाद ने बताया कि ये सभी शॉर्ट फिल्में आगामी 17 अगस्त 2025 को हमीरपुर फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की जाएंगी। वहीं, ऑडिशन में शामिल अन्य प्रतिभाशाली कलाकारों को भी फेस्टिवल में अपनी कला का प्रदर्शन करने और सम्मान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। एस. के. प्रसाद ने आगे बताया कि संस्था बुंदेलखंड की पृष्ठभूमि पर आधारित एक वेब सीरीज के निर्माण की भी योजना बना रही है, जिसमें बुंदेलखंड के विभिन्न जिलों से कलाकारों को ऑडिशन के माध्यम से चयनित किया जाएगा। इस सफल आयोजन में शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी आलोक कुमार गुप्ता एवं आकाश खटिक का सहयोग एवं संरक्षण विशेष रूप से सराहनीय रहा। मौके पर कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के अध्यक्ष ज़िरगाम सिद्दीकी, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर अशोक निषाद, शील रतन गौतम, मलय सोनकर सहित कई जानी-मानी शख्सियतें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय, अनुज श्रीवास्तव और संतराम यादव का विशेष योगदान रहा।

# समाधान दिवस में सुनी गई नगरवासियों की समस्याएं

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** नगर निकायों में सोमवार को समाधान दिवस में नगरवासियों की समस्याएं सुनी गई। नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष रूबी प्रसाद व अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान नगर के वार्ड नंबर 20 से आए फरियादी किशोरी सिंह, एलटी बाबू आदि ने क्षतिग्रस्त सड़क से उत्पन्न जनसमस्या को लेकर अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि जनसुनवाई दिवस के अवसर पर प्राप्त सभी शिकायती पत्रों को एक जगह सुरक्षित रखा जाएगा। बाद आगामी बोर्ड की में प्राप्त शिकायती पत्रों से संबंधित कार्यों के प्रस्ताव को पास कराकर विकास कार्य कराया जाएगा। वही, ईओ मुकेश कुमार ने बताया कि नगर निकायों में प्राप्त समाधान दिवस में कुल 30 शिकायती पत्र प्राप्त हुए है, जिसमें नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 6, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 5, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 3. नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2 प्राप्त सभी शिकायती पत्रों में से कुछ का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। इस मौके पर सभासद अनवर अली, जेई राज सोनकर, अजीत सिंह, विमलेश कुमार, संत सोनी, सुजीत, अमित दुबे आदि मौजूद रहे।

# डीपीएस ने ताईक्वांडो चैंपियनशिप में जीते 4 गोल्ड सहित 10 मेडल

**डीपीएस के 7 खिलाड़ियों का नेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप में हुआ चयन**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के चैंपियंस ने सीबीएसई ईस्ट जोन ताईक्वांडो चैंपियनशिप (2025) प्रतियोगिता में अपनी जबरदस्त खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कुल 10 मेडल विद्यालय के नाम कर लिए जिनमे 4 गोल्ड, 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। जौनपुर के नानक स्कूल में सम्पन्न हुई इस जोनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप में प्रतिभाग करते हुए बच्चों ने यह शानदार उपलब्धि अपनी ताईक्वांडो कोच आराधना तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में हासिल की है। इस जोनल प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों यूपी, बिहार, झारखंड से लगभग 1600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। अब इनमे से ही डीपीएस के 7 छात्र छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर आगामी सितंबर माह में माउंट लिट्रा जी स्कूल (एमनीव विजन स्कूल)साई सिटी इटावा में दिल्ली पब्लिक स्कूल का नेतृत्व करेंगे। प्रतियोगिता के क्रम में बालिका वर्ग में अंडर 14 आयु वर्ग एवम 16 किलो भार वर्ग में आध्या कुशवाहा ने गोल्ड मेडल जीता, अंडर 18 किलो भार वर्ग में अंशिका यादव ने गोल्ड मेडल जीता इसी क्रम में रुद्राक्षी कुशवाहा ने भी 24 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल पर ही निशाना लगाया। बालिका वर्ग में ही 26 किलो भार वर्ग में प्रियांशी वर्मा ने सिल्वर मेडल जीता, 29 किलो भार वर्ग में श्रेयांशी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। अंडर 17 केटेगरी में 49 किलो भार वर्ग में अंशिका गुप्ता ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। अंडर 19 केटेगरी में 46 किलो भार वर्ग में गरिमा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता तो वहीं अंडर 17 बालक वर्ग में 35 किलो भार वर्ग में अरुनव कुमार ने भी गोल्ड मेडल पर निशाना साधा। अगले क्रम में अंडर 14 बालक वर्ग एवं 25 किलो भार वर्ग में नमन ने सिल्वर मेडल जीता, अंडर 27 किलो भार वर्ग में आदित्य ने भी सिल्वर मेडल जीत लिया। सभी विजेता खिलाड़ियों का माल्यार्पण के साथ मिठाई खिलाकर विद्यालय में स्वागत किया गया।

प्रिंसिपल भावना सिंह ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को आगामी होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव ने ताईक्वांडो प्रतियोगिता में सफल हुए सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यस्थता केन्द्र की पहल पर दो मामलों में सुलह



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के मध्यस्थता केन्द्र में मध्यस्थता अभियान के तहत दो मामलों में सुलह कराई गई, जिससे पक्षकारों के बीच लंबित विवाद शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया। पहला मामला वाद संख्या 1630/2021 से संबंधित था, जिसमें रागिनी पुत्री रामसनेही निवासी रमेड़ी और श्यामबाबू पुत्र गयाबाबू निवासी मौदहा के बीच दाम्पत्य विवाद चल रहा था। नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता राजनारायण निगम द्वारा दोनों पक्षों से वार्ता कर सुलह कराई गई, जिसके पश्चात दंपत्ति ने साथ रहने की सहमति व्यक्त की। दूसरा मामला नूर आलम पुत्र जब्बार अली निवासी कुरारा और संजीव कुमार पुत्र जयशंकर निवासी फतेहपुर के मध्य चेक बाउंस विवाद से संबंधित था। इस प्रकरण में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता राजेन्द्रवीर सिंह चौहान द्वारा वार्ता कर समझौता कराया गया। दोनों मामलों में हुई सफल सुलह पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संतोष व्यक्त करते हुए इसे मध्यस्थता प्रक्रिया की सफलता बताया और दोनों अधिवक्ताओं के कार्य की सराहना की। इस पहल से यह संदेश गया कि आपसी संवाद और समझ से विवादों का समाधान संभव है।

### एनसीएल गृहिणियों को सिखा रही प्राथमिक उपचार के गुर



**सोनभद्र/सिंगरौली, अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को एनसीएल मुख्यालय द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।अधिकारी क्लब, सिंगरौली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली की टीम ने उपस्थित गृहणियों को सीपीआर (हृदय पुनर्जीवन), सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा, सांप के काटने पर उपचार, जलने और चोटों का उपचार, रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर 47 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। एनसीएल द्वारा अभी तक 118 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 3897 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस दौरान सीएमएस, केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली, डॉ. मंजरी मेहता एवं टीम उपस्थित रहे। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चरणबद्ध तरीके से आयोजन किया जा रहा है। ग़ौरतलब है कि, एनसीएल द्वारा विगत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी थी।

# पदाधिकारियों के साथ हर्ष और उल्लास के साथ हरियाली तीज का पर्व मनाया



**जाइंट्स ग्रुप ऑफ नव वनिता एवं नवोदिता फेडरेशन पाँच यूनिट एक इटावा**

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जाइंट्स ग्रुप ऑफ नव वनिता एवं नवोदिता फेडरेशन पाँच यूनिट एक इटावा ने चाणक्य होटल में बड़े ही धूमधाम से अपने पदाधिकारियों के साथ बड़े हर्ष और उल्लास के साथ हरियाली तीज का पर्व मनाया। इस अवसर पर नमिता तिवारी व ऊषा यादव ने कहा कि यह त्यौहार क्यों मनाया जाता है इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। सभी जाइंट्स सखियां ने मनमोहक ड्रेस में उपस्थित रही। जाइंट्स प्रार्थना के साथ प्रोग्राम शुरू हुआ। सभी पदाधिकारियों का सम्मान पटका पहनाकर तथा फूल देकर किया गया। इस अवसर पर स्पेशल कमेटी मेंबर ऊषा यादव, यूनिट वन की यूनिट डायरेक्टर नीतू पुरवार, सोनिका, नीतू, नमिता तिवारी, साधना शर्मा, कृष्णा अवस्थी, आशा अवस्थी, सुमन तिवारी, पारोमिता विश्वास, ट्विंकल विश्वास, अर्चना सिंह, अनुपम यादव, नीतू यादव, पूजा यादव, अनीता यादव, संगीता राज, पूजा प्रगति यादव, स्नेह यादव, कल्पना अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, मंजरी टंडन, प्रीति टंडन, ममता भदोरिया, शगुन, प्रीति शर्मा, नेहा गुप्ता, मोहिनी मिश्रा, सरिता कुशवाहा, काजल, सिद्धि यादव, शालू इत्यादि दोनों ग्रुप्स की सदस्याएं उपस्थित रही। ट्विंकल विश्वास और साधना शर्मा की एंकरिंग ने सभी का मन मोह लिया। सभी ने नृत्य के साथ-साथ भजन और मल्हार गानों की प्रस्तुति भी की। मेहंदी प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता तथा सबसे अच्छी वेशभूषा किसकी है प्रतियोगिता सम्मिलित थी। अपने-अपने क्षेत्र में सभी ने अच्छे-अच्छे पुरुस्कार प्राप्त किये और हंसते गाते नाचते हुए टाइम कब बीत गया पता ही नहीं चला, इसके बाद सभी ने डिनर किया। अंत में सभी को गिफ्ट भी दिये गए।

# सदर विधायक संग अधिकारियों ने किया पौध रोपण



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने हाथीनाला स्थिति हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कदम, पीपल, बरगद, नीम के पौधों का रोपण किया। इस दौरान सम्मानित जनप्रतिनिधि, संतजन व जनमानस उपस्थित रहें। इस दौरान लोगों ने हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित भण्डारे में प्रसाद भी ग्रहण किए। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, मंदिर पुजारी आदि मौजूद रहे।

# डेरी टेक्नोलॉजी के अधिकांश छात्रों का हुआ प्लेसमेंट



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित डेरी टेक्नोलॉजी संकाय के अंतिम वर्ष 2024-25 में पंजीकृत 22 छात्रों में से 16 छात्र विभिन्न कंपनियों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पा चुके है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रदेश में प्रथम स्थान पाने का गौरव प्राप्त कर लिया है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एन के शर्मा कार्यरत टीचिंग एशोसिएट पवन कुमार यादव एवं डॉ. समरजीत सिंह के संयुक्त प्रयास से अमित कुमार का इन्फोसिस, राजन मौर्या का सरस डेयरी, प्रवीण कुमार शर्मा का पारस डेयरी, संदीप और अखिलेश कुमार का बाबा डेयरी, हरीश पाण्डेय, अजयवीर और प्रसन्नजीत का भगीरथ डेयरी, अभिषेक दुबे का नर्मदा डेयरी, अभिषेक दीक्षित और अभी सिंह का वर्का डेयरी, नम्रता सिंह का पनजेर टेक्नोलॉजी में प्लेसमेंट करने में सफलता प्राप्त हुई है। वहीं उच्च शिक्षा हेतु बी एच यू में साक्षी सिंह, लालजीला नमन और आशुतोष शर्मा का चयन हुआ है। बचे हुए छात्रों के प्लेसमेंट की प्रक्रिया चल रही है। इन सभी को कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह और अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# छात्र परिषद का गठन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रेणुकूट द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, रेणुकूट में सत्र 2025-26 के छात्र परिषद का गठन विद्यालय की प्राचार्या स्मिता शाही के कुशल निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक अजय सिन्हा का स्वागत विद्यालय की प्राचार्या द्वारा पुष्प-गुच्छ देकर किया गया। तदुपरांत आदित्य वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने सर्वप्रथम स्कूल कैप्टन यशोवर्धन हरलालका को बैज लगाकर क्रमशः छात्र प्रतिनिधि आरूष अनंत छात्रा प्रतिनिधि स्मृति लोढ़ा व छात्र परिषद के अन्य सदस्यों को भी बैज लगाकर उनके पद की गरिमा से अवगत कराया। क्रमशः छात्र परिषद के अध्यक्ष यशोवर्धन, छात्र प्रतिनिधि आरूष अनंत छात्रा प्रतिनिधि स्मृति लोढ़ा सहित अन्य छात्र परिषद के सदस्यों ने ईमानदारी, लगन व कर्तव्य परायणता के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली। कार्यक्रम की इस कड़ी में मुख्य अतिथि महोदय ने छात्र परिषद के नव निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में ही नहीं, अपितु आप सभी हमेशा एक साथ मिलकर अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा के साथ करेंगे। इस प्रकार विद्यालय परिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण का समापन राष्ट्र-गान के साथ हुआ। उक्त कार्यक्रम में हिण्डाल्को के जनसंपर्क एवं प्रशासनिक विभाग के प्रमुख श्री यशवंत कुमार, मेजर (सेनि.) ऋषभ महात्मे, शिक्षकगण, विद्यार्थी व विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के प्रचार प्रसार हेतु कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा देश में रोजगार सृजन, वित्तीय साक्षरता बढ़ाने, सामाजिक सुरक्षा को सशक्त करने तथा युवाओं को रोजगार हेतु सक्षम बनाने के उदेश्य से घोषित किए गए ÷प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना÷ के प्रति नियोक्ताओ तथा सामान्य जन-मानस में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, वाराणसी द्वारा पहल कर एक संगोष्ठी का आयोजन एनटीपीसी सिंगरौली, शक्ति नगर में किया गया जिसकी अध्यक्षता नीरज श्रीवास्तव, भविष्य निधि आयुक्त-। /प्रभारी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, वाराणसी ने की। पीएम विकसित भारत रोजगार योजना, जो श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है, पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों और नियोक्ताओं दोनों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है ताकि औपचारिक रोजगार को बढ़ावा दिया जा सके। पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारी जो ईपीएफओ -रजिस्टर्ड संस्थानों में 1 लाख तक की सकल वेतन पर काम करते हैं, वे 1,15,000 तक का प्रोत्साहन पाने के पात्र हैं, जो दो किस्तों में दिया जाएगा–पहली किस्त में 6 महीने की नौकरी के बाद 27,500 और शेष राशि 12 महीने पूरे होने और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद दी जाएगी। लाभ पाने के लिए कर्मचारियों को अपना यूएएन आधार के माध्यम से प्रमाणित करना होगा और उमंग ऐप का उपयोग करके फेस ऑथेंटिकेशन कराना होगा। सभी क्षेत्रों के नियोक्ता जो नई नौकरियां पैदा करते हैं, वे प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए प्रति माह 23,000 तक का प्रोत्साहन प्राप्त कर सकते हैं, जो विनिर्माण क्षेत्र में 4 वर्षो तक और अन्य क्षेत्रों में 2 वर्षो तक दिया जाएगा। सभी भुगतान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से आधार ब्रिज पेमेंट सिस्टम (एबीपीएस) के जरिए किए जाते हैं।

बैठक में भविष्य निधि संगठन से आए दल नें ÷प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना÷ की विशेषताओ का विस्तृत उल्लेख कर प्रतिभागियों के योजना से जुड़े जिज्ञासा/प्रश्नों का उत्तर दिया। इस संगोष्ठी में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि औपचारिक कार्यबल में अधिक युवाओं के समावेश तथा निरंतर रोजगार के माध्यम से श्रमिको में बेहतर रोजगार क्षमता विकसित करने एवं नियोक्ताओ द्वारा अतिरिक्त रोजगार सृजन में लागत की भरपाई तथा बढ़ी हुई कार्यबल उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा घोषित किए गए इस योजना का वह भरपूर लाभ लें और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

## अटेवा 1 अगस्त को बाइक रैली का करेगा आयोजन

**इटावा।** ऑल टीचर्स इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एन ए एम ओ एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के आव्हान पर देश के समस्त जिला मुख्यालयों पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु एक अगस्त को रोष मार्च का आयोजन किया जाना है उसी क्रम में जिला कार्यकारणी एवं सहयोगी शिक्षक कर्मचारियों की महत्वपूर्ण बैठक डाक बंगले में आहूत की गई जिसमें समस्त शिक्षक व कर्मचारी संगठनों ने एक सुर में स्कूल मर्जर के आदेश पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। बिजली विभाग के निजीकरण का मुद्दा भी रखा गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया जायेगा। सभी को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में के के यादव रामविलास यादव शिवराम सिंह रामकुमार शाक्य रणविजय यादव धर्मेंद्र यादव सोबरन सिंह संजीव यादव विपिन धनगर राधेश्याम आलोक चौहान भीम सिंह हिमांशु यादव गुलशन ऋषि यादव सुखराम आदिवंशी शिवशंकर यादव सुदीप कमल, धर्मेंद्र कुमार लक्ष्मीकांत अटेवा के जिला अध्यक्ष अजय यादव पर्यवेक्षक राजेश जादौन महामंत्री डॉ लवकुश जाटवानी कोषाध्यक्ष रईश अहमद तपन यादव अतुल यादव अरुण पांडेय अभिजीत चौधरी मधुर श्रीवास्तव विनोद राजपूत इमरान राघवेंद्र अतुल यादव सहित आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।


# कर्बला में जो इम्तिहान हुसैन ने दिया, किसी ने नही दिया: सैफ



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** स्थानीय घटिया अज़मत अली इमाम बारगाह में मोहमद अहमद और साबितगंज में स्व.मुहाफ़िज़ हुसैन के मकान पर शाबिल हुसैन सैफू की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया।

घटिया अज़मत अली इमाम बारगाह में मजलिस में तक़रीर करते हुए बदायूं से आये मौलाना सैफ अली जैदी ने कहा अल्लाह ने कायनात से पहले अपने नूर से रसूल को खलक किया, अल्लाह ने सबसे पहले जमीन काबा बनाई फिर हवा, पानी, सूरज, चांद, तारे बनाये। काबे शरीफ की जिस मिट्टी से अल्लाह ने आदम को बनाया उसी मिट्टी पर अली पैदा हुए। रसूल फरमाते हैं हम और अली एक नूर के दो टुकड़े हैं। मगर अली ने कभी नही कहा हम रसूल जैसे है अली ने खुद को रसूल का गुलाम समझा इसी तरह कर्बला में मौला अब्बास ने कभी नही कहा कि हम अली के बेटे हैं यही कहा हम हुसैन के गुलाम हैं। साबितगंज में स्व.मुहाफ़िज़ हुसैन के घर पर शाबिल हुसैन सैफू की ओर से आयोजित मजलिस में मौलाना अबूज़र अब्बास खान इमामे जुमा शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ने तक़रीर की। मजलिस में तसलीम रज़ा, सफीर हैदर, तहसीन रज़ा, ज़हूर नक़वी ने सोजख्वानी एवं कैफ़ी जैदी बदायूं और तनवीर हसन ने नोहखवानी की। मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी, अल्हाज कमर अब्बास नकवी करबलाई, हाजी अरशद मरहूम, राहत अक़ील, टीएच रिज़वी, हसन मेंहदी, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, शारिक सगीर शानू सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।






'अवधनामा' के स्थापना दिवस की
सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनायें



गीता पासी
सपा नेता
विधायक सोरांव विधानसभा, प्रयागराज

शिखर ग्रुप

'अवधनामा' के स्थापना दिवस की
सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनायें



अतुल द्विवेदी
समाजसेवी- डायरेक्टर शिखर ग्रुप
पूर्व प्रत्याशी, चायल विधानसभा, कौशाम्बी




'अवधनामा' के स्थापना दिवस की
सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनायें



एस के मिश्रा
समाजसेवी
निदेशक, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल नैनी, प्रयागराज

'अवधनामा' के स्थापना दिवस की
सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनायें



प्रशांत सिंह 'राहुल'
समाजसेवी, पूर्व विधायक
हंडिया विधानसभा प्रयागराज